सेंसेक्स 73,635.48 ▲ +639.16
डॉलर 83.375 ▲ +0.005

तापमान (डिग्री सेल्सियस)
आज का अनुमान

	अधिकतम	न्यूनतम	(न्यूनतम)
रांची	34.0	22.0	33.0
धनबाद	37.0	24.0	34.0
जमशेदपुर	41.0	25.0	39.0
पलामू	35.0	23.0	35.0

ईश्वर में हमारा विश्वास

राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

रांची, चैत्र कृष्ण पक्ष 05, विक्रम संवत 2080 | रांची, शनिवार, 30 मार्च 2024, वर्ष-25, अंक-58, पृष्ठ-12, मूल्य ₹3.00, रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

संपादकीय | केजरीवाल चले थे देश की राजनीति ... 08 | रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | मोदी ने बिल गैट्स को दिए अच्छी जीवन ...12 | देश-विदेश

रांची सर्राफा

सोना (10 ग्राम) 63,300

चांदी (1 किलो) 80,500

व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों की प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर है, जिसमें आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में इस नंबर **82925 53444** पर भेज सकते हैं। आपत्तिजनक सामग्री भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर **8292373444** संपर्क करें।

भावी मुख्यमंत्री का बोर्ड लगा कर थार में चलते हैं जूनियर इंजीनियर साहब

नवीन मेल संवाददाता

भवनाथपुर। चमचमाती काले रंग की थार जीप में गढ़वा जिले के भवनाथपुर प्रखंड कार्यालय में पिछले एक सप्ताह से एक साहब रोजाना आ रहे हैं, साहब और उनकी थार जीप लोगों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है। प्रखंड के कर्मी हो या आम जनता सभी उनकी थार जीप को देखने के लिए उमड़ पड़ते हैं। सबसे दिलचस्प बात यह है कि उस थार जीप के आगे नंबर प्लेट पर जो लिखा है, उस पर लोग सबसे अधिक चर्चा कर रहे हैं। थार जीप के आगे असैनिक अभियंता सह भावी मुख्यमंत्री, झारखंड सरकार, रांची का बोर्ड लगा है। थार का नंबर है जेएच 01 एफएल 4444, वाहन के दोनों तरफ तिरंगा झंडा और फूलों की माला लटकती रहती है, एक नजर में तो इसे सभी किसी नेता या विधायक का वाहन समझते हैं। लेकिन पता करने पर जानकारी मिली यह किसी नेता या विधायक की गाड़ी नहीं है, बल्कि एक कनीय अभियंता की थार जीप है। जिनकी पदस्थापना हाल ही में भवनाथपुर प्रखंड में हुआ है। इस साहब का नाम राजू प्रजापति है और खरौंधी प्रखंड के चांदनी के रहने वाले हैं। जो 15 वें वित्त आयोग के कनीय अभियंता पद पर बहाल हुए हैं। इस संबंध में कनीय अभियंता से पूछे जाने पर उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया।

कनीय अभियंता पर होगी कार्रवाई

कनीय अभियंता के इस हरकत पर डीसी और बीडीओ दोनों ने कानूनी कार्रवाई करने की बात कही है। प्रखंड विकास पदाधिकारी नंदजी राम ने बताया कि अगर निगम का उल्लंघन किया गया है तो उस पर कार्रवाई की जाएगी। इस सम्बंध में उपायुक्त शेखर जमुवार ने कहा की विधि संगत कार्रवाई कनीय अभियंता पर की जायेगी।

हाईकोर्ट के निर्देश का सीधा उल्लंघन

हाईकोर्ट ने राज्य परिवहन को जो निर्देश दिया है उसके अनुसार किसी भी वाहन पर कोर्ट, आर्मी, पुलिस, प्रेस, सरकार, प्रशासन व मंत्रालय आदि शब्द नहीं लिखा जा सकता है। इसका उल्लंघन करने पर दोषी वाहन मालिक और चालक के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जायेगी। आदेश की अवहेलना पर मोटर यान अधिनियम, 1988 की धारा 179(1) के प्रावधानों के तहत दंडनीय होगा।

प्राथमिकी दर्ज, वाहन जब्त

भवनाथपुर निवासी राजू कुमार प्रजापति, जो कि भवनाथपुर प्रखंड कार्यालय में अनुबंध पर कनीय अभियंता के रूप में कार्यरत हैं। उनके द्वारा अपने चार पहिया वाहन थार में अवैध तरीके से भावी मुख्यमंत्री, झारखंड सरकार के नाम का साइन बोर्ड लगाये जाने से संबंधित प्राप्त सूचना प्राप्त हुई। इसका सत्यापन बीडीओ भवनाथपुर नंदजी राम ने किया। इसके बाद बीडीओ द्वारा भवनाथपुर थाना में स्वयं के लिखित आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। मामले में वाहन को जब्त करते हुए अग्रत्तर कार्रवाई की जा रही है।

आज के मैच

समय : 30 मार्च, 7:30 बजे से
स्थान : लखनऊ



एक नजर

पलामू के हर्ष को गेट में मिला 62वां रैंक

पलामू। देश स्तरीय प्रतियोगिता परीक्षा में पलामू के युवा सफलता अर्जित कर रहे हैं। गेट के एग्जाम में मेदिनीनगर शहर के नई मुहल्ला के रहने वाले स्व. सजन कुमार के पुत्र हर्ष कुमार को ऑल इंडिया रैंकिंग में 62वां स्थान प्राप्त हुआ है। हर्ष ने 12वीं तक की पढ़ाई एमके डीएवी स्कूल से पूरी की थी। इसके बाद बीटेक हरिद्वार के गुरुकुल कांगड़ी विवि से किया। हर्ष की सफलता की खास बात रही कि उसने कॉलेज की पढ़ाई करते हुए गेट के एग्जाम को अच्छे रैंक के साथ पास किया है। हर्ष ने बताया कि उसने गेट परीक्षा की तैयारी ऑनलाइन मेटेरियल से की।

आजकल

गिरिडीह संसदीय सीट से चंद्रप्रकाश चौधरी मैदान में

उन्होंने कहा कि झारखंड में एनडीए सभी 14 सीटों पर जीत दर्ज करने के लक्ष्य को हासिल करेगा

नवीन मेल संवाददाता। रांची

झारखंड की गिरिडीह संसदीय सीट से एनडीए ने एक बार फिर आजसू पार्टी के चंद्रप्रकाश चौधरी को मैदान में उतारा है। आजसू संसदीय बोर्ड की बैठक में शुक्रवार को विचार-विमर्श के बाद उनके नाम का ऐलान किया गया। भाजपा ने गुरुवार को ही आधिकारिक तौर पर यह घोषणा कर दी थी कि झारखंड में वह 13 और उसकी सहयोगी पार्टी आजसू एक सीट पर चुनाव लड़ेगी।

इससे पहले 2019 के चुनाव में चंद्रप्रकाश चौधरी ने गिरिडीह में चुनाव जीता था। संसदीय बोर्ड की बैठक के बाद आजसू के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो ने कहा कि चंद्र प्रकाश चौधरी ने जनता की सेवा के साथ गिरिडीह संसदीय क्षेत्र का विकास किया है। विकास का एजेंडा लेकर हम फिर जनता के बीच जाएंगे और निःसंदेह जनता फिर एक बार हमें मौका देगी। उन्होंने कहा कि झारखंड में एनडीए सभी 14 सीटों पर जीत दर्ज करने के लक्ष्य को हासिल करेगा। एनडीए गठबंधन का उद्देश्य राष्ट्र एवं राज्य के व्यापक हित में काम करना है। गुरुवार को भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी और राज्यसभा के सांसद दीपक प्रकाश ने आजसू पार्टी के अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो के साथ चुनावी रणनीति पर चर्चा की थी।

खरगे से मिले रामटहल, रांची सीट पर दांव-पेंच

कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण करने के बाद रांची के पूर्व सांसद रामटहल चौधरी ने शुक्रवार को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे से नई दिल्ली में मुलाकात की। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने कहा कि प्रदेश कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर, प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय और कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की के साथ रामटहल चौधरी ने राष्ट्रीय अध्यक्ष से मुलाकात की। इस अवसर पर खड़गे ने चौधरी को लोकसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस की गारंटियों और कांग्रेस के जरिये उठाई जा रही जातिगत जनगणना के बारे में आम जनता को जागरूक करने के लिए व्यापक अभियान चलाने को कहा। साथ ही खरगे ने उपस्थित आला नेताओं को लोकसभा चुनाव में कांग्रेस और आईएनडीआईए के उम्मीदवारों के पक्ष में ठोस रणनीति के तहत कार्य करने को कहा।

पुराने चेहरों से इतर किसी नौजवान को मिल सकता है अवसर : गुरुवार को भी रामटहल चौधरी ने खरगे के सामने ही पार्टी की सदस्यता ली थी। ऐसे में शुक्रवार को फिर से मुलाकात के कई ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

भाजपा तमिलनाडु में बाजी पलटने वाली है : पीएम मोदी

नमो ऐप के माध्यम से तमिलनाडु के भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित किया

डीएमके पर भ्रष्टाचार, कानून व्यवस्था, नशा व परिवारवाद पर हमला

एजेंसी। नई दिल्ली

भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने तमाम राजनीतिक विश्लेषकों के हवाले से दावा किया कि भाजपा तमिलनाडु में बाजी पलटने वाली है। उन्होंने कहा कि तमिलनाडु में सत्ताधारी पार्टी के खिलाफ गुस्सा चुनाव के दौरान निकलेगा। प्रधानमंत्री ने शुक्रवार को नमो ऐप के माध्यम से तमिलनाडु के भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश में नौ पार्टियां एनडीए गठबंधन का हिस्सा हैं। ये 'नौ रत्न' एक साथ आए हैं और इनमें बहुत बड़ी ताकत है। उन्होंने उम्मीद जताई कि एनडीए के सभी सदस्य हर बूथ पर मिलकर काम करेंगे। मोदी ने कहा कि भाजपा आज महिला नेतृत्व वाले विकास के मॉडल पर काम कर रही है। हमारी प्रतिबद्धता भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने की है और महिलाएं इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। प्रधानमंत्री ने तमिलनाडु की सत्तारूढ़ डीएमके और उसके सहयोगियों पर भ्रष्टाचार, कानून व्यवस्था, नशा और परिवारवाद को लेकर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि इनके सत्ता में आने के बाद से राज्य में शासन की हालत खराब है। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं को ऐसे सभी मुद्दों को बूथ के हर परिवार तक पहुंचाने की जरूरत पर बल दिया। उन्होंने कहा कि डीएमके जैसे राजनीतिक दल मोदी सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से डरते हैं और इसलिए वे इन योजनाओं का लाभ लोगों तक नहीं पहुंचने देते हैं। इसके अलावा वे मोदी ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

पीएम ने गुड फ्राइडे पर ईसा मसीह के बलिदान का स्मरण किया

पीएम मोदी ने शुक्रवार को गुड फ्राइडे पर ईसा मसीह के बलिदान का स्मरण किया। साथ ही उनकी करुणा और क्षमा की शिक्षा सुदृढ़ होने की कामना की। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स हैंडल पोस्ट में कहा, "आज गुड फ्राइडे के दिन हम ईसा मसीह के बलिदान को याद करते हैं। इससे हमें करुणा और क्षमा की जो शिक्षा मिलती है, वह और मजबूत हो।" उल्लेखनीय है कि गुड फ्राइडे ईसाई धर्म के लोगों के लिए पवित्र दिन है। मान्यता है कि इसी दिन ईसा मसीह को सलीब पर चढ़ाया गया था। दुनिया में इस दिन को होली फ्राइडे, ग्रेट फ्राइडे, ब्लैक फ्राइडे और इस्टर फ्राइडे भी कहा जाता है।

हेमंत सोरेन के जेल में आज पूरे होंगे 60 दिन

प्रवर्तन निदेशालय फाइल कर सकती है चार्जशीट

नवीन मेल संवाददाता। रांची

रांची के बड़गाईं अंचल के 8.46 एकड़ के जमीन घोटाले में झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत के खिलाफ ईडी आज स्पेशल पीएमएलए कोर्ट में चार्जशीट फाइल कर सकती है। इस मामले में एजेंसी ने जांच लगभग पूरी कर ली है। सोरेन को विगत 31 जनवरी को गिरफ्तार किया था। उनकी न्यायिक हिरासत के 60 दिन 30 मार्च को पूरे हो रहे हैं। नियमतः किसी अभियुक्त की गिरफ्तारी के 60 दिन के भीतर चार्जशीट फाइल करना अनिवार्य होता है। सनद रहे कि गिरफ्तार किए जाने के बाद ईडी ने हेमंत सोरेन को रिमांड पर लेकर 3 फरवरी से पूछताछ शुरू की थी। अदालत के आदेश पर उनकी रिमांड की अवधि दो बार बढ़ाई गई थी और उनसे कुल 13 दिन तक जमीन की खरीदारी, व्हाट्सअप चैटिंग, अफसरों की ट्रांसफर-पोस्टिंग में लेनदेन सहित कई बिंदुओं पर पूछताछ की गई थी।

भाजपा ने बुक करा लिए 55 प्रतिशत हेलिकॉप्टर व एयरक्राफ्ट : झामुमो

रांची। सत्तारूढ़ झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने आरोप लगाया है कि भाजपा ने देश में मौजूद 55 प्रतिशत हेलिकॉप्टर और एयरक्राफ्ट बुक करा लिए हैं। ऐसे में दूसरे दलों को चुनाव प्रचार में मुश्किल आएगी। महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने पार्टी कार्यालय में प्रेस वार्ता में इसपर चिंता जताते हुए कहा कि हर राजनीतिक दल को चुनाव प्रचार के लिए हेलिकाप्टर एवं एयरक्राफ्ट चाहिए। ऐसे में संसाधन नहीं मिलने के कारण अन्य दल कैसे चुनाव लड़ेंगे और प्रत्याशियों के पक्ष में प्रचार करेंगे। उन्होंने कहा कि केंद्रीय एजेंसी का डर विरोधियों को दिखाया जा रहा है।

प्रचार के दौरान विश्व कप की तस्वीर का इस्तेमाल ना करें पठान

कोलकाता। भारतीय निर्वाचन आयोग ने शुक्रवार को मुर्शिदाबाद जिले के बहरामपुर से तृणमूल कांग्रेस उम्मीदवार और पूर्व क्रिकेटर यूसुफ पठान को 2011 विश्वकप से जुड़े किसी भी बैनर या पोस्टर का इस्तेमाल न करने का आदेश दिया है। यूसुफ पठान ने पूर्व क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर को अपने बैनर में दर्शाया था, जिसे लेकर चुनाव आयोग से शिकायत की गई थी। भारतीय क्रिकेट टीम ने साल 2011 में वनडे विश्व कप जीता था। क्रिकेट टीम के कप्तान धोनी थे। यूसुफ पठान भी टीम का हिस्सा थे।

लातेहार में कार से 21 लाख 95 हजार बरामद

लातेहार। बरियातू थाना क्षेत्र में शुक्रवार को पुलिस ने वाहन चेकिंग अभियान चलाकर एक वाहन से 21 लाख 95 हजार रुपए बरामद किया। इस संबंध में लातेहार एसपी अंजनी अंजन ने बताया कि लोकसभा चुनाव को लेकर लातेहार जिले के सभी थाना क्षेत्र में सघन वाहन जांच अभियान चलाई जा रही है। शुक्रवार को बरियातू थाना के पास वाहन जांच अभियान चलाई जा रही थी। इसी दौरान वहां एक काले रंग की गाड़ी आई। वाहन की चेकिंग के दौरान उसमें एक काले रंग के बैग में 21 लाख 95 हजार रुपए बरामद हुए। एसपी ने बताया कि बरामद पैसे के संबंध में आयकर विभाग को सूचना दे दी गई है।

इंडिया

बिना सेंसर अश्लीलता की सीमाएं लांघ रहे ओटीटी प्लेटफॉर्म

सुनील बादल

सास बहू टाइप घिसे पिटे धारावाहिकों से ऊबे हुए लोगों ने कोरोना काल में सिनेमा हॉल के बंद रहने पर वैश्विक स्तर पर प्रचलित ओटीटी प्लेटफॉर्म पर एक नए स्वाद का रस लिया और धीरे-धीरे इसने इतनी लोकप्रियता अर्जित की कि अनेक चर्चित निर्देशकों ने बहुत ही लोकप्रिय और सामयिक धारावाहिक (वेब सीरीज) बनाकर इसे समृद्ध किया पर कलात्मक स्वतंत्रता और मनोरंजन के नाम पर ओटीटी प्लेटफॉर्म पर धड़ल्ले से अश्लील, हिंसक, विवादास्पद सामग्री परोसी जा रही है जो हमारे समाज की नैतिकता और मूल्यों को बुरी तरह से प्रभावित कर रही है।ओटीटी प्लेटफॉर्म के द्वारा इरॉटिक कंटेंट के नाम पर लगातार अश्लील सामग्री परोसी जा रही है, जिसमें गालियां एवं हिंसा की भी भरमार होती है, जिसका हमारे समाज पर बहुत ही नकारात्मक असर पड़ता है क्योंकि इसे मोबाइल के माध्यम से बच्चे तक आराम से देख सकते हैं। मानवीय संवेदना को प्रस्तुत करने के बजाय पोर्न और इरॉटिक के बीच के सूक्ष्म अंतर को मिटाकर कलात्मकता के नाम पर सिर्फ नग्नता और अश्लीलता को ओटीटी प्लेटफॉर्म के माध्यम से परोसा जा रहा है। ओटीटी प्लेटफॉर्म पर सजे इस अश्लीलता के बाजार पर तुरंत अंकुश लगाने की आवश्यकता है। 2018 में सुप्रीम कोर्ट ने भी ओटीटी पर दिखाई जाने वाली सामग्री को लेकर सख्त टिप्पणी की थी। संसद में भी ओटीटी प्लेटफॉर्म पर हिंसक, अश्लील एवं विवादास्पद सामग्री परोसे जाने का मामला कई बार उठा। इन सब विवादों के चलते कई बार सरकार से यह मांग की गई कि ओटीटी पर दिखाई जाने वाली सामग्री के संदर्भ में विनियमन नीति लागू की जानी चाहिए। सरकार ने ओटीटी पर दिखाई जाने वाली सामग्री को लेकर दिशा-निर्देश भी जारी किया है। केंद्र सरकार के दिशा-निर्देश में स्पष्ट तौर पर कहा गया है कि ओटीटी पर गैर-कानूनी सामग्री दिखाने की अनुमति नहीं होगी। हालांकि बड़े बुद्धिजीवियों के विरोध के कारण सरकार ने प्री सेंसरशिप का रास्ता अपनाने के बजाय ओटीटी प्लेटफॉर्म को स्वनियमन अपनाने के लिए कहा है। लेकिन स्वनियमन कैसे हो और इसका दायरा क्या होगा, इसके बारे में सरकार ने स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी कर कहा है कि कोई भी ओटीटी प्लेटफॉर्म देश की एकता, अखंडता और संप्रभुता को आघात पहुंचाने वाले दृश्य और संवाद नहीं दिखाएंगे। लेकिन इन दिशा-निर्देशों के बावजूद जब अश्लील और आपत्तिजनक सामग्री परोसे जाने का सिलसिला नहीं रुका, तो मोदी सरकार ने अहम कदम उठाते हुए 18 ओटीटी प्लेटफॉर्म पर बैन लगा दिया, जो एक स्वागत योग्य कदम है। द ग्लोबल स्टैटिक्स डॉट कॉम की रिपोर्ट के मुताबिक, भारत में 45 करोड़ ओटीटी सब्सक्राइबर्स हैं। ओटीटी कंटेंट में अश्लीलता, नग्नता और नशीले पदार्थों को इस हद तक ग्लैमराइज किया जाता है कि बच्चे भी इसके मोहजाल से खुद को रोक नहीं पाते हैं। ओटीटी प्लेटफॉर्म पर प्रसारित होने वाली 10 में से आठ वेब-सीरीज या शो ऐसे होते हैं, जिन्हें परिवार के साथ नहीं देखा जा सकता। यहां तक कि छात्र एवं शिक्षक तक के रिश्तों को भी अश्लील एवं असभ्य तरीके से दिखाया जाता है। यही नहीं, पारिवारिक रिश्तों की नींव भी कार्यक्रमों में प्रदर्शित अश्लील दृश्यों के माध्यम से नष्ट करने की साजिश चल रही है। एक रिपोर्ट के अनुसार, 2016 से 2020 के दौरान भारत में ओटीटी पर अश्लील सामग्री 1,200 प्रतिशत से ज्यादा तेजी से बढ़ी है, जो बालमन से लेकर बड़े-बुजुर्गों तक को प्रभावित कर रही है। ऐसे में सरकार द्वारा ओटीटी प्लेटफॉर्म को इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी ऐक्ट के तहत सेक्शन 67 और 67 (ए) के भारतीय दंड संहिता के सेक्शन 292 और महिलाओं के अश्लील प्रतिनिधित्व (निषेध) अधिनियम, 1986 की धारा 4 का उल्लंघन करने के आरोप में प्रतिबंधित किया गया है। तकनीक के विकास ने हमारे जीवन को सुविधा संपन्न बनाया है, लेकिन इसी तकनीकी की मदद से बच्चों की मासूमियत छीनी जा रही है और बच्चे समय से पहले ही बड़े हो रहे हैं। भ्रष्ट भाषा और भारतीयता से परे दूषित मानसिकता बढ़ी है, जो एक सभ्य समाज के लिए दुखद और त्रासदीपूर्ण है। इन्हीं हिंसक, अश्लील सामग्रियों की वजह से किशोर उम्र के बच्चे कमजोर और दूषित मानसिकता के शिकार हो रहे हैं। उनके भीतर खतरनाक आपराधिक और कामुक प्रवृत्ति जन्म ले रही है।

अब फास्टैग के बजाय सैटेलाइट टोलिंग व्यवस्था

टोल रोड पर वाहन आते ही के जीएनएसए तकनीक से कट जाएगा खाते से पैसा

-आरपी सिंह। नई दिल्ली

अब देश में टोल प्लाजा पर फास्टैग की जगह सैटेलाइट टोल प्रक्रिया लेगी। यह होने पर आपकी गाड़ी टोल वाले सड़क पर आते ही आपके खाते से टोल की रकम कट जाएगी। इसके बारे में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने सैटेलाइट टोल की घोषणा की है। सरकार इसके लिए जीएनएसए आधारित टोलिंग सिस्टम का इस्तेमाल करेगी। यह टोलिंग सिस्टम एक वर्चुअल सिस्टम है, जो गाड़ी के नंबर की पहचान करेगा और वाहन के मालिक के बैंक अकाउंट से कनेक्ट हो जाएगा। इसके लिए आपको टोल जैसी जगह रुकने की जरूरत नहीं होगी क्योंकि यह खुद ही एक वर्चुअल टोल होगा। इससे होते हुए जैसे ही गाड़ी गुजरेगी तो खुद ही टोल कट जाएगा। इससे एक सुविधा और होगी कि किसी भी वाहन को ट्रैक करना काफी आसान हो जाएगा। यह सिस्टम दुबई, जर्मनी रूस में पहले से ही काम कर रहा है। अब भारत में भी इसको शुरू करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है।

एक नजर

श्री बालाजी बाबोसा मंदिर का होगा 30 को उद्घाटन

रांची। श्री बालाजी बाबोसा मंदिर ग्येबियन रोड बिरसा चौक में मंदिर लोकार्पण के लिए समिति के सदस्यों की शुक्रवार को बैठक हुई। इस दौरान कार्यक्रम का पोस्टर विमोचन भी किया गया। श्री राम मंदिर अयोध्या की तर्ज पर श्री बाला जी बाबोसा मंदिर का लोकार्पण और कलश यात्रा 30 मार्च को कैन यू चौक स्थित हनुमान मंदिर से निकलकर बिरसा चौक स्थित श्री बालाजी बाबोसा मंदिर पहुंचेगी। इसमें सैकड़ों की संख्या में महिलाएं कलश लेकर चलेगी। मंदिर के लोकार्पण के लिए परम आराधिका मंजू बाईसा दिल्ली से 30 मार्च को रांची पहुंचेगी। इनका रांची एयरपोर्ट पर भव्य स्वागत किया जायेगा। साथ ही संध्या में भजनों का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसमें अरुण सुराना दिल्ली, भरत छाजेड दिल्ली , मोहित बोथरा कोलकाता एवं जुगल दरगढ़ रांची के की ओर से भजन प्रस्तुत किए जायेंगे। इसी क्रम में महाभंडारे का भी आयोजन होगा।

डॉ आशा लकड़ा ने कहा, लंबित मामलों की होगी जल्द सुनवाई

रांची। राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की सदस्य डॉ आशा लकड़ा ने न्यू एजी कालोनी स्थित क्षेत्रीय कार्यालय का पिछले दिनों जायजा लिया। इसके बाद लंबित मामलों की जल्द सुनवाई की बात कही। उन्होंने बताया कि क्षेत्रीय कार्यालय में ऑनलाइन मामलों की कुल संख्या 93 है। सभी केस एक्टिव हैं। आयोग का गठन नहीं होने के कारण संबंधित मामलों की सुनवाई नहीं हो पा रही थी। क्षेत्रीय कार्यालय में ही रांची जिले से संबंधित चार ऑफलाइन मामले भी आए हैं। इनमें खेलगांव से एक, हवाई नगर से दो व इटकी से एक मामले शामिल हैं। उन्होंने कहा कि क्षेत्रीय कार्यालय मुख्य मार्ग से अंदर है। इस कारण लोगों को यहां तक आने में कठिनाई होती है। मेरा प्रयास होगा कि ऑफिस किसी बेहतर जगह पर हो, ताकि आम लोगों को पहुंचने में परेशानी न हो सके।

ट्रेन से कटकर युवक की मौत

दुमका। नगर थाना की पुलिस ने शुक्रवार को रेलवे स्टेशन से थोड़ी दूर पुल से सटे समीप पोल नंबर 70/10 के पास से एक युवक का धड़ बरामद किया। सिर की तलाश के लिए पुलिस ने दो किलोमीटर के एरिया को खंगाला, लेकिन कुछ पता नहीं चला। कपड़ों से घरवालों ने शव की शिनाख्त आकाश मंडल (21) के रूप में की। पिता विजय मंडल ने किसी पर शक जाहिर नहीं किया है। पुलिस ने यूडी केस दर्ज कर शव का पोस्टमार्टम कराया। आशीष मानसिक रूप से बीमार था और गुरुवार को ही रांची से इलाज कराकर घर लौटा था।

टेंगरिया गांव में सरना समाज का सामाजिक कार्यक्रम आयोजित

समाज की संस्कृति, परंपरा को अक्षुण्ण बनाए रखने की जरूरत : समीर उरांव

सीरा सीता नाले सरना धर्म का सबसे प्रमुख तीर्थ स्थल है। हमें अपने पूर्वजों की धरोहरों को बचाए रखने की जरूरत है

नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो अनुसूचित जनजाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष समीर उरांव ने बेड़ो प्रखंड के दिघिया पंचायत के टेंगरिया गांव में सरना समाज के सामाजिक कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि हिस्सा लिया। इस मौके पर उन्होंने सरना धर्म की रक्षा के लिए सरना समाज को एकजुट रहने तथा अपनी धार्मिक रीति-रिवाजों भेलवा फारी, डंडा कटना, खलिहानी पूजा, माघ पूजा, सावन सप्तमी पूजा जैसे रीति-रिवाज एवं परंपरा तथा सरना समाज की संस्कृति को बचाए रखने के लिए कुड़ुख भाषा, वेश-भूषा को अपनाने एवं सरना समाज में अतिक्रमण को रोकने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सीरा सीता नाले सरना धर्म का सबसे प्रमुख तीर्थ स्थल है। हमें अपने पूर्वजों की धरोहरों को बचाए रखने की जरूरत है।

इस मौके पर अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष शिवशंकर उरांव, लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र के सह संयोजक सन्नी टोप्पो, संयोजक पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर, अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश मिडिया प्रभारी भोगेन सोरेन, रामनारायण भगत, भाजपा नेता शिवनाथ तिग्गा सहित कई लोगों ने सम्बोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व मुखिया सुखदेव उरांव तथा संचालन जतरू उरांव ने किया। इस मौके पर पड़हा राजा महादेव कुजूर, पुजार जयपाल तिर्की, महेश तिर्की, विजय तिर्की, सोमरा तिर्की, सोने तिर्की, भोला उरांव, पंचम मिंज, बंधु मिंज, बुधमनिया तिर्की, फूलमणी तिर्की, मेदो उराईन, सुमति तिर्की, बिरसी उराईन चन्द्रकिशोर उरांव, बंधना उरांव, नीरज कुजूर, बिरसा उरांव उर्फ रंथा, जतरू उरांव, भीखा उरांव, अनिल उरांव ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

महागठबंधन के पास उम्मीदवारों का टोटा

डूबती नाव की सवारी से बच रहे लोग : प्रतुल शाहदेव

नवीन मेल संवाददाता। रांची भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाह देव ने आज तक महागठबंधन के द्वारा झारखंड में सिर्फ तीन उम्मीदवारों की घोषणा पर तंज करते हुए कहा है कि महागठबंधन के पास उम्मीदवारों का टोटा है। महागठबंधन के नेता डूबती नाव की सवारी से बचते दिख रहे हैं। इसलिए अभी तक सिर्फ तीन नाम की घोषणा हुई। प्रतुल ने कहा कि इसके उलट एनडीए गठबंधन से अब तक सारे उम्मीदवारों की घोषणा हो चुकी है और सब प्रचार कर रहे हैं। 11 उम्मीदवारों की घोषणा तो एक माह पूर्व ही हो गई थी। प्रतुल ने शुक्रवार को कहा कि सत्ताधारी गठबंधन के बीच सीट बंटवारे को लेकर भी रोज फामूर्ला बदलने की खबरें आती हैं। कभी 5-6-2-1 तो कभी 7-5 -1-1 । गठबंधन के लोगों को सिर्फ ज्यादा से ज्यादा सीटों को हथियाने की चिंता है। जनता के बारे में इन्होंने अपनी कोई सोच या योजना उजागर नहीं की है। अंततः ऐसा ना हो कि महागठबंधन को जनता ही झारखंड से नौ दो ग्यारह कर दे। प्रतुल ने कहा कि नरेन्द्र मोदी को एक बार फिर प्रधानमंत्री बनाने के लिए पूरे देश में राष्ट्रवाद और विकास की आंधी चल रही है। इस आंधी का सामना करने के लिए महागठबंधन के नेता हिम्मत नहीं जुटा पा रहे। प्रतुल ने कहा कि महा गठबंधन के भीतर खाने से चुनाव लड़ने के मुद्दे पर नेताओं में एक दूसरे को 'पहले आप, पहले आप' कहने वाली स्थिति दिख रही है।

रिम्स के सभी वार्ड में दलालों का लगता है जमघट ◆ बेहतर इलाज के नाम पर परिजनों को करते हैं गुमराह

आईडी की नहीं होती जांच, वार्ड में लोग बेधड़क करते प्रवेश

अमित कुमार, रांची

राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) में प्रतिदिन हजारों गरीब और मध्यम वर्ग के लोग इलाज कराते हैं। लेकिन, उन्हें रिम्स की निःशुल्क सुविधाओं की जानकारी नहीं होने से इसका फायदा दलाल उठा रहे हैं। इन दलालों पर अब तक रिम्स प्रबंधन रोक नहीं लगा सका है। जांच से लेकर दवा तक के लिए बड़े स्तर पर दलाली का काम जारी है। रिम्स के कई कर्मियों की भी संलिप्तता इसमें बताई जाती है। रिम्स में निःशुल्क जांच होने पर भी रिम्सकर्मी शाम को तुरंत रिपोर्ट लाने का दबाव बनाते हैं। जब सरकारी जांच बंद हो जाती है, तब परेशान परिजन के परिजन के पास कोई विकल्प नहीं बचता और यहीं से यह गोरखधंधा शुरू होता है। परिसर के बाहर सभी तरह की मेडिकल जांच के लिए कई जांच केंद्र हैं। उनके एजेंट रिम्स के सभी वार्डों के परिजनों से सीधा संपर्क कर जल्द से जल्द रिपोर्ट देने की बात कर उन्हें ले जाते हैं।

नहीं रोकते हैं सुरक्षा गार्ड : रिम्स जैसे बड़े अस्पताल की हालत यह है कि वार्ड की ओर जाने पर किसी बाहरी व्यक्ति को रोका नहीं जाता है। कोई भी, कभी भी, बेधड़क आ-जा सकता है। सुरक्षा गार्ड होने के बावजूद वार्ड में जाने के कई अन्य विकल्प हैं।

मुझे इस बात की जानकारी है कि पर्ची लिखे जाने के बाद से ही दलाल पीछे लग जाते हैं। व्यवस्था को एक सिस्टम के तहत लाने में कुछ समय लग सकता है। लेकिन, जल्द ही व्यवस्था दुरुस्त की जाएगी। बाहरी के प्रवेश पर रोक के लिए मैकेनिज्म तैयार किया जा रहा है।

- प्रो (डॉ) राजकुमार, निदेशक, रिम्स।

रिम्स की दीवारों पर लिखी है सावधान रहने की बात

दलालों से बचने के लिए रिम्स की दीवारों पर लिखा हुआ है कि पूछताछ के लिए सुरक्षा कार्यालय एवं पुलिस कार्यालय से संपर्क करें। किसी भी जन्म मृत्यु या एलआइसी से संबंधित प्रमाण पत्र के लिए किसी भी तरह का भुगतान ना करें। आयुष्मान कार्ड से संबंधित जानकारी रिम्स के पूछताछ केंद्र से लें, बाहरी लोगों से नहीं। पर, ये सभी बातें सजावटी हो कर रह गई हैं।

केस 01 : मेडिसिन वार्ड में भर्ती खेलारी से आए मरीज के परिजन विश्वनाथ बताते हैं कि पिछले दस दिनों से उनका मरीज भर्जी है और किडनी का इलाज चल रहा है। प्रत्येक दिन दो हजार रुपये की दवा बाहर से खरीदनी पड़ रही है। सभी दवाएं इमरजेंसी से नीचे तालाब के बगल वाले दुकान से लाना होता है।

केस 02 : आईसीयू वार्ड में भर्ती रांची के मरीज के परिजन जगन्नाथ देव बताते हैं कि रिम्स में एमआरआई की सुविधा नहीं होने से बाहर से कराना पड़ा है। इसके लिए जांच एजेंसी के एक आदमी से संपर्क वार्ड के ही लोगों द्वारा कराया गया। ऐसे में मरीज का इलाज रिम्स में कराते हुए दूसरी जगह जांच कराने में परेशानी होती है।

खूंटी में सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया

नवीन मेल संवाददाता। खूंटी लोकसभा आम चुनाव 2024 के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त के निर्देश पर जिले के विभिन्न क्षेत्रों में शुक्रवार को सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। निर्देश दिया गया हैकि अगर कोई आपत्ति जनक सामग्री व राशि पाई जाती है, तो जब्ती की कार्रवाई करते हुए अविलंब जिला प्रशास को उसकी सूचना दें। संबंधित एफएसटी टीमों द्वारा हुटार, तोरपा कर्रा मोड़ अड़की, कर्रा, मुरहू के विभिन्न स्थानों पर भी सघन जांच अभियान चलाया गया। इसके अलावा निर्देश दिया गया कि किसी भी तरह की सूचना प्राप्त होने पर अविलंब वरीय पदाधिकारी को सूचित कर कार्रवाई सुनिश्चित किया जाना है। इस दौरान प्रतिनियुक्त उड़न दस्ता दल (एफएसटी) सभी छोटे झ बड़े वाहनों की भी तलाशी कर रही है। वाहनों से संबंधित दस्तावेज की भी जांच किया जा रहा है, ताकि वाहनों के माध्यम से अवैध सामानों पर पूर्ण रूप से रोक लगाई जा सके।

चैंबर ने न्यूनतम मजदूरी की दरों को अव्यावहारिक बताया

नवीन मेल संवाददाता। रांची झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स की कार्यकारिणी समिति की बैठक शुक्रवार को चैंबर भवन में अध्यक्ष किशोर मंत्री की अध्यक्षता में हुई। बैठक में कहा गया कि जब मनरेगा में न्यूनतम मजदूरी की दर 280 रुपया है, तब हमें क्यों 450 रुपये भुगतान करने का दबाव बनाया जा रहा है। चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री ने नाराजगी जताते हुए कहा कि हमने अक्टूबर माह में ही विभाग को अपनी आपत्ति और सुझाव देते हुए यह सुझाया था कि पूर्व की दर से अधिकतम 5 फीसदी वृद्धि ही की जाए। किंतु, आश्चर्यजनक है कि हमारे प्रतिवेदन पर बिना विचार किए या वार्ता किए, नई दर को अव्यावहारिक रूप से प्रभावी कर दिया गया है, जो हमें मंजूर नहीं है। कार्यसमिति की बैठक में सदस्यों ने श्रम विभाग के इस निर्णय पर कड़ी नाराजगी जताई और कहा कि नई दर के प्रभावी होने से एक फैक्ट्री पर सालाना एक करोड़ रुपये का अतिरिक्त बोझ पड़ेगा, जो अनुचित है। व्यापारियों और उद्यमियों की समस्या को देखते हुए चैंबर अध्यक्ष ने आश्वस्त किया कि जल्द ही विभागीय सचिव से मिलकर, नई दरों पर पुनर्विचार का आग्रह किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि इस मुद्दे पर जिला स्तर के सभी चैंबर ऑफ कॉमर्स और औद्योगिक संगठनों से भी वार्ता की जाएगी। बैठक में चैंबर उपाध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा, राहुल साबू, महासचिव परेश गट्टानी, सह सचिव अमित शर्मा, शैलेश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष ज्योति कुमारी, कार्यकारिणी सदस्य अनिल अग्रवाल, नवजोत अलंग, राम बांगड, रोहित पोद्दार, सुनिल केडिया, शषांक भारद्वाज, मुकेश पांडे, जेपी शर्मा, महेंद्र जैन, राजीव चौधरी, कार्तिक प्रभात, तुलसी पटेल, आनंद जालान, सुषील चौधरी, अंकिता वर्मा, कुणाल विजयवर्गीय, एसके अग्रवाल, एसपी सिंह, रितेष कुमार, राजेश महतो समेत कई सदस्य उपस्थित थे।

जालसाज | साइबर ठग अपना रहे ठगी के नए-नए तरीके

फर्जी पुलिस वाला बन अधिवक्ता को शिकार बनाने का किया प्रयास

अधिवक्ता रंजन सिन्हा कोर्ट में बैठ कर मुवक्किल से बात कर रहे थे, तभी उनके मोबाइल पर व्हाट्सएप कॉल आया, जिस नंबर से कॉल आया उसके डीपी में पुलिस की वर्दी में एक व्यक्ति की तस्वीर थी

नवीन मेल संवाददाता। दुमका साइबर अपराधी लोगो ठगी का शिकार बनाने के लिए प्रतिदिन नए-नए तरीके अपना रहे है। देशभर में साइबर अपराध को लेकर जामताड़ा के बाद अब उपराजधानी दुमका अपराधियों के लिए सेफ जोन बनता जा रहा है। ताजा मामला 13 मार्च का है। अधिवक्ता रंजन सिन्हा कोर्ट में बैठ कर मुवक्किल से बात कर रहे थे। तभी उनके मोबाइल पर व्हाट्सऐप कॉल आया। जिस नम्बर से कॉल आया उसके डीपी में पुलिस की वर्दी में एक व्यक्ति की तस्वीर है। डीपी में पुलिस की वर्दी देख अधिवक्ता रंजन सिन्हा ने कॉल रिसीव किया। चुकी रंजन सिन्हा अधिवक्ता के साथ साथ बाल कल्याण समिति के सदस्य भी हैं और आए दिन पुलिस का कॉल उनको आता रहता है। लेकिन इस बार कथित पुलिस कर्मी की बातें सुनकर रंजन सिन्हा के पैरों तले जमीन खिसक गई। उन्हें बताया गया कि उनका लड़का रेप के एक मामले में पुलिस हिरासत में है। बताया गया कि उसने रेप किया नहीं है बल्कि घटना स्थल पर मौजूद था। इसलिए उसे अलग रखा गया है। मामले को रफा- दफा करने के बदले 50 हाजर रुपये यूपीआई के माध्यम से मांग की गई। जल्द राशि भेजने की बात कही, अन्यथा जेल भेजने और पांच वर्ष की सजा होने की धमकी दिया। पांच वर्ष सजा की बात सुनकर अधिवक्ता रंजन सिन्हा को एक बार शक हुआ। उसने फोन काट कर दुगार्पुर में रहकर इंजीनियरिंग की पढ़ाई करने वाले अपने बेटा के मोबाइल पर कॉल किया, लेकिन कॉल रिसीव नहीं होने पर वे घबरा गए। इसी बीच कथित पुलिस द्वारा लगातार कॉल किया जाता रहा। जब बेटा ने कॉल रिसीव नहीं किया तो रंजन सिन्हा ने कथित पुलिस का व्हाट्सएप कॉल रिसीव किया। रिसीव करते ही सामने वाले ने फोन कॉल नहीं काटने की सख्त हिदायत दी। रंजन ने तसल्ली के लिए अपने बेटे से बात कराने को कहा। उधर से बेटा का रोते हुए आवाज आया पापा बचा लीजिए, ये लोग बहुत मार रहे हैं। बेटा की आवाज सुन रंजन और घबरा गए।

तोरपा के अलंकेल में सरना झंडागड़ी और धर्म प्रार्थना सभा आयोजित



नवीन मेल संवाददाता। खूंटी सरना धर्म सोतोरू समिति शाखा बालोरू के तत्वावधान में शुक्रवार को तोरपा के अलंकेल गांव में सरना झंडागड़ी सह सरना धर्म प्रार्थना सभा आयोजित की गई। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा के प्रदेश अध्यक्ष रवि तिग्गा और विशिष्ट अतिथि जिला परिषद अध्यक्ष मसीह गुड़िया शामिल हुए। मुख्य अतिथि रवि तिग्गा ने कहा कि सरना प्रकृति आधारित विश्व का सबसे पुराना धर्म है। आजाद भारत में जनजाति समाज के धार्मिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक मसले को अब तक अनदेखा किया गया है परंतु प्रकृति पूजकों की जागरूकता ने पूरी विश्व में अपनी पहचान बनायी है। उन्होंने आगे कहा कि 2011 की जनगणना में लगभग 50 लाख लोगों ने सरना धर्म दर्ज किया है, परंतु सरना धर्म कोड के अभाव में आजाद भारत में भी धार्मिक गुलामी का दंश झेलने को मजबूर होना पड़ रहा है। उन्होंने भारतवर्ष के मूल निवासियों के लिए यथाशीघ्र सरना धर्म कोड लागू करने की मांग की। विशिष्ट अतिथि मसीह गुड़िया ने लोगों को सरहुल की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आगामी 11 अप्रैल को पूरे प्रदेश में सरहुल है। सरकार ने इसके लिए उस दिन राजपत्रित अवकाश घोषित किया है। अतरू सरकारी छुट्टी का लाभ लेते हुए गांव-गांव में हर्सोल्लास के साथ उसी दिन सरहुल मनाएं और शोभायात्रा निकाल कर प्रेम व भाईचारा का परिचय दें।

न्यूज बॉक्स

डिवाइन ओंकार मिशन स्कूल में वार्षिक परीक्षाफल का हुआ वितरण

पिठोरिया। पिठोरिया क्षेत्र के उरूगुटू गांव स्थित डिवाइन ओंकार मिशन स्कूल में शुक्रवार को संस्थान के संस्थापक निदेशक चेयरमैन अप्रवासी भारतीय इंग्लैंड निवासी तरसेम लाल नागी, निदेशक कमलेश कुमारी, डोनर रमेश कुमार पहुंचे। मौका था छात्रों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति और वार्षिक परीक्षाफल के वितरण का। सभी अतिथियों का स्वागत तिलक लगाकर व माल्यार्पण कर किया गया। मुख्य अतिथि तरसेम लाल नागी द्वारा विद्यालय की प्रगति में हर संभव सहायता देने की बात कही गई। गौरतलब है कि विद्यालय भवन बनवाने सहित पठन-पाठन की सारी सामग्री मिशन द्वारा उपलब्ध कराई गई है। इस अवसर पर छात्रों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। वहीं, मिशन के सचिव राजेश नागी ने छात्रों द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम की भूरी-भूरी प्रशंसा की। सभी छात्रों और अभिभावकों के बीच फल व खाद्य सामग्री का वितरण किया गया। इस मौके पर मिशन के सलाहकार सुजीत कुमार केसरी, संजय मिश्रा, मीना मिंज, नम्रता कुमारी, सुनीता कुमारी और रीना हेंब्रम सहित कई लोग उपस्थित थे।

अंजुमन के नौजवानों ने इफ्तार पार्टी का किया आयोजन

चान्हो । माह-ए-रमजन का आधे से ज्यादा रोजा पूरा हो चुका है, वही रोजा इफ्तार का सिलसिला भी रफ्तार पकड़ने लगा है। अंजुमन इस्लामिया लुंडरी के नौजवानों द्वारा शुक्रवार को मस्जीदे अमीरे हमजा घुरन टोली में दावत-ए-इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। इफ्तार से पहले मस्जिद के इमाम द्वारा मुल्क की खुशहाली अमन शांति और सांप्रदायिक सौहार्द बना रहे इसके लिए दुआ मांगी गई। इस बीच अंजुमन के सदर मनसूर अंसारी ने कहा इस तरह का आयोजन करने से आपसी भाईचारगी बना रहता है। इस बीच सेक्रेटरी नईमुद्दीन अंसारी, अमीन ,साबिर अंसारी , जलालुद्दीन अंसारी, समसुल अंसारी, नौजवान कमेटी के सभी मेंबर और गांव के लोग मौजूद थे।

अपराध की योजना बना रहे दो अपराधियों को पकड़कर भेजा जेल

रांची। वरीय पुलिस अधीक्षक को मिली गुप्त सूचना मिली पर हिन्दपीढ़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत बड़ी मस्जिद के पास से मो. कबीर को गिरफ्तार किया गया। वह चार-पांच लोगों के साथ मिलकर किसी बड़ी घटना को अंजाम देने का प्लान बना रहा था। इस सूचना का सन्हा दर्ज करते हुए पुलिस उपाधीक्षक कोतवाली के नेतृत्व में छापेमारी दल का गठन किया गया। छापेमारी दल में शामिल सभी पुलिस कर्मियों ने कुशलता पूर्वक बड़ी मस्जिद के पास मो. कबीर उर्फ बब्लू के घर की घेराबंदी कर तलाशी ली। तलाशी के क्रम में मो. कबीर की निशानदेही पर घर के स्टोर रूम में रखे ड्रम में प्लास्टिक में लपेटकर रखा गया देशी कट्टा बरामद किया गया। साथ ही मो. कबीर उर्फ बब्लू को गिरफ्तार कर लिया गया। एवं उसके अपराध स्वीकारोक्ति बयान के आधार पर इसमें संलिप्त सहयोगी मो. सोनू उर्फ सोनू बारूद आर्म्स एक्ट के तहत गिरफ्तार कर लिया गया। दोनों को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा दिया गया। साथ ही योजना बनाने में शामिल 04-05 अन्य लोगों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है।

प्राकृतिक खेती विषय पर प्रशिक्षण का आयोजन

रांची। दिव्यायन कृषि विज्ञान केंद्र रांची द्वारा प्राकृतिक खेती विस्तार योजना के अंतर्गत रांची जिला के 418 किसानों को प्रशिक्षित किया गया। यह प्रशिक्षण दिनांक 1 मार्च से 29 मार्च के बीच विभिन्न चरणों में दो दिवसीय प्रशिक्षण दी गयी। प्रशिक्षण के दौरान किसानों को सैद्धान्तिक एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया और प्राकृतिक खेती की तकनीकियों एवं उसके उपयोग की विस्तृत जानकारी दी गयी। प्राकृतिक खेती प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य है कि मिट्टी एवं पर्यावरण का संरक्षण के साथ-साथ कृषि लागत में कमी एवं उत्पाद का मूल्य संवर्धन हो सके जिससे किसानों की आमदनी बढ़ सके। इस प्रशिक्षण में स्वस्थ मिटटी, स्वस्थ फसल एवं स्वस्थ समाज की परिकल्पना पर किसानों को प्राकृतिक खेती की ओर उन्मुख होने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम में डॉ. ए. के. सिंह, वरीय वैज्ञानिक; डॉ. मनोज कुमार सिंह; डॉ राजेश कुमार आदि उपस्थित थे।

शिव चर्चा महायज्ञ में झंडा रोपण कार्यक्रम आयोजित

चान्हो। प्रखंड के गणेशपुर में शुक्रवार को तीन दिवसीय शिव चर्चा महायज्ञ करने का विधि विधान से झंडा रोपण किया गया। 19 से 21 अप्रैल 2024 तक शिव चर्चा महायज्ञ किया जायेगा। विधि विधान से झंडा रोपण कर तीन दिवसीय शिव चर्चा महायज्ञ करने का संकल्प लिया गया जिसमें आचार्य रमेश देव पौराणिक, उमेश मिश्रा, पवन मिश्रा, अनिल शर्मा, पहान रिझु उराव, पुजार सुका उराव समेत ग्रामीण उपस्थित होकर संकल्प लिया।

ईस्टर को लेकर यातायात व्यवस्था में परिवर्तन

रांची। उपायुक्त रांची राहुल कुमार सिन्हा ने शुक्रवार को ईस्टर पर्व को लेकर 30 एवं 31 मार्च को रांची में यातायात व्यवस्था में परिवर्तन किया है। यातायात व्यवस्था इस प्रकार रहेगी - कांटाटोली चौक से बहुबाजार की ओर जाने वाली बस, सिटी राईड बस, मालवाहक, बड़े वाहनों का परिचालन 31 मार्च को प्रातः 04:00 बजे से 09:00 बजे सुबह तक पूर्णतः वर्जित रहेगा। कांटाटोली चौक से डंगराटोली होते हुए सर्जना चौक की ओर जाने वाली बस, सिटी राईड बस, मालवाहक, बड़े वाहनों का परिचालन 30 मार्च की रात्रि 09:00 बजे से 31 मार्च की 09:00 बजे सुबह तक पूर्णतः वर्जित रहेगा। सर्जना चौक से मिशन चौक होते हुए डंगराटोली, कांटाटोली चौक की तरफ जाने वाली बस, सिटी राईड बस, मालवाहक, बड़े वाहनों का परिचालन 30 मार्च की रात्रि 09:00 बजे से 31 मार्च की सुबह 09:00 बजे तक पूर्णतः वर्जित रहेगा। खेलगांव चौक से कांटाटोली चौक की ओर आने वाली बस, सिटी राईड बस, मालवाहक, बड़े वाहनों का परिचालन 31 मार्च को प्रातः 03:00 बजे से 09:00 बजे सुबह तक पूर्णतः वर्जित रहेगा। 31 मार्च को दुर्गा सोरेन चौक से कांटाटोली चौक की ओर आने वाले मालवाहक वाहन का परिचालन प्रातः 03:00 बजे से 09:00 बजे सुबह तक पूर्णतः वर्जित रहेगा। मुण्डा चौक से कांटाटोली चौक की तरफ जाने वाली बस, सिटी राईड बस, मालवाहक, बड़े वाहनों का परिचालन 31 मार्च को प्रातः 03:00 बजे से 09:00 बजे सुबह तक पूर्णतः वर्जित रहेगा।

यीशु ने प्राण देकर पाप के कर्ज से दिलाई थी मुक्ति : रेव एस डेविड

चर्च में गुड फ्राइडे की विशेष धर्म विधि का हुआ आयोजन

ईसा मसीह को सूली पर चढ़ाए जाने की घटना को किया गया याद

नवीन मेल संवाददाता। रांची

प्रेम और शांति के मसीहा ईसा मसीह को क्रूस पर चढ़ाए जाने और उनके प्राण न्योछावर करने की घटना को याद कर शुक्रवार को रांची के सभी गिरजाघरों में गुड फ्राइडे की विशेष धर्म विधि की गई। विशेष प्रार्थना का आयोजन किया गया। यह सिलसिला शाम तक चर्चों में जारी रही। इसके साथ ही, कैथोलिक कलीसिया में क्रूस रास्ता की विधि पूर्ण की गई।

रांची के सेंट पॉल चर्च में सात वाणी की आराधना की गई। उपदेश में रेव एस डेविड ने कहा, प्रभु यीशु ने क्रूस पर प्राण बहाकर पाप के कर्ज से मनुष्य जाति को मुक्ति दिलाई। इधर, जीईएल चर्च में मॉडरेटर जोहन डांग और बिशप सीमांत तिर्की ने धर्म विधि पूरी कराई।

ईस्टर संडे कल : मसीही विश्वासी मानते हैं कि गुड फ्राइडे के तीसरे दिन यानी रविवार को प्रभु यीशु पुनः जीवित हो उठे थे। इसलिए इस दिन ईस्टर संडे मनाया जाता है। इस वर्ष ईस्टर संडे का आयोजन 31 मार्च को होगा।

गुड फ्राइडे पर बच्चों ने प्रस्तुत की झांकी

रांची। राजधानी रांची के हरमू स्थित संत फ्रांसिस चर्च में शुक्रवार को गुड फ्राइडे पर बच्चों ने झांकी के माध्यम से क्रूस रास्ता को प्रस्तुत किया। साथ ही, प्रार्थना भी की गई। इस मौके पर बड़ी संख्या में मसीही समुदाय के लोग उपस्थित थे। मसीही विश्वासी मानते हैं कि गुड फ्राइडे के दिन ही ईसा मसीह ने पूरी दुनिया से बुराई को खत्म करने के लिए अपना बलिदान दिया था। बात दें कि ईसाई धर्म को मानने वाले लोग गुड फ्राइडे को काला दिवस के रूप में मनाते हैं। इस दिन वे उपवास भी रखते हैं। लोग चर्च में क्रॉस को चूमकर प्रभु यीशु का स्मरण करते हैं।

न्यूज बॉक्स

विक्रम हाजरा भजन संध्या की तैयारियां जोरों पर

रांची। आर्ट ऑफ लिविंग झारखंड चैप्टर के तहत विक्रम हाजरा भजन संध्या के आयोजन की तैयारियां जोर-शोर पर हैं। संस्था के राजयोग केंद्र स्थित ऑफिस में शुक्रवार को झारखंड एपेक्स बॉडी के सदस्यों ने तैयारियों की समीक्षा की। भजन संध्या का आयोजन आगामी 31 मार्च को गुरुनानक स्कूल के हॉल में होगा। आर्ट ऑफ लिविंग के वरिष्ठ प्रशिक्षक एवं मुख्य आयोजनकर्ता प्रवीण कुमार ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रशंसित कलाकार विक्रम हाजरा भारतीय भक्ति संगीत में सबसे प्रमुख नामों में से एक हैं। उन्हें लोक संगीत, पारंपरिक मंत्रों और प्राचीन दर्शन को इलेक्ट्रिक गिटार के साथ संगीत में ढालने वाले पहले व्यक्ति होने का श्रेय दिया जाता है। उन्होंने सभी छह महादेशों में अपने मधुर कंठ से श्रोताओं पर एक अमिट छाप छोड़ी है। रांची में विक्रम जी की भजन संध्या कुछ वर्षों पहले रांची क्लब में आयोजित हुई थी। इस बार भी झारखंड के श्रोताओं में अभूतपूर्व उत्साह देखने को मिला है। कार्यक्रम के प्रवेश पात्र के लिए 9570395090 पर संपर्क किया जा सकता है।

प्रणामी समाज का होली मिलन कल

रांची। श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट एव स्वामी सदानंद प्रणामी चैरिटेबल ट्रस्ट (रजि.) दिल्ली शाखा रांची के संस्थापक एव संरक्षक परमहंस डॉ संत शिरोमणि श्री श्री 1008 स्वामी सदानंद जी महाराज के शिष्यों का होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन रविवार (31 मार्च) को होगा। संस्था के अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल की अध्यक्षता में विधा देवी अग्रवाल के निवास स्थान शिवगंज हरमू रोड स्थित सत्संग भवन में शुक्रवार को संस्था के होली मिलन सह भजन संकीर्तन कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार करने के लिए संस्था के सदस्यों की एक बैठक हुई। बैठक में तय हुआ कि होली मिलन एवं भजन संकीर्तन का आयोजन दोपहर 12 बजे से 4 बजे तक होगा, जिसमें फूल की होली, अबीर गुलाल की होली खेली जाएगी। कार्यक्रम का आयोजन निमार्णाधीन मंगल राधिका सदानंद दिव्यांग सेवाधाम आश्रम के प्रांगण में होगा। आए हुए बुजुर्गों से संस्था के सभी सदस्य आशीर्वाद प्राप्त करेंगे। साथ ही, आए हुए महमानों को अंग वस्त्र प्रदान कर संस्था के पदाधिकारियों द्वारा सम्मानित किया जाएगा। ज्ञात हो कि पिछले 38 वर्षों से संस्था में लगातार होली कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। आज की बैठक में संस्था के अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल, उपाध्यक्ष निर्मल जालान, राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, विष्णु सोनी, पूरनमल सर्राफ, सज्जन पाडिया आदि उपस्थित थे। यह सभी जानकारी संस्था के उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल ने दी।

आदिवासी समन्वय समिति ने रैयती जमीन के अवैध हस्तांतरण पर गहरी चिंता व्यक्त की

रांची। राष्ट्रीय आदिवासी समन्वय समिति झारखंड के तत्वाधान में आदिवासियों की सामाजिक धार्मिक एवं रैयती जमीन को बचाने के संदर्भ में शुक्रवार को केंद्रीय धूमकुड़िया भवन, करम टोली चौक में आयोजित प्रेस वार्ता हुई। इसमें आदिवासियों की रैयती जमीन के अवैध हस्तांतरण पर गहरी चिंता व्यक्त की गई। कहा गया कि राज्य सरकार के अधिकारी, भू माफिया के गठजोड़ से जबरन आदिवासियों की जमीन पर कब्जा कर लैंड लॉन्ड्रिंग की जा रही है। यह गंभीर एवं आपराधिक मामला है। राज्य सरकार भी आदिवासियों की जमीन के मामले में मौन व्रत धारण किए हुए है। न्यायालय द्वारा दिए गए दखल देहानी के आदेशों का अनुपालन भी अंचल अधिकारी एवं जिला प्रशासन द्वारा नहीं कराया जा रहा है। राज्य सरकार एवं जिला प्रशासन भी आदिवासियों को न्याय देने के मूड में नहीं है। प्रेसवार्ता में राष्ट्रीय आदिवासी समन्वय समिति ने कहा, ईडी से हम मांग करते हैं कि जिस प्रकार हेमंत सोरेन के मामले में वह गंभीरता दिखा रही है, क्या विभिन्न गैर आदिवासियों द्वारा जो आदिवासियों की जमीन को जाली दस्तावेजों एवं सरकारी दस्तावेजों से छेड़छाड़ कर व्यापक पैमाने पर ली जा रही है, उस पर भी जांच एवं कार्रवाई करेगी।

एक नजर

पांच दिनों में कटा 1176 लोगों का चालान

रांची। ट्रैफिक पुलिस ने ट्रैफिक नियमों का पालन करने के लिए शहर के विभिन्न क्षेत्रों में लगातार चेकिंग अभियान चला रखा है। पिछले पांच दिनों में कुल 1176 लोगों का ट्रैफिक नियम के उल्लंघन करने के मामले में चालान काटा गया है। इनमें 187, 329, 299, 251 और 110 चालान शामिल है। ट्रैफिक एसपी सुमित अग्रवाल ने शुक्रवार को बताया कि शहर के विभिन्न क्षेत्रों में लगातार बिना हेलमेट, ड्राइविंग लाइसेंस, अनधिकृत रूप से अपने चार पहिया वाहन के शीशे में ब्लैक फिल्म, अनधिकृत रूप से सूचक पट्ट लगाकर घुमने वालों के खिलाफ अभियान चला रही है। नियम का उल्लघंन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ विधि-सम्मत कार्रवाई करते हुए चालान काटा जा रहा है।

जेपीएससी कार्यालय का घेराव एक अप्रैल को

रांची। रांची के मोरहाबादी मैदान में शुक्रवार को झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) के कार्यालय घेराव की रणनीति पर चर्चा के लिए एक बैठक हुई। तय हुआ कि राज्य के सभी जिलों से जेपीएससी के अभ्यर्थी बापू वाटिका, मोरहाबादी पहुंचेंगे और वहीं से जेपीएससी कार्यालय पहुंच कर शांतिपूर्ण तरीके से घेराव करेंगे।

झारखंड यूथ एसोसिएशन के संयोजक इमाम सफी ने कहा कि 11वीं जेपीएससी में हड़बड़ी में गड़बड़ी हुई है। अभ्यर्थियों के विरोध पर परीक्षा रद्द करने की बजाय जल्दबाजी में गलत उत्तर कुंजी जारी कर दी गई, जिससे छात्रों में सरकार के प्रति काफी आक्रोश है। जेएसएससी-सीजीएल पेपर लीक के बाद जेपीएससी परीक्षा में भारी गड़बड़ी से झारखंड के छात्र आर-पार के मूड में हैं।

ऑस्टियोपोरोसिस की समस्या रजोनिवृत्त महिलाओं में व्यापक है : डॉ दिव्या सिंह

बीआईटी मेसरा में अभियांत्रिकी और विज्ञान में नवप्रवृत्तियों पर अंतरराष्ट्रीय सम्मलेन का आयोजन

सम्मेलन में राष्ट्र निर्माण में विज्ञान की भूमिका पर हुई चर्चा

नवीन मेल संवाददाता। रांची

बिरला प्रौद्योगिकी संस्थान (बीआईटी), मेसरा में अभियांत्रिकी और विज्ञान में नवप्रवृत्तियों पर अंतरराष्ट्रीय सम्मलेन के पहले दिन शुक्रवार को सीडीआरआई लखनऊ एंडोक्राइनोलॉजी विभाग की वरिष्ठ प्रधान वैज्ञानिक डॉ दिव्या सिंह ने ऑस्टियोपोरोसिस और अन्य हड्डियों की समस्याओं के लिए प्रकृति से प्राप्त सिंथेटिक पदार्थों सीडीआरआई-1500 और सीडीआरआई-399 पर अपना अध्ययन प्रस्तुत किया।

डॉ दिव्या सिंह ने विशेष रूप से रजोनिवृत्त महिलाओं में ऑस्टियोपोरोसिस की व्यापकता के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि रजोनिवृत्त महिलाओं में ऑस्टियोपोरोसिस की समस्या व्यापक रूप से है। उन्होंने हड्डियों की समस्याओं के लिए निर्धारित एलोपैथी दवाओं के विभिन्न दुष्प्रभावों, प्राकृतिक विकल्पों की तलाश करने की आवश्यकता एवं सीडीआरआई-1500 और सीडीआरआई-399 दवाओं के भविष्य पर बात की।

प्रो अशोक शेरोन ने अपने भाषण में राष्ट्र निर्माण में विज्ञान की भूमिका, इस सम्मेलन के महत्व तथा इस आयोजन के लिए विभिन्न संस्थानों के सहयोग के बारे में बताया। सम्मेलन की शुरुआत दिन में 9:30 बजे आरएंडडी बिल्डिंग के सेमिनार हॉल-1 में हुई। इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि, सीडीआरआई लखनऊ एंडोक्राइनोलॉजी विभाग की वरिष्ठ प्रधान वैज्ञानिक डॉ दिव्या सिंह थीं। विशिष्ट अतिथि संकाय मामलों के डीन प्रोफेसर अशोक शेरोन थे। इस कार्यक्रम में छात्र मामलों के डीन डॉ भास्कर कर्ण, कार्यक्रम की संयोजक डॉ ऋचा पांडे, सह संयोजक डॉ दिलीप कुमार सिंह और राजभाषा प्रकोष्ठ के उप हिंदी अधिकारी डॉ अमित तिवारी भी उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत गण्यमान्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर की। फिर संस्थान की प्रार्थना हुई। इसके बाद अतिथियों द्वारा सार पुस्तिका का विमोचन किया गया। कार्यक्रम का संचालन संस्थान के इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन विभाग की सहायक प्रोफेसर ऋचा मिश्रा ने किया। इसके बाद डॉ ऋचा पांडे ने स्वागत भाषण दिया गया। उन्होंने इस कार्यक्रम के सुचारू संचालन में सहयोग के लिए संस्थान के कुलपति प्रो इंद्रनील मन्ना और उनके सहयोगियों को धन्यवाद दिया। डॉ दिलीप कुमार सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन किया। डॉ भास्कर कर्ण ने डॉ दिव्या सिंह को सम्मानित किया।

प्रतिभागियों द्वारा औषधि वितरण प्रणाली, डाटा सुरक्षा, क्वांटम कंप्यूटिंग के साथ मैटेरियल इंजीनियरिंग, हाइड्रोजियोकेमिकल लक्षण वर्णन और भूजल गुणवत्ता मूल्यांकन तथा ओरल कैंडिडिआसिस का प्रतिकार जैसे विषयों पर विभिन्न पोस्टर प्रस्तुतियां दी गईं। स्नातकोत्तर अध्ययन के डीन प्रो एसएस सोलंकी ने प्रतिभागियों की सराहना की और उनकी प्रस्तुतियों पर टिप्पणी की। इसके साथ ही प्रथम सत्र का समापन दोपहर 1:30 बजे हुआ। दोपहर 2:45 में दूसरा सत्र शुरू हुआ और यह ऑनलाइन मोड में था, जहां वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से शोध पत्र प्रस्तुत किए गए। इंजीनियरिंग, विज्ञान और वास्तुकला को सात अलग-अलग विभागों में विभाजित किया गया था तथा इसका आयोजन अलग अलग संकायों की अध्यक्षता में हुआ। यह कार्यक्रम काफी ज्ञानवर्धक था और आने वाले समय में सतत विकास के लिए काफी लाभदायक होगा। पहले दिन का कार्यक्रम 5:30 बजे समाप्त हुआ।

माता शीतला की आराधना करने से सभी कष्ट दूर होते हैं : संजय सर्राफ

शीतला सप्तमी की पूजा 1 को और शीतला अष्टमी की पूजा 2 अप्रैल को

नवीन मेल संवाददाता। रांची

राष्ट्रीय सनातन एकता मंच के प्रांतीय प्रवक्ता सह रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के संयुक्त महामंत्री संजय सर्राफ ने बताया कि इस वर्ष शीतला सप्तमी पूजा 1 अप्रैल को होगी। उन्होंने कहा कि शीतला सप्तमी पर मां दुर्गा के स्वरूप शीतला माता की पूजा की जाती है।

उन्होंने कहा कि होली के सात दिनों के बाद शीतला सप्तमी मनाई जाती है। कुछ लोग शीतला अष्टमी भी मानते हैं। शीतला सप्तमी-अष्टमी दोनों ही दिन माता शीतला की पूजा की जाती है। शीतला सप्तमी को बसौड़ा भी कहा जाता है। हिंदू धर्म में हर साल चैत्र माह के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को शीतला अष्टमी का त्यौहार मनाया जाता है। शीतला अष्टमी इस वर्ष 2 अप्रैल को है।

संजय सर्राफ ने बताया कि जो लोग शीतला सप्तमी मानते हैं, 1 अप्रैल के दिन शीतला सप्तमी का पूजन करेंगे। बसौड़ा शीतला माता को समर्पित त्यौहार है। शीतला माता ठंडक प्रदान करने वाली देवी है। मान्यता है कि शीतला सप्तमी के दिन शीतला माता की विधि विधान से पूजा करने से बीमारियों से मुक्ति मिलती है और घर में सुख शांति आती है। हिंदू धर्म में शीतला अष्टमी का विशेष महत्व होता है। माना जाता है कि इस दिन माता शीतला की आराधना करने से भक्तों को सभी कष्ट दूर होते हैं और मनोकामनाएं पूरी होती हैं।

झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच की प्रांतीय सभा सह लघु अधिवेशन 'समागम' आज से

नवीन मेल संवाददाता। रांची

झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच की 22वीं प्रांतीय सभा सह लघु अधिवेशन 'समागम' रांची समर्पण शाखा के आतिथ्य में रांची में आगामी 30 एवं 31 मार्च को होगा। इस दो दिवसीय अधिवेशन में झारखंड प्रांत से करीब 400 युवा शामिल होंगे।

कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया गया कि 'समागम' में राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेंद्र भट्ट, प्रांतीय अध्यक्ष अरुण गुप्ता, झारखंड के पूर्व सम्मानित प्रांतीय अध्यक्ष, प्रांतीय पदाधिकारी, कार्यकारिणी सदस्य, विभिन्न शाखाओ के अध्यक्ष, सचिव एवं युवा साथी समेत समाज के कई सम्मानित सदस्य, अभिभावक शामिल होंगे। इसके लिए पूरे राज्य से 250 से अधिक साथियों ने अब तक अपना पंजीकरण करवाया है। इस अधिवेशन में झारखंड से मारवाड़ी समाज के युवा प्रतिभा को चुनकर उन्हें युवा रतन सम्मान से सम्मानित भी किया जाएगा। बताया गया कि प्रांतीय अध्यक्ष अरुण गुप्ता के सफल मार्गदर्शन में, प्रांतीय उपाध्यक्ष विनीता सिंघानिया, प्रांतीय उपाध्यक्ष (मुख्यालय) युवा विशाल पाड़िया, प्रांतीय महामंत्री सार्थक अग्रवाल के सहयोग से शाखा अध्यक्ष श्वेता भाला के नेतृत्व में सदस्य इस अधिवेशन के वृहत आयोजन में लगे हुए हैं। इस दो दिवसीय अधिवेशन के पहले दिन प्रांतीय कार्यकारिणी की बैठक, उद्घाटन सत्र, प्रांतीय सभा, युवा रतन पुरस्कारों का वितरण, वार्षिक पुरस्कारों का वितरण सहित विभिन्न सत्रों का आयोजन किया जाएगा। शुक्रवार अग्रसेन भवन में आयोजित प्रेस वार्ता में अरुण गुप्ता, प्रांतीय अध्यक्ष (झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच), विनीता सिंघानिया, प्रांतीय उपाध्यक्ष, विशाल पाडिया, प्रांतीय उपाध्यक्ष, सार्थक अग्रवाल, प्रांतीय महामंत्री, विकास अग्रवाल, प्रांतीय संयोजक, रक्तदान प्रभारी पिंकेश खंडेलवाल, समर्पण शाखा की अध्यक्ष स्वेता भाला, सचिव सपना सिंघानिया सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

सुरक्षा बलों के लिए बूथों पर सभी सुविधाएं सुनिश्चित हों : राहुल सिन्हा

उपायुक्त व एसएसपी ने बुंडू के संवेदनशील इलाकों में बूथों का किया निरीक्षण

नवीन मेल संवाददाता। रांची

जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा और एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने शुक्रवार को बुंडू प्रखंड के संवेदनशील इलाकों में बूथों का निरीक्षण किया। साथ ही, उपायुक्त ने लोकसभा चुनाव 2024 की तैयारियों की समीक्षा को लेकर बुंडू प्रखंड कार्यालय के सभागार में समीक्षा बैठक भी की।

उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने संबंधित पदाधिकारियों को जिला में मतदान केंद्रों पर पेयजल, शौचालय, बिजली एवं अन्य व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिए। साथ ही, बुंडू प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय हुसीरहातु, बुंडू, बूथ संख्या-10, राजकीयकृत प्राथमिक विद्यालय चुरुगी, बूथ संख्या-15 और 16, राजकीयकृत मध्य विद्यालय बारूहातु, बूथ संख्या-18 एवं 19 का निरीक्षण कर कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

उपायुक्त ने मतदान बूथों पर बुनियादी सुविधाएं मुहैया कराने के लिए सभी बूथों पर पहुंच कर मुआयना करते हुए संबंधित अधिकारी को निर्देश दिया। उन्होंने निर्वाचन आयोग के सभी दिशा निर्देशों का पालन करते हुए मतदान केंद्रों पर साफ-सफाई, पेयजल की व्यवस्था, शौचालय की व्यवस्था सुनिश्चित कराने, मतदान केंद्रों में बिजली की वैकल्पिक व्यवस्था कराने, विद्यालयों में न्यूनतम मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने और इसे ससमय पूरा कराने का कहा।

इस दौरान उन्होंने संवेदनशील इलाकों में बूथों का विशेष निरीक्षण किया, ताकि भयमुक्त वातावरण में मतदान कराया जा सके। उपायुक्त ने कहा कि चुनाव के समय जो भी फोर्स यहां रुके उनके लिए बूथों पर सभी आवश्यक सेवा सुनिश्चित होनी चाहिए, ताकि उन्हें किसी प्रकार की समस्या ना हो। इसलिए सभी संबंधित अधिकारी यह पहले से ये देख लें कि बूथों पर सभी आवश्यक सेवा ससमय उपलब्ध रहें। बैठक में पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) सुमित कुमार अग्रवाल, निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी-सह-अनुमंडल पदाधिकारी, बुंडू लाल मोहन मरांडी, भूमि सुधार उप समाहर्ता बुंडू छवि बारला, प्रखंड विकास पदाधिकारी बुंडू रेणु कुमारी, सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी-सह-अंचल अधिकारी बुंडू पवन कुमार, उप-निदेशक सामाजिक सुरक्षा कोषांग रांची रवि शंकर मिश्रा, थाना प्रभारी, तमाड़, सभी सेक्टर पदाधिकारी एवं सभी पुलिस सेक्टर पदाधिकारी एवं संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

लोकसभा चुनाव को लेकर प्रतिनियुक्त होने वाले बलों को वरीय पदाधिकारियों ने ब्रीफ किया

आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद अबतक 25 गिरफ्तार

जिले में 12.61 ग्राम ब्राउन शुगर, 118 किलो अफीम, 657 लीटर शराब और 300 किलो जावा महुआ जब्त किया गया है

नवीन मेल संवाददाता। रांची

चुनाव आयोग की ओर से आदर्श आचार संहिता लागू करने के बाद से अबतक रांची पुलिस ने अवैध रूप से शराब के निर्माण व व्यापार तथा अवैध कार्यों में संलिप्त 25 लोगों को गिरफ्तार किया है। एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने शुक्रवार को बताया कि लोकसभा चुनाव के स्वतंत्र निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित कराने के लिए अवैध मादक पदार्थ, अवैध शराब निर्माण, भंडारण, व्यापार और तस्करी के खिलाफ योजनाबद्ध तरीके से सघन अभियान चलाया जा रहा है।

एसएसपी ने बताया कि आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद अबतक विभिन्न थाना, ओपी क्षेत्रों में कई एकड़ क्षेत्रफल में लगी अफीम की खेती को नष्ट करते हुए प्राथमिकी दर्ज की गई है। अवैध देसी शराब के निर्माण, भंडारण और व्यापार की रोकथाम की दिशा में शराब की भट्टियों तथा जावा महुआ को नष्ट किया गया है। साथ ही, शराब जब्त कर विधि-सम्मत कार्रवाई की गई है। अबतक की गई कार्रवाई में जिला पुलिस को कई सफलता मिली है। इस दौरान जिले में 12.61 ग्राम ब्राउन शुगर, 118 किलो अफीम, 657 लीटर शराब और 300 किलो जावा महुआ जब्त किया गया है। जब्त सामान की कीमत तीन लाख 96 हजार 827 रुपये आंकी गई है।

एसएसपी ने बताया कि शहर में सक्रिय ब्राउन शुगर कारोबारियों पर कार्रवाई करते हुए सात लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इनमें पवन कुमार, कोमल देवी, नितिन कुमार गुप्ता, मुकेश कुमार यादव, राकेश यादव, हर्ष कुमार और संतोष मुंडा शामिल हैं। अफीम की खेती करने के मामले में आशीष कुजूर को गिरफ्तार किया गया है।

लव जेहाद की शिकार हो रही आदिवासी बेटियां

तुष्टिकरण छोड़ अंकिता के हत्यारों को फांसी की सजा दिलाए राज्य सरकार : आरती कुजूर

नवीन मेल संवाददाता। रांची

भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष आरती कुजूर ने अंकिता हत्याकांड मामले में उच्च न्यायालय के फैसेल का स्वागत किया है। साथ ही उन्होंने राज्य सरकार से अंकिता के दोनों हत्यारों शाहरुख हुसैन और मो नईम को उच्चतम न्यायालय में अपील कर फांसी की सजा दिलाने की मांग की है। भाजपा महिला नेत्री प्रदेश कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में संबोधित कर रही थी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार तुष्टिकरण और वोट बैंक की नीति छोड़कर अंकिता के हत्यारों को फांसी की सजा दिलाएं। झारखंड की बेटियो की इज्जत लूटने और जान लेने पर उतारू लोगो को फांसी की सजा मिलनी चाहिए । पेट्रोल छिड़क कर जिस बच्ची अंकिता की हत्या हुई थी, यह एक मात्र घटना नही है बल्कि इस तरह के प्रदेश में 6 हजार से ज्यादा बच्चियों की बलात्कार एवं हत्या हुई है, उसके साथ भी ऐसी भयावह घटना हुई है।

बालिग हत्यारों को डीसपी ने बनाया नाबालिग

भाजपा नेत्री ने कहा कि अंकिता हत्याकांड में डीएसपी नूर मुस्तफा ने अंकिता को बालिग दिखाया और

अब तक प्रदेश में 6 हजार से ज्यादा बच्चियों के साथ बलात्कार व हत्या की घटनाएं हुई

डीएसपी नूर मुस्तफा ने जानबूझकर अंकिता को बालिग व शाहरुख को नाबालिग दिखाया

शाहरुख का उम्र नाबालिग दिखाया था, इसकी मंशा यह थी कि शाहरुख को सजा नहीं हो। लेकिन भाजपा ने इस हत्याकांड पर जोरदार आंदोलन पूरे प्रदेश में किया, आंदोलन जोर पकड़ा तब डीएसपी ने उम्र को सुधार कर शाहरुख को बालिग किया। श्रीमती कुजूर ने सरकार से यह भी पूछा कि सरकार ने तथ्य छुपाने के आरोप में क्या कार्रवाई की है। । हत्यारे शाहरुख का तार प्रतिबंधित बांग्लादेशी संगठन अंसार उल बंगला से भी जुड़ा होने की बात सामने आई थी। इस मामले को भी दबा दिया गया।

लव जेहाद की शिकार हो रही संथाल की आदिवासी बच्चियां भाजपा नेत्री ने कहा कि राज्य सरकार बताए कि एसटी-एससी की कितनी बच्चियों एवं महिलाओं के साथ दुष्कर्म एवं हत्या की घटनाएं हुई। कितने केस में फास्ट ट्रैक का गठन किया गया कितनों पर कार्रवाई की गई। इसमें सरकार की उदासीनता साफ दिखती है, क्योंकि वो सभी पीड़िता गरीब परिवार से आते है। आरती कुजूर ने कहा कि राबिका पहाड़िया जिसको 50 से ज्यादा टुकड़ो में काट दिया गया था उसके हत्यारे भी आज जेल से बाहर आकर खुले में घूम रहे है । अंकिता हत्याकांड के तुरंत बाद दुमका में ही 14 वर्षीय नाबालिग आदिवासी को अरमान अंसारी ने लव जेहाद के नाम पर फंसा कर गर्भवती किया और उसके बाद उसकी हत्या कर पेड़ पर लटका दिया। प्रदेश भर में 6000 से अधिक बच्चियों एवं महिलाओं के साथ दुष्कर्म की घटना घटी। कितनों की दुष्कर्म के बाद हत्या कर दी गई।

3000 से अधिका आदिवासी बच्चियों के साथ दुष्कर्म जैसी घटना घटी। भाजपा नेत्री ने कहा कि राँची में एसआई संध्या टोपनो की मवेशी तस्कर द्वारा गाड़ी चढ़ा कर मार डालना, बोरियों में राबिया पहाड़िया की बोटी-बोटी काटकर हत्या कर देना, जामा की घटना, राँची की सुखदेवनगर की घटना, स्पेन की महिला के साथ दुष्कर्म की घटना सहित कई घटनाएं प्रदेश को कलंकित किया है। प्रेस वार्ता में प्रदेश मीडिया सह प्रभारी अशोक बड़ाईक एवं प्रदेश प्रवक्ता राफिया नाज उपस्थित थी ।

दोनों दोषियों को मृत्युदंड दिलाने के लिए सरकार न्यायिक प्रक्रिया का सहारा ले : प्रियंक कानूनगो

रांची । राज्य सरकार से राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) ने शाहरुख और नईम को झारखंड हाई कोर्ट से मृत्युदंड की सजा दिलाने की अपील की है। एनसीपीसीआर के चेयरपर्सन प्रियंक कानूनगो ने इस संबंध में सोशल मीडिया के जरिए सरकार से अनुरोध किया है। प्रियंक ने कहा है कि झारखंड के दुमका में अगस्त 2022 में यौन शोषण से इंकार कर देने पर खिड़की से पेट्रोल डालकर घर में सो रही बच्ची को जिंदा जलाकर मार देने वाले शाहरुख और नईम को न्यायालय ने आजीवन कारावास की सजा दी है। इन अपराधियों के समर्थन में बांग्लादेश के कट्टर इस्लामिक संगठनों ने सोशल मीडिया कैंपेन चलाया था। एनसीपीसीआर के चेयरपर्सन ने कहा कि आयोग द्वारा इस मामले की जांच रिपोर्ट में इन अपराधियों के अवैध बंगलादेशी घुसपैठिया होने का संदेह व्यक्त किया गया था। दुर्भाग्य से राज्य सरकार ने इस मामले में कोई पुख्ता जांच नहीं की और न ही न्यायालय को इस तथ्य से अवगत करवाया। उन्होंने कहा कि ऐसे वहशियों का समाज में कोई स्थान नहीं है। राज्य सरकार को राजधर्म निभाना चाहिए। दोनों को मृत्युदंड दिलाने के लिए झारखंड हाई कोर्ट में अपील करनी चाहिये। उल्लेखनीय है कि दुमका के जरुवाडीह मुहल्ले में 23 अगस्त, 2022 को आरोपित शाहरुख हुसैन एवं नईम उर्फ छोटू खान ने अंकिता सिंह को खिड़की से पेट्रोल छिड़ककर जला दिया था, जिससे उसकी मौत 27 अगस्त को रिम्स, रांची में इलाज के दौरान हो गई थी। इस मामले की छानबीन करने के लिए 10 सदस्यीय एसआईटी टीम का गठन किया गया था। इसके बाद दोनों को दोषी पाते हुए प्रथम जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश सह विशेष न्यायाधीश पॉक्सो रमेश चंद्रा की अदालत ने गुरुवार को दोषी शाहरुख हुसैन और मो नईम अंसारी उर्फ छोटू को उम्रकैद की सजा सुनाई है।

रांची लोकसभा क्षेत्र में 2019 की तुलना में 2.5 लाख मतदाता बढ़े

नवीन मेल संवाददाता। रांची

राज्य में लोकसभा चुनाव चौथे चरण में 13 मई से शुरू होगा। रांची लोकसभा सीट के लिए छठे फेज में 25 मई को मतदान होगा। रांची लोकसभा में छह विधानसभा आते हैं। रांची लोकसभा क्षेत्र में वर्ष 2019 की तुलना में 2024 में 2.5 लाख मतदाता बढ़े हैं। 2019 के चुनाव में 19 लाख 10 हजार 927 वोटर्स थे। इसमें 9 लाख 98 हजार 370 पुरुष जबकि 9 लाख 12 हजार 504 महिला और 53 अन्य वोटर थे। इस चुनाव में 64 प्रतिशत वोटिंग हुई थी। वर्ष 2019 में 18 से 24 वर्ष के 2 लाख 44 हजार 559 युवा वोटर्स थे, जिसमें 01 लाख 34 हजार 826 पुरुष और

01 लाख 9 हजार 733 महिला वोटर थे। 2024 चुनाव में रांची लोकसभा में 2377 बूथ हैं। यहां कुल 21 लाख 42 हजार 991 मतदाता हैं, जिसमें 10,86,564 पुरुष मतदाता, 10,56,360 महिला मतदाता और 67 अन्य मतदाता हैं। वहीं, 46 हजार 776 युवा मतदाता हैं। ये 18 से 19 वर्ष के मतदाता हैं जो पहली बार मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

झारखंड में 'इंडिया' गठबंधन में दो सीटों पर अड़ा राजद, नहीं सुलझ पा रहा सीट शेयरिंग का मसला

नवीन मेल संवाददाता। रांची

रांची । झारखंड में इंडिया गठबंधन के घटक दलों में सीट शेयरिंग का मसला अब तक नहीं सुलझ पाया है। राष्ट्रीय जनता दल गठबंधन के भीतर अपने लिए दो सीटों पर दावेदारी पर अड़ा है, जबकि कांग्रेस-झामुमो के नेतृत्व ने जो फॉमूर्ला तैयार किया है, उसमें राजद को सिर्फ एक सीट देने की बात है। राज्य में लोकसभा की 14 सीटें हैं। इंडिया गठबंधन में जो फॉमूर्ला तैयार किया गया है, उसके मुताबिक सात सीटों पर कांग्रेस और पांच पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के उम्मीदवार होंगे। बाकी दो सीटों में एक राजद और दूसरी सीपीआई-एमएल को दी जानी है। राजद का शीर्ष नेतृत्व इसपर सहमत नहीं है। लालू प्रसाद यादव चतरा और पलामू सीटों पर अपने उम्मीदवार देने पर अड़े हैं, जबकि कांग्रेस उन्हें इनमें से कोई एक

सीट देना चाहती है। वर्ष 2019 के चुनाव में भी महागठबंधन में इन्हीं दो सीटों को लेकर विवाद खड़ा हुआ था।

राजद को सिर्फ पलामू सीट दी गई थी, लेकिन उसने चतरा सीट पर भी अपना उम्मीदवार उतार दिया था। नतीजा यह हुआ था कि चतरा में कांग्रेस और राजद दोनों पार्टियों के प्रत्याशी मैदान में बने रहे और भाजपा के हाथों करारी शिकस्त झेलनी पड़ी। राजद इस बार पलामू में ममता भुइयां को उम्मीदवार बना सकता है, जबकि चतरा में झारखंड की मौजूदा सरकार में मंत्री सत्यानंद भोक्ता, धीरेंद्र अग्रवाल, सुधीर सिंह, अरुण सिंह में से किसी एक को प्रत्याशी बनाया जा सकता है।

केंद्रीय निर्वाचन आयोग के ऐप और पोर्टल से निष्पक्ष निर्वाचन में होगी सुविधा : नेहा अरोड़ा

नवीन मेल संवाददाता। रांची

लोकसभा चुनाव-2024 को लेकर झारखंड में आईटी से संबंधित स्टेट लेवल मास्टर ट्रेनर को शुक्रवार को रिफ्रेशर प्रशिक्षण दिया गया। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के कार्यालय स्थित सभागार से ट्रेनर्स को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी ऐप एवं पोर्टल से संबंधित ऑनलाइन प्रशिक्षण वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से दिया गया। अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी नेहा अरोड़ा ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग से जारी ऐप तथा पोर्टल से स्वतंत्र एवं निष्पक्ष निर्वाचन में सुविधा होगी। नेहा ने कहा कि तकनीक के माध्यम से मतदाता को लक्षित करने एवं शहरी मतदाताओं को इसकी जानकारी देते हुए उन तक पहुंच बनाते हुए मतदान के लिए

जागरूक किया जा सकता है। ऐप के माध्यम से घर बैठे निर्वाचक सूची में अपना नाम शामिल किए जाने से लेकर अपने मतदान केंद्र को जानने, चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों के बारे में जानकारी प्राप्त करने जैसी सुविधाएं प्राप्त की जा सकती है। चैटबोर्ड के माध्यम से प्रश्नों का उत्तर भी प्राप्त हो जाता है। नेशनल लेवल मास्टर ट्रेनर्स सैयद नासीर जमील द्वारा सभी को ऐप एवं पोर्टल की जानकारी देते हुए उसके महत्व एवं संचालन की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने वोटर सर्विस पोर्टल, एनजीएसपी पोर्टल, एनकोर, सी-विजिल ऐप, ईआरओ नेट, सुविधा ऐप एवं पोर्टल, परमिशन, कैंडिडेट एफिडेविट मैनेजमेंट, वोटर टर्न आउट आदि के बारे में प्रशिक्षण दिया गया। आज के प्रशिक्षण के उपरांत प्रशिक्षित स्टेट लेवल मास्टर ट्रेनर्स अपने लोकसभा क्षेत्र के संबंधित कर्मियों को भारत निर्वाचन आयोग के एप्लीकेशन एवं पोर्टल का प्रशिक्षण प्रदान करेंगे। प्रशिक्षण सत्र में धनबाद, गिरीडीह, रांची, पलामू, साहेबगंज, हजारीबाग, सरायकेला, गुमला, बोकारो, पूर्वी सिंहभूम के स्टेट लेबल मास्टर ट्रेनर उपस्थित थे।

झारखंड के चुनावी समर में प्रधानमंत्री मोदी सहित कई बड़े नेताओं की होगी जनसभा

नवीन मेल संवाददाता। रांची

राज्य की 14 सीटों के लिए चार चरणों में 13 मई से लोकसभा चुनाव होने हैं। इस चुनाव में राज्य की सभी 14 सीटों को जीतने का लक्ष्य भाजपा ने रखा है। इन सीटों पर कमल खिलाने के लिए स्वयं प्रधानमंत्री मोदी चुनावी सभा करने वाले हैं। जानकारी के मुताबिक प्रधानमंत्री की चुनावी सभा 2019 के चुनावी सभा से ज्यादा होगी।

प्रधानमंत्री मोदी 2019 के चुनावी सभा का शंखनाद रांची में रोड शो के जरिए की थी। इसके दूसरे दिन 24 अप्रैल, 2019 को लोहरदगा में और 29 अप्रैल को जमुआ में जनता को संबोधित किया था। इस तरह से ताबड़तोड़ जनसभाएं प्रधानमंत्री की हुई। एनडीए 14 में से 12 सीट जीतकर रिकॉर्ड बनाने में सफल हो गया था। इस बार भी

प्रधानमंत्री की जनसभा को लेकर तैयारियां शुरू हो गई हैं। भाजपा केन्द्रीय नेतृत्व और भाजपा प्रदेश कार्यालय के बीच प्रधानमंत्री के दौरे को लेकर मंथन का दौर जारी है। जल्द ही इसे अंतिम रूप देने की संभावना है। झारखंड के चुनावी समर में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से लेकर केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह तक गरजते हुए दिखाई पड़ेंगे। भाजपा द्वारा केन्द्रीय नेताओं के साथ-साथ प्रदेश स्तर के बड़े नेताओं की चुनावी दौरे का कार्यक्रम तय किया जा रहा है। बिहार में स्टार प्रचारकों की सूची जारी होने के बाद झारखंड में भी जल्द ही पार्टी स्टार प्रचारकों की सूची जारी करने वाली है। इस संबंध में राज्यसभा सदस्य और भाजपा प्रदेश महामंत्री आदित्य साहू का कहना है कि चुनाव प्रचार को लेकर केन्द्रीय और प्रदेश स्तरीय नेताओं का कार्यक्रम तय हो रहा है, जिसमें प्रधानमंत्री मोदी के साथ-साथ सभी बड़े चेहरे शामिल हैं। स्टार प्रचारकों की सूची भी जल्द जारी कर दी जाएगी। पार्टी ने जो संकल्प लिया है कि झारखंड की सभी 14 सीटों को जीतकर प्रधानमंत्री को तीसरी बार देश का प्रधान सेवक बनाना है उस संकल्प को हर हाल में पूरा करने का काम भाजपा के कार्यकर्ता और नेता करेंगे।

क्षत्रिय समाज ने वोट बहिष्कार की दी चेतावनी जिला और प्रखंड मुख्यालयों में करेंगे विरोध प्रदर्शन

दो सीटिंग सांसद के टिकट कटने से क्षत्रिय समाज में भारी नाराजगी

नवीन मेल संवाददाता। रांची

रांची । 2024 लोकसभा चुनाव में राजपूत जाति को प्रतिनिधित्व नहीं दिए जाने से समाज के लोगों में काफी नाराजगी है। चतरा और धनबाद सीट से क्षत्रिय समाज के दो सांसदों के टिकट काटे जाने से क्षत्रिय समाज के लोगों में भारी आक्रोश है। इस मामले को लेकर शुक्रवार को अरगोडा के पुंदाग में अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा झारखंड प्रदेश की एक आपात बैठक राजपूत स्वाभिमान मंच के बैनर तले आयोजित की गई, जिसमें क्षत्रिय समाज की लगातार उपेक्षा किए जाने को लेकर मंथन किया गया, जिसमें सभी राजनीतिक दलों भाजपा, कांग्रेस,झामुमो सहित अन्य दलों से राज्य में समाज के लोगों को उचित प्रतिनिधित्व देने की मांग की गई।

उचित प्रतिनिधित्व नहीं दिए जाने पर क्षत्रिय महासभा ने पूरे राज्य में वोट बहिष्कार करने की चेतावनी दी। क्षत्रिय महसभा ने यह भी घोषणा किया कि जल्द ही एक दिन राज्य के सभी प्रखंड मुख्यालयों, जिला मुख्यालयों और राजधानी रांची में विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश क्षत्रिय महासभा के अध्यक्ष विनय कुमार सिंह ने की। जिसमें झारखण्ड राज्य के सभी जिलों के प्रतिनिधियों के अलावा प्रदेश कार्यकारणी के सभी पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया।

भाजपा के दो सीटिंग सांसदों के टिकट कटने क्षत्रिय समाज नाराज क्षत्रिय महासभा की बैठक में इस बात पर विचार किया कि आज की सरकारें 800 साल पहले राजे-रजवाड़े की स्थिति को ध्यान में रख कर नीतियां बना रहे हैं। जो संविधान की मूलभावना के विपरीत है। धरातल पर स्थिति यह है कि आज समाज में बहुसंख्यक लोगों की स्थिति काफी दयनीय है, लेकिन जातिगत आधार के कारण उन्हें सुविधाओं से वंचित किया जा रहा है। महसभा की बैठक में वर्तमान राजनीतिक पहलूओं पर भी गंभीरता से चिंतन र मनन किया गया, जिसमें सभी अपने-पने विचार रखें। धनबाद के सीटिंग भाजपा सांसद पीएन सिंह और चतरा के सीटिंग सांसद सुनील सिंह के टिकट कटने से क्षत्रिय समाज में काफी नाराजगी है। महसभा की बैठक में कहा गया कि पीएम नरेंद्र मोदी देश के निर्माण के लिए क्षत्रिय राजा महाराजाओं द्वारा दान की गई रियासतो और बलिदानों के प्रति अपनी कृतज्ञता प्रकट करते हैं वही उनकी पार्टी क्षत्रिय समाज के मान सम्मान व त्याग को भूलकर क्षत्रिय समाज के प्रत्याशियों के प्रबल दावेदारी को नजरअंदाज कर राजनीति से दरकिनार करने का प्रयास कर रही है, जिसके कारण पूरे क्षत्रिय समाज में नाराजगी बढ़ रही है।

राजनीतिक हाशिए पर लाने का प्रयास निंदनीय

क्षत्रिय महासभा ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि क्षत्रिय समाज को राजनीतिक, व्यावसायिक एवं सामाजिक रूप से हाशिए पर लाने का प्रयास घोर निदंनीय है। हमारा संगठित समाज इस प्रकार के साजिश का विरोध करने के लिए और मान सम्मान व प्रतिष्ठा के पुर्नस्थापना के लिए सदैव प्रतिबद्य रहेगा। एक स्व संगठित समाज का महत्वपूर्ण अंग के रूप में रहते हुए भी हमारी जगह, जमीन, राज, प्राणोत्सर्ग को पूर्णतः भुलाकर खुद को विश्वापित मानने के लिए बाध्य किया जा रहा है । बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि इस विषय पर समाज के सभी वर्ग से विचार विमर्श के बाद उनकी भवनाओ को ध्यान में रखकर गहन चिंतन, मंथन के उपरातं एक ठोस रणनीति बनाकर कार्य किया जाएगा, ताकि आगे ऐसी परिस्थिति उत्पन्न ना हो और सभी जन प्रतिनिधित्व करने वाले दलों से भी विनम्रतापूर्वक आग्रह किया गया कि पूर्व में समाज के पूर्वजो व के द्वारा किए गए त्याग एवं बलिदान को ध्यान में रखकर ही हर क्षेत्र में उचित मान सम्मान व प्रतिनिधित्व प्रदान करने का प्रयास करें।

इस बैठक में सर्वश्री विनय कुमार सिंह (बिनू सिंह), प्रदेश अध्यक्ष, ललन सिंह, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष, सुरजदेव सिंह, प्रदेश महामंत्री, मनोज कुमार सिंह, अमरेश सिंह, नागेश्वर सिंह, रामाकान्त सिंह, जयप्रकाश सिंह, चटर्मेन्द्र सिंह, शिवव्रत सिंह, आदर्श सिंह, कामख्या सिंह, राम लखन सिंह, बिरेन्द्र सिंह, विजय सिंह, मुन्ना सिंह, विनय सिंह (प्रदेश अध्यक्ष करणी सेना), मोहित सिंह, जगनारायण सिंह, अंजनी सिंह, प्रमोद सिंह, रणधीर सिंह आदि मुख्य रूप से शामिल हुए।

न्यूज बॉक्स

मुख्यमंत्री से मिले खूंटी लोकसभा क्षेत्र के महागठबंधन प्रत्याशी कालीचरण मुंडा

रांची। खूंटी लोकसभा क्षेत्र के महागठबंधन प्रत्याशी कालीचरण मुंडा ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन से उनके आवास पर मुलाकात की। दोनों के बीच संगठन व लोकसभा चुनाव को लेकर चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने चुनाव में हर तरह से सहयोग करने का आश्वासन देने के साथ जीत की शुभकामनाएं दी। कालीचरण ने कहा कि मुख्यमंत्री के साथ लोकसभा चुनाव की तैयारियों पर विधानसभावार विस्तार पूर्वक चर्चा हुई। कमियों को चिह्नित कर उसे दूर करने की रणनीति भी बनाई गई। उन्होंने कहा कि पिछली गलतियों से सीख लेकर इस चुनाव को पूरी शक्ति और सतर्कता के लड़ा जाएगा। इस बार के चुनाव में उनसे ज्यादा कार्यकताओं ने तैयारी कर रखी है। इस मौके पर झामुमो महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शशि भूषण राय, खूंटी के कांग्रेस नेता मदन मिश्रा भी उपस्थित थे।

चुनाव ड्यूटी में इलेक्ट्रिक वाहनों को हायर करने के लिए भाड़ा तय

रांची। लोकसभा आम चुनाव-2024 के लिए ईवी श्रेणी के वाहनों के लिए हायर एंड डिटेंशन चार्ज की दर्ज निर्धारित कर दी गयी है। परिवहन विभाग ने इस संबंध में आदेश जारी किया है। विभाग ने पहले ही पेट्रोल-डीजल वाहनों के लिए हायर एंड डिटेंशन चार्ज तय कर दिया था। अब इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए भी दरों को तय किया है यानी चुनावी ड्यूटी में यदि ये वाहन प्रयोग में लाये जाते है तो उन्हें निर्धारित दरों का ही भुगतान वाहन संचालकों के पक्ष में करना होगा। महिन्द्रा एसयूवी 400 ईवी, टाटा टियागो नेक्सन ईवी, टाटा टिगोर ईवी, एसी कारः 1470 रुपये। महिन्द्रा एसयूवी 400 ईवी, टाटा टियागो, नेक्सन ईवी, टाटा टिगोर ईवी, बिना एसीः 1280 रुपये, टाटा पंच ईवी, टाटा टियागो ईवी, वातानुकूलितः 1340 रुपये, टाटा पंच ईवी, टाटा टियागो ईवी, बिना वातानुकूलित कारः 1170 रुपये, इलेक्ट्रिक ऑटोः 620 रुपये, ई-रिक्शा, ई कार्टः 400 रुपये।

चतरा लोस से किस्मत आजमाएंगे पूर्व डीसी राजीव कुमार

चंदवा। लातेहार जिले के पूर्व उपायुक्त राजीव कुमार ने लोकसभा चुनाव लड़ने का ऐलान किया है। वे चतरा लोकसभा क्षेत्र से अपनी किस्मत आजमाएंगे। उन्होंने लोगों से समर्थन मांगा है। राजीव कुमार ने शुक्रवार को प्रेस वार्ता में कहा कि मैंने अपने कार्यकाल में कई कल्याणकारी योजनाओं का लाभ ग्रामीणों को दिलाया था। एक मत्स्य अधिकारी रहते हुए भी क्षेत्र में

कई कार्य किये जिनका लाभ अभी तक ग्रामीण उठा रहे हैं। अगर यहां की जनता मुझे सांसद बनाकर लोकसभा भेजती है तो निश्चित ही क्षेत्र में बदलाव देखने को मिलेगा। इस दौरान उन्होंने लोगों से चुनाव में बढ़ चढ़कर भाग लेने का आग्रह किया है। पत्रकारों द्वारा जब उनसे पूछा गया कि वह किस दल से चुनाव लड़ेंगे तो उन्होंने कहा कि मैं जनता के सहयोग व समर्थन पर चुनाव लड़ूंगा मेरे लिए राजनीतिक पार्टियों का सिंबल मायने नहीं रखता। मौके पर प्रखंड उप प्रमुख अश्विनी कुमार मिश्रा,कामता पंसस अयुब खान, चंदवा पश्चिमी मुखिया संगीता लकड़ा, अलौदीया मुखिया फुलजेन्सिया टोप्पो, चकला मुखिया रंजीता एक्का आदि मौजूद थे।

अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने रांची लोकसभा क्षेत्र के विभिन्न मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

रांची। मतदान केंद्रों पर शुद्ध पेयजल, बिजली, शौचालय, रैंप सहित दिव्यांग एवं वरिष्ठ मतदाताओं के लिए उपलब्ध न्यूनतम सुविधाओं का आकलन करने आज अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी नेहा अरोड़ा ने शुक्रवार को रांची लोकसभा क्षेत्र के शिवपुरी मुहल्ला स्थित विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने मतदान केन्द्रों पर मतदाताओं

के लिए चुनावी प्रक्रिया को सुगम बनाने के निमित्त उपलब्ध कराई जाने वाली विभिन्न सुविधाओं का आकलन करते हुए न्यूनतम सुविधाओं की कमियों को शीघ्र दूर करने का निर्देश दिया। नेहा ने शिवपुरी क्षेत्र के कई मतदान केंद्रों पर जाकर वहां के बीएलओ से बूथ लेवल अवेयरनेस ग्रुप की सूची का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने बीएलओ को आम नागरिकों की जानकारी के अभाव को दूर करने, बीएलओ द्वारा नगर निगम के कर्मी को बूथ लेवल अवेयरनेस ग्रुप में शामिल करने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी बीएलओ को बूथ लेवल अवेयरनेस ग्रुप एवं वॉलेंटियर्स चयनित करने में भारत निर्वाचन आयोग के निदेशों का पूर्णतया अनुपालन करने का निर्देश दिया। राजकीय मध्य विद्यालय नवीन आरक्षी केंद्र शिवपुरी के भौतिक निरीक्षण के क्रम में अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा शौचालय को सुचारू रूप से क्रियाशील कराने का निर्देश दिया गया।

झारखंड प्रदेश युवा कांग्रेस के नवनियुक्त प्रभारी राष्ट्रीय सचिव इशिता सेढा का हुआ स्वागत

रांची। राष्ट्रीय युवा कांग्रेस द्वारा झारखंड प्रदेश युवा कांग्रेस के प्रभारी की नियुक्ति की गई है। राष्ट्रीय सचिव इशिता सेढा को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी देते हुए झारखंड प्रदेश युवा कांग्रेस का प्रभारी बनाया गया है। प्रभारी का पदभार ग्रहण करते ही सुश्री इशिता सेढा जी द्वारा बैठकें जारी

है। झारखंड प्रदेश युवा कांग्रेस के अध्यक्ष अभिजीत राज की अध्यक्षता एवं रांची महानगर युवा कांग्रेस के महासचिव सह रांची विधानसभा के प्रभारी रोहित सिन्हा के नेतृत्व में राष्ट्रीय सचिव एवं झारखंड की नवनियुक्त प्रदेश प्रभारी इशिता सेढ़ा का स्वागत किया गया। इस अवसर पर इशिता सेढा ने कहा ने कहा कि भारत युवाओं का देश हैं। जिसमें युवा कांग्रेस संगठन के लिए हरावल दस्ते की तरह हर मोर्चे पर आगे बढ़ कर लड़ाई लड़ती हैं। उन्होंने जनहितकारी कार्यों में सक्रियता के साथ काम करने की अपील की।

एक नजर

रामगढ़ में कचरा प्रबंधन हुआ फेल, धरना देने का मन बना रहे हैं नगरवासी

रामगढ़। रामगढ़ जिले में कचरा प्रबंधन फेल होने से नगरवासी न्यायालय जाने और नगर परिषद के सामने धरना देने का मन बना रहे हैं। रामगढ़ जिले के टायर मोड़ के नजदीक कचरा यार्ड में एक बार फिर से कचरे का अंबार लगना शुरू हो गया है। कुछ दिन पहले तक यहां पर छावनी परिषद के माध्यम से साफ सफाई कराया जा रहा था। बताया गया था कि इस जगह पर कचरा का प्रबंधन किया जाएगा। स्थानीय लोगों का कहना है कि कुछ दिनों तक साफ-सफाई का कार्यक्रम चला। इसके बाद साफ सफाई करने वालों की कंपनी यहां से चली गई और एक बार फिर से रामगढ़ के सभी क्षेत्रों का कचरा यहां पर गिराया जाने लगा। इस जगह पर लगभग 20 परिवार रहते हैं और अब वे लोग इस कचरे के दुर्गंध और गंदगी से बुरी तरह से परेशान हो चुके हैं। उनकी पुकार ना तो नगर परिषद सुनने को तैयार है ना ही छावनी परिषद के अधिकारी।

नए सत्र के लिए विद्यालय ने आयोजित की आचार्य कार्यशाला

बरही । भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में आचार्य कार्यशाला का आयोजन किया गया. जिसका मुख्य उद्देश्य नए सत्र में विद्यालय के भैया बहनों को बेहतर शिक्षा प्रदान करना था. कार्यशाला प्रधानाचार्य रजनीश कुमार पांडेय की अध्यक्षता और आचार्या नेहा के संचालन में संपन्न हुआ. जिसका शुभारंभ बतौर मुख्यातिथि सेवानिवृत शिक्षक राजेंद्र रुखरियार व विशिष्ट अतिथि एसएमसी अध्यक्ष अमित साहू व ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया. कार्यशाला में विद्यालय के सभी आचार्य शामिल रहे. जिनका परिचय परिचय आचार्य प्रिंस रविशंकर प्रियदर्शी ने दी.अपने उद्बोधन में मुख्य अतिथि ने कहा कि भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर प्रगति पथ पर अग्रसर है. नए सत्र के लिए कार्य योजना और आचार्यों का कार्यशाला विद्यालय के बेहतर प्रबंधन का प्रतीक है. अध्यक्ष श्री साहू ने कहा कि समिति विद्यालय और भैया बहनों के निरंतर विकास के लिए तत्परता से कार्य कर रही है.

'महिला उद्यमिता : चुनौतियां संभावनाएं व सहयोग' पर हुई कार्यशाला

रामगढ़। 'महिला उद्यमिता : चुनौतियां, संभावनाएं व सहयोग' पर एक परामर्श कार्यशाला का आयोजन ट्रांस्फॉर्म रूरल इंडिया संस्था की ओर से किया गया। कार्यशाला में ट्रांस्फॉर्म रूरल इंडिया संस्था व जीओवाइएन द्वारा प्रशिक्षण दिलाये जा रहे रामगढ़, बेड़ो व अनगड़ा क्षेत्र की महिलाओं ने भी भाग लिया। साथ ही प्रतिभागी के रूप में सीएसओ, महिला उद्यमिता, नियोक्ता, प्रशिक्षण संस्थान, बैंकर, शैक्षिक संस्थान और सरकार के प्रतिनिधियों ने भी भाग लिया। महिला उद्यमिता और महिला श्रम बल की सहभागिता के संदर्भ में चर्चा करते हुए वर्कशॉप की शुरूआत हुई। जिसके बाद पहले पैनल ने महिला उद्यमियों के एक पैनल के माध्यम से महिला उद्यमियों के चुनौतियों पर विचार किया।

वोटर अवेयरनेस को लेकर क्षेत्रों में चलाया गया मतदाता जागरूकता अभियान

लोगों को जागरूक कर मतदान के प्रतिशत को आगे बढ़ाएं पदाधिकारी : डीसी

नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़ आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के दौरान रामगढ़ जिले में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार के द्वारा मतदाता जागरूकता कोषांग को विभिन्न प्रतियोगिताओं, कार्यक्रमों आदि का आयोजन कर अधिक से अधिक मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने पदाधिकारियों से कहा कि मतदान प्रतिशत पर अधिक से अधिक जोर दें पदाधिकारी ताकि मतदान प्रतिशत और आगे बढ़े। इसी क्रम में जिला स्वीप नोडल पदाधिकारी सह जिला समाज कल्याण पदाधिकारी कनक तिर्की द्वारा जिले के विभिन्न क्षेत्रों में आंगनबड़ी सहिया, सेविका (बीएलओ) के द्वारा आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के लिए स्वीप के तहत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान मतदाता जागरूकता को लेकर बनाए गए मतदाता जागरूकता को लेकर रंगोली प्रतियोगिता आयोजन व पोस्टर के माध्यम से अपने-अपने क्षेत्र में 'वोट करेगा रामगढ़, 20 मई' 'चुनाव का पर्व देश का गर्व' आई एम रेडी टू वोट थीम के तहत मतदाता जागरूकता के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया। साथ ही उपस्थित सभी मतदाताओं को आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 में जो रामगढ़ जिलें में 20 मई को मतदान करने के लिए मतदाता शपथ कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। इस दौरान आंगनबाड़ी सहिया सेविका ने अपने-अपने क्षेत्र में सभी मतदाताओं को आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 में सभी मतदाताओं को जागरुक करते हुए बिना लोग लालच या दबाव में आए हुए 20 मई को अपने नजदीकी मतदान केदो में जाकर अपना बहुमूल्य मतों का उपयोग को लेकर गांव गांव घूम घूम कर मतदान करने के लिए अपील की।

कोई व्यक्ति नहीं, कमल का फूल है आपका उम्मीदवार : मनीष

नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़ भारतीय जनता पार्टी के हजारीबाग लोकसभा प्रत्यशी मनीष जयसवाल ने गुरूवार को पतरातू प्रखंड अंतर्गत भदानीनगर मंडल के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर जनसंपर्क अभियान चलाया। इस क्रम में भाजपा भदानीनगर मंडल अध्यक्ष सागर कुमार दांगी के नेतृत्व में मनीष जयसवाल ने पतरातू प्रखंड के जुमरा, सांकी, सुद्दी, पाली, चिकोर, लादी, मतकमा, देवरिया चारी टोंगरी कुरसे आदि क्षेत्रों में जन संपर्क अभियान चलाया। इस दौरान जनसंवाद, नुक्कड़ सभा का भी आयोजन किया गया। जिसमें ग्रामीणों से विभिन्न समस्याओं से मनीष जायसवाल को अवगत कराया। मौके पर मनीष जयसवाल ने कहा की भाजपा का उद्देश्य ही सबका साथ-सबका विकास करना है। उन्होंने कहा की विकास योजनाओं का धरातल पर उताकर समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की किरण पहुंचाना भाजपा का लक्ष्य है। पीएम मोदी के हाथों को मजबुत करें सभी समस्याओं का समाधान होगा। इधर देर शाम मतकमा-कुरसे फोरलेन स्थित हवेली रेस्टोरेंट में प्रेस कांफ्रेंस का आयोजन किया गया। प्रेस कांफ्रेंस में हजारीबाग लोकसभा प्रत्यशी मनीष जयसवाल ने कहा की आपका उम्मीदवार कोई व्यक्ति नहीं कमल का फुल है। आपकी 80 प्रतिशत ओपिनियन मेरे पक्ष में होने के कारण ही मुझे उम्मीद्वार बनाया गया है। मुझे जीताकर भेजने की भी जिम्मेवारी अब आप सबों की है। उन्होंने कहा की अपने सभी विचारधारा वालों का एक-एक मत कमल के पक्ष में लाने का प्रयास करें और पीएम मोदी के गांरटी को गांरटी दें।

न्यूज बॉक्स

झारखंड अंडर 19 क्रिकेट टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए रामगढ़ की टीम हजारीबाग हुई रवाना

रामगढ़। झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित अंतर जिला. अंडर-19 (प्लेट ग्रुप) क्रिकेट टूर्नामेंट 2023-24 टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए रामगढ़ जिला अंडर 19 की टीम शुक्रवार को हजारीबाग रवाना हुई । हजारीबाग में कोडरमा, सरायकेला खरसावां, चतरा एवं हजारीबाग के बीच 30 मार्च से टूर्नामेंट आरंभ हो रहा है। टीम को रवाना करने के लिए रामगढ़ क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक कुमार जैन, मानद सचिव अरुण कुमार राय, कार्यकारी अध्यक्ष रविंद्र साहू ,सदस्य पवन कुमार साहू, कोषाध्यक्ष सूरज प्रसाद, कोच अलोक शर्मा एवं सदस्य महेंद्र राणा उपस्थित थे। जिनके द्वार टीम के कप्तान अनित्यता अनुपम, उप कप्तान राहुल राज,टीम मैनेजर लक्ष्मण कुमार गोलू, कोच रौशन सिंह के नेतृत्व में रुद्राक्ष कुमार सिंह, सुजल कुमार,सत्यम कुमार शर्मा,मानस गोयल, युवराज सिंह, रूपम कुमार केशरी, कृष, नीरज कुमार महतो, प्रिंस राज, कशिश मुंडा, देवेश गोयल एवं आशीष कुमार चौबे को शुभकामना देते हुए रवाना किया गया। अध्यक्ष अशोक कुमार जैन ने कहा अंडर 19 टूर्नामेंट में वर्तमान सत्र में भी टीम संतुलित एवं ऊजार्वान है। जो अवश्य चैंपियन बनेगी। सचिव अरुण कुमार राय ने बताया किटीम के सदस्य काफी मेहनती हैं एवं टीम संतुलित है। कहा कि वर्तमान सत्र में बेहतर प्रदर्शन कर टीम अवश्य फाइनल तक का सफर करेगी।

सरस्वती शिशु विद्या मंदिर की वार्षिक परीक्षा के परिणामों की हुई घोषणा

हजारीबाग। सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, कुम्हार टोली, हजारीबाग की वार्षिक परीक्षा 2023- 2024 का परीक्षाफल शुक्रवार को प्रकाशित हुआ। कार्यक्रम का आरंभ दीप प्रज्वलन एवं माता सरस्वती वंदना के साथ हुआ। मौके पर विद्यालय के प्राचार्य ब्रजेश कुमार सिंह,प्रभारी प्राचार्य डॉ राजीव रंजन एवं कक्षाचार्य बंधु- भगिनी ने कक्षा अरुण से नवम एवं एकादश कक्षा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान लाने वाले भैया- बहनों को प्रगति पत्र एवं पुरस्कार देकर उन्हें सम्मानित किया' कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य ब्रजेश कुमार सिंह ने भैया' बहनों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आप सभी लक्ष्य प्राप्ति हेतु सतत रूप से लगे रहे' आप जीवन के हर क्षेत्र में सफल होंगे' कक्षा में प्रथम स्थान लाने वाले भैया- बहनों के नाम है :-कक्षा अरुण में अनुष्का रानी 97.2% ,उदय में आदित्य कुमार 97.8% प्रभात में निधि कुमारी 100% प्रथम में आराध्या मिश्रा 99.57% , द्वितीय में वेदंतु राज 97.37 % ,तृतीय में अंकित कुमार 97.22 % चतुर्थ में दृष्टि प्रियाल 92.88% पंचम में शुभ कुमार 90%, षष्ठ में आकांक्षा कुमारी 97.55% सप्तम में प्रत्यक्ष सिन्हा 96.11% अष्टम में प्रिंस कुमार 94.77% नवम में श्रेया शर्मा 90.2%, एकादश विज्ञान में आदित्य आर्यन 84.4% एवं एकादश वाणिज्य में अनु कुमारी 70.20% हैं।

चंदवारा के उरवां मोड़ में भाजपा सांसद प्रत्याशी का हुआ जबरदस्त स्वागत

हजारीबाग। लोकसभा क्षेत्र के भाजपा सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने शुक्रवार को बरही विधानसभा क्षेत्र के तुफानी जनसंपर्क जनसंपर्क अभियान की शुरूआत चंदवारा भाजपा मंडल के उरवां चौक से की। उरवां चौक पहुंचने पर भाजपा सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल साथ चल रहे पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव को स्थानीय भाजपा कार्यकताओं और आवाम द्वारा गर्मजोशी से फूल माला पहनाकर पुष्पगुच्छ भेंट कर नारे जयकारे के साथ अभूतपूर्व स्वागत किया गया। यहां सभी ने फिर एक बार मोदी सरकार बनाने का संकल्प लिया और भाजपा सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल को भरोसा दिलाया की आपकी ऐतिहासिक जीत होगी। वहीं भाजपा सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने लोगों से संवाद करते हुए कहा कि कांग्रेस ने 62 साल तक इस देश में राज किया लेकिन देश और देशवासियों का कोई भला नहीं हुआ, जबकि पिछले 10 सालों में मोदी सरकार ने जहां देश को विश्व के समक्ष हर क्षेत्र में आगे बढ़ाया। वहीं देश की जनता के जीवन स्तर को भी ऊंचा उठाने का प्रयास किया। मोदी सरकार ने जो कहा उसे किया अब आपकी महत्वपूर्ण आकांक्षाओं की पूर्ति के लिए फिर एक बार मोदी सरकार बनाएं, निश्चित रूप से हिंदुस्तान और हिंदुस्तानियों का भरोसा कायम रहेगा।

मनीष जायसवाल ने चलाया बरही प्रखंड के दर्जनों गांवों में सघन जनसंपर्क अभियान



हजारीबाग। लोकसभा क्षेत्र के सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने शुक्रवार को बरही प्रखण्ड के पूर्वी मंडल अंतर्गत दर्जनों गांव में तपिश भरी गर्मी में जनसम्पर्क अभियान चलाया। तपिश भरी गर्मी होने के बावजूद ग्रामीणों ने लोकसभा उम्मीदवार मनीष जायसवाल व बरही के पूर्व विधायक मनोज यादव का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने बरही प्रखण्ड अंतर्गत कोल्हुआकला पंचायत के तिलैया बस्ती, महुआटांड़, बेला, करगइयो, जवाड, कोल्हुआ, धोबियापहरी, भंडारों पंचायत के तेतरिया भंडारों, बेहराबाद, पुरहरा, बैरिशाल, विजैया पंचायत के गुड़ियों, विजैया चौक, डपोक पंचायत के गरजामो, डपोक, खुर्दजवाड, ओरपरता, बेलहारा, मलकोको पंचायत के बुंडू, बेलादोहर, मलकोको, पड़रिया, बरसोत पंचायत के श्रीनगर, बरसोत और करियातपुर क्षेत्रों का सघन दौरा किया और जनसम्पर्क अभियान चलाया। भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने जनसंपर्क अभियान के दौरान जनता से रुबरु होते हुए मोदी सरकार के जनकल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराते हुए फिर एक बार प्रचंड बहुमत के साथ भाजपा की सरकार बनाने का अपील किया। भाजपा सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल को अपने बीच पाकर क्षेत्र की जनता बेहद उत्साहित थी।

बड़कीडुंडी में पांच दिवसीय रुद्र महायज्ञ को लेकर भूमि पूजन

रामगढ़ / कुजू। बड़कीडुंडी में आयोजित होने वाले श्री-श्री 1008 श्री हनुमत लला प्राण प्रतिष्ठा सह रुद्र महायज्ञ को लेकर भूमि पूजन किया गया। साथ ही ध्वजारोहण किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि आजसू नेता तिवारी महतो, विशिष्ठ अतिथि जिप सदस्य तापेश्वर महतो, मुखिया रामसेवक महतो व पंसस रीना कुमारी उपस्थित हुए। अतिथियों का स्वागत फूलमाला पहनाकर किया गया। मौके पर पुरोहित अमरकांत शास्त्री, अनिल शास्त्री, श्रवण कुमार व जनार्दन तिवारी ने यजमान बने वासुदेव महतो, लालधारी महतो, झूबर महतो, अवधेश महतो, संतोष कुमार, कुलेश्वर महतो पत्नी के हाथों पूजन संपन्न कराया। बाद में यज्ञ को लेकर महावीरी झंडे को आसपास के इलाके में गाजे-बाजे के साथ भ्रमण करने के बाद यज्ञ स्थल पर स्थापित किया गया। इस दौरान लोगों के जयकारे से आसपास का इलाका पूरी तरह भक्ति बन गई।

बीजेपी उम्मीदवार का तूफानी जनसंपर्क अभियान जारी

आप समर्थन दें, हर पल आपके साथ रहूंगा : मनीष जायसवाल

नवीन मेल संवाददाता। बरही हजारीबाग संसदीय सीट के घोषित बीजेपी उम्मीदवार सह सदर विधायक मनीष जायसवाल का तूफानी जनसंपर्क अभियान जारी है. इसी क्रम में शुक्रवार को बरही प्रखंड के पच्चीस स्थानों पर जनसंपर्क अभियान चलाकर अपने पक्ष में समर्थन मांगा. उनके साथ पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव, भाजपा नेता शैलेंद्र सिन्हा आदि अन्य भाजपाई शामिल रहे. इस दौरान श्री जायसवाल ने लोगो से भय, भूख और भ्रष्टाचार को जड़ से उखाड़ने व देश को सशक्त बनाने के लिए केंद्र में एक बार फिर मोदी सरकार बनाने के लिए समर्थन मांगा. उन्होंने कहा हजारीबाग संसदीय क्षेत्र में हर मूलभूत सुविधाएं पहुंचाना और केंद्र की योजनाओ को निष्ठा पूर्वक लाना उनकी प्राथमिकता होगी. न्याय और अधिकार को लेकर क्षेत्र के लोगो के लिए वह हर पल खड़े होंगे. इस दौरान पूर्व विधायक श्री यादव ने भीं भाजपा उम्मीदवार के पक्ष में लोगो को मतदान करने का अपील किया. उन्होंने कहा की जायसवाल जनसेवा भावना से आए है. हम सबो को उन्हे समर्थन देकर संसद पहुंचाने का काम करना है. वर्तमान में हमारा देश सिर्फ मोदी सरकार के हाथ में ही सुरक्षित है. जनसंपर्क अभियान अभियान कोल्हुआकला पंचायत के तिलैया बस्ती से प्रारंभ हुआ।

पुलिस ने जब्त की जगदीप होटल में छापेमारी कर अवैध शराब, संचालक हिरासत में

रामगढ़। वेस्ट बोकारो ओपी पुलिस ने अवैध शराब के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए सोनडीहा स्थित जगदीप होटल में छापामारी कर 100 से अधिक अवैध शराब की बोतलें जब्त कर संचालक को हिरासत में लिया है। पुलिस अधीक्षक रामगढ़ को प्राप्त अवैध शराब की बिक्री और भंडारण की गुप्त सूचना पर एक टीम गठित की गई। जिसमें वेस्ट बोकारो ओपी प्रभारी सदानंद कुमार ने सशस्त्र बलों के साथ सोनडीहा स्थित जगदीप लाईन होटल में छापामारी की। इस दौरान पुलिस को देख होटल में बैठकर शराब पी रहे लोग भाग गए। पुलिस ने होटल के विभिन्न हिस्सों की तलाशी के क्रम में होटल में अवैध रुप से रखे किंगफिशर बियर की 86 बोतलें और मैक ड्रेवल्स (180एमएल) की 25 बोतलें बरामद किया। इस संबंध में होटल संचालक प्रदीप प्रसाद पिता स्व. डालेश्वर महतो से पूछताछ के क्रम में उन्होंने किसी प्रकार का वैध कागजात प्रस्तुत नहीं कर पाएं।

आदिवासी समुदाय ने गोरहर में सरहुल पर्व धूमधाम से मनाया

नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा प्रखंड क्षेत्र के गोरहर अंतर्गत ग्राम पाला में आदिवासी समुदाय के लोगों ने सरहुल पर्व शुक्रवार को धूमधाम से मनाया।इस अवसर पर लोग मांदर की थाप पर झुमते व गाते नजर आए। मौके पर भारत जकात मांझी परगना महल के प्रखंड सचिव मनोज मुर्मू ने कहा,झारखंड में प्रकृति का त्यौहार सरहुल की शुरूआत गुरुवार से हो गई है?। सरहुल आदिवासियों का प्रमुख त्योहार है?। इन दिनों आदिवासी समुदाय के लोग तालाब से मछली और केकड़ा पकड़ने का काम करते हैं। वहीं परगना महल के अध्यक्ष राम जी बेसरा ने कहा कि प्राकृतिक का त्योहार सरहुल शुक्रवार को गोरहर के पाला में मनाया गया जिसमें काफी संख्या में आदिवासी समाज के लोग उपस्थित हुए। सरहुल के पहले दिन मछली के जल से अभिषेक किया जाता है और उस अभिषेक किए गए जल को घर में छिड़का जाता है ताकि घर की पवित्रता बनी रहे।साथ ही सखुआ के फूलों की पूजा की जाती है। सदियों से चली आ रही परंपरा को आदिवासी समाज धार्मिक नियमानुसार मनाते आ रहे हैं।

श्री श्री रामनवमी महासमिति कार्यालय का हुआ उद्घाटन, कमिटी का हुआ विस्तार

नवीन मेला संवाददाता। रामगढ़ रामगढ़ चट्टी बाजार स्थित मारवाड़ी धर्मशाला में गुरूवार को श्री रामनवमी पूजा महासमिति कार्यालय का उद्घाटन दर्जनों रामभक्तों की उपस्थिति में नवनियुक्त अध्यक्ष दीपक मिश्रा के हाथों रिबन काटकर एवं प्रभु श्रीराम की तस्वीर पर श्रद्धासुमन अर्पित कर किया गया। कार्यालय उद्घाटन के बाद आयोजित बैठक का मंच संचालन राजेश ठाकुर ने किया । जिसमे दीपक मिश्रा ने अपने कमिटी विस्तार करते हुए सभी पदाधिकारियों की सूची जारी करते हुए कहा की इस बार कमिटी में महा रामनवमी पूजा के तहत रामगढ़ में आयोजित होने वाले मंगला जुलूस एवं शोभा यात्रा में जिले के सभी अखाड़ों एवं पूजा समितियों एवं मातृशक्ति प्रमुख के रूप में मधु गुप्ता,सिंधु झा,गीता मेहता सहित सभी रामभक्तों का समन्वय किया गया है । अगर कुछ नाम छूट गए होंगे तो उन्हे भी आगे चलकर समाहित कर लिया जाएगा। बैठक में शामिल पदाधिकारियों में मुख्य रूप से महासचिव तुलेश्वर पासवान, संरक्षक अनमोल सिंह, डॉ संजय सिंह, विजय जयसवाल, रॉबिन गुप्ता, मातृशक्ति प्रमुख सिंधु झा, उपाध्यक्ष विशाल जायसवाल, सौरव जायसवाल, संजय बनारसी नीरज मंडल आदि पदाधिकारियों ने अपनी बात रखी। अध्यक्ष द्वारा जारी की गई 141 सदस्यीय सूची में महासमिति के अध्यक्ष दीपक मिश्रा,मुख्य संरक्षक राजेश ठाकुर, छोटू सिंह, छोटू वर्मा, उपाध्यक्ष विशाल जायसवाल, पंकज भारती, ओमप्रकाश कुशवाहा, सचिन चंद्रवंशी महासचिव के रूप में तुलेश्वर पासवान, संतोष नायक सचिव के रूप में विनोद राम,तरुण साव, अंकित सिंह, नीरज मंडल, जितेंद्र मिश्रा, भीम सिंह, दिलीप पासवान को जगह दी गई है।

बलिदान | ईसाई समुदाय ने विभिन्न चर्चों में की प्रार्थना

प्रभु येसु का बलिदान हमें मानवता की सीख का संदेश देता है : बिशप जोजो

♦चौदह स्थान पर प्रभु येसु की क्रूर सिपाहियों से मिली यातनाओं को याद किया जाता है

♦पुरोहित मनोज तिर्की, रौशनी तिग्गा, फा. विजय के सहयोग से प्रभु येसु दुख भोग यात्रा का पाठ किया गया

नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग ईसाई समुदाय के चालीस दिनों से चली आ रही प्रार्थना, उपवास और परहेज के अंतिम पड़ाव गुड फ्राइडे अर्थात पवित्र शुक्रवार के दिन विश्वासीगण महागिरजाघर कैथोलिक आश्रम में एकत्रित हुए। प्रभू येसु के कलवारी पहाड़ में क्रूस पर मरने की घटना को याद करतें हुये चौदह स्थान पर प्रभु येसु के द्वारा क्रूर सिपाहियों के यातनाओं को याद किया जाता है। प्रभु येसु द्वारा मानव जाति के पाप क्षमा और कल्याण के लिए क्रूस यात्रा में कोड़े द्वारा जख्म खाना, क्रूरता पूर्वक क्रूस में कील ठोकने और मृत्यु के बलिदान को ईसाई समुदाय याद कर अपने पाप के लिए प्रार्थना कर क्षमा मांगते हैं। दीपुगढ़ा, मरियम टोली, सरना टोली, पतरातू, कोरा, नूतननगर टोला के विश्वासियों, धर्म बहन और धर्म बंधुओं इत्यादि द्वारा क्रूस यात्रा के चौदह स्थान पर बारी बारी प्रार्थना करते हैं। इस अवसर पर भारी संख्या पर ईसाई सामुदाय उपस्थित थे। क्रूस रास्ता यात्रा गिरजाघर के मैदान में सम्पन्न हुआ। तत्पश्चात बिशप आनंद जोजो की अगुवाई में महागिरजाघर में दुःखभोग पाठ और प्रार्थना सभा किया गया। पुरोहित मनोज तिर्की, रौशनी तिग्गा, फा विजय के सहयोग से प्रभु येसु दुःख भोग यात्रा का पाठ किया गया। बिशप आनंद जोजो ने अपने संदेश में कहा कि प्रभु येसु की क्रूस पर मृत्यु और तीसरे दिन जीवित हो जाना विश्वास की दृष्टि से देखने की आवश्यकता है ईश्वर पुत्र हो कर भी उन्होंने हम मानव के लिए यातनायें सह मृत्यु को स्वीकारा रोम साम्राज्य द्वारा क्रूस मृत्यु अपमान जनक सजा होती थी किन्तु प्रभु येसु ने अपने प्रेम और बलिदान द्वारा क्रूस को ही मुक्ति का माध्यम बना दिया। आज हमें प्रेम,क्षमा, परोपकार विश्व बंधुता पर चलने की आवश्यकता है।गुड़फ्राइडे के दिन प्रभु येसु के मृत्यु दंड के पश्चात तीसरे दिन शनिवार मध्य रात्रि जीवित उठने के अवसर पर ईस्टर त्यौहार मनाया जाता है इस अवसर पर शनिवार मध्य रात्रि महागिरजाघर में मिस्सा पूजा का आयोजन होता है।

हजारीबाग यूथ विंग ने रोजेदारों के बीच किया तरबूज का वितरण

नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग सामाजिक एवं धार्मिक कार्यों में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने वाले हजारीबाग यूथ विंग जो पिछले दो वर्षों से शहर में अपनी सेवा के माध्यम से लोगों के दिलों में एक अलग जगह बनाने का प्रयास कर रहा है इसी प्रयास के दौरान शुक्रवार को देर शाम सरदार चौक रोड के मजार के समीप रमजान के अवसर पर रोजेदारों के बीच तरबूज का वितरण किया गया। शहर में बढ़ती गर्मी के बीच मुस्लिम समुदाय के लोग अपने पवित्र पर्व को काफी सादगी के साथ मना रहे हैं। उनके इस पवित्र पर्व में हजारीबाग यूथ विंग ने छोटा सा प्रयास करते हुए तरबूज का वितरण किया है। हजारीबाग यूथ विंग के उपाध्यक्ष जयप्रकाश खण्डेलवाल की अध्यक्षता में कार्यक्रम संपन्न हुआ। लगातार दूसरे वर्ष यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है। कार्यक्रम की सराहना करते हुए मुस्लिम समुदाय के लोगों ने कहा कि आपके द्वारा यह काफी सराहनीय सेवा की जा रही है।

सिमडेगा में गुड फ्राइडे पर संत अन्ना महागिरजाघर में विशेष मिस्सा बलिदान का हुआ आयोजन

नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा सिमडेगा जिला मुख्यालय एवं ग्रामीण क्षेत्रो में गुड फ्राइडे के अवसर पर विभिन्न गिरजाघरों में विशेष आराधना का आयोजन किया गया। शहरी क्षेत्र के संत अन्ना महागिरजाघर में धर्माध्यक्ष विशप विंसेंट बरवा की अगुवई में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया. महागिरजाघर में ख्रीस्त मतावलंबियों ने श्रद्धा और भक्ति के साथ पवित्र क्रूस की आराधना की।मौके पर धर्मविधि और क्रूस आराधना मुख्य अनुष्ठाता विजी सह पल्ली पुरोहित फादर इग्नासियुस टेटे की अगुवाई में किया गया। कार्यक्रम में एक से 14 स्थानों तक क्रूस रास्ता किया गया। मौके पर यीशु मसीह के क्रूस पर चढ़ाने की घटना को जीवंत दशार्या गया. जिसे देख मसाही समाज के लोगों के आंखे नम हो गयी।

गुड फ्राइडे का मतलब उपवास, समर्पण और संयम का जीवन बिताना : गुड फ्राइडे पर प्रकाश डालते हुए पुरोहित ने कहा कि गुड फ्राइडे का मतलब उपवास, समर्पण और संयम का जीवन बिताना है. प्रभु के दुखों को स्मरण करना है. कहा कि शोक संताप का दिन होने के बावजूद गुड फ्राइडे सबसे शुभ दिन है. उन्होंने कहा कि मिस्सा बलिदान द्वारा प्रभु यीशु पवित्र संस्कार के रूप में हमारे पास आते हैं। हमारे गुनाहों को माफ कर हमें नया जीवन देते हैं।यही पवित्र मिस्सा बलिदान ख्रीस्त विश्वास का केंद्र है। प्रभु यीशु ने पवित्र पुरोहिताई संस्कार की स्थापना की। क्रूस की घटना को झांकी के माध्य्म से दिखाया गया ।तीन बजे से 14वां स्थान का स्मरण कर क्रूस यात्रा की गई।क्रूस की उपासना के समय पुरोहित लाल वस्त्र पहनकर घटना को याद करते है।कार्यक्रम में मुख्य रूप से विशप विंसेंट बरवा, फादर इमानुएल बरला, फादर एमानुएल बरला, विजी सह फादर इग्नासियुस टेटे, फादर सुनील सुरीन, फादर जेवियर जोजो, फादर प्रदीप केरकेट्टा, फादर फेड्रिक कुजूर, फादर एफ्रेम बा, फादर सिलबानुस केरकेट्टा, फादर ब्रूनो टोप्पो, फादर शैलेश केरकेट्टा, फादर फुल्जेम्स कुल्लू , फादर किशोर लकड़ा, फादर कॉर्नेलियुस के अलावा अन्य लोग भी उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में कैथोलिक सभा, महिला संघ, युवा संघ के सदस्यों ने अहम् भूमिका निभाई. कार्यक्रम में काफी संख?या में ख्रीस?तीय धर्मावलंबी उपस्थित थे।

अपर समाहर्ता ने पोस्टल बैलेट कोषांग के साथ की समीक्षा बैठक, दिए कई दिशा निर्देश

नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा लोक सभा निर्वाचन 2024 में अनिवार्य सेवा के मतदाताओं को मतदान में भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए अपर समाहर्ता ज्ञानेंद्र कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय में पोस्टल बैलेट कोषांग की बैठक हुई। बैठक में अनिवार्य सेवा के तहत मतदान तिथि को ड्यूटी पर रहने वाले कर्मियों को पोस्टल बैलेट से मतदान करने की स्वीकृति के लिए फॉर्म 12 घ उपलब्ध कराने का निर्देश नोडल पदाधिकारियों को दिया गया, जिसमें स्वास्थ्य सेवा में लगे कर्मी, एम्बुलेंस सेवा के चालक, बी एस एन एल के कर्मी, पोस्टऑफिस के कर्मी, अग्निशमन विभाग के कर्मी,कारा सेवा के कर्मी, विद्युत विभाग के कर्मी तथा निर्वाचन आयोग से प्राधिकृत/पी आई बी के मीडिया कर्मी तथा मतदान कर्मी होंगे। संबंधित विभागों के नोडल पदाधिकारी एनेक्सर 12 घ के भाग 1 में मतदान तिथि को ड्यूटी पर रहने वाले कर्मियों से विस्तृत व्योरा प्राप्त करेंगे तथा भाग 2 नोडल पदाधिकारी सत्यापन कर अफ्ड को उपलब्ध कराएंगे।इसके लिए पोस्टल वोटिंग केंद्र का निर्माण किया जाएगा।मतदान के तीन दिन पूर्व पोस्टल वोटिंग कराई जाएगी। पोस्टल वोटिंग निर्गत होने पर वोटर का हस्ताक्षर तथा उसका सत्यापन किया जायेगा।वोटिंग पश्चात दिए गए उपयुक्त लिफाफों में बंद की जाएगी। आवश्यक जानकारी पढ़कर सुनाया दी जाएगी।

एक नजर

राष्ट्रीय आविष्कार अभियान योजना के तहत विद्यार्थियों का प बंगाल भ्रमण कार्यक्रम

सिमडेगा। जिले के सभी दस प्रखंडों से 99 छात्र-छात्राओ तथा 14 मेंटरो के साथ राष्ट्रीय आविष्कार अभियान योजना के तहत पश्चिम बंगाल के कोलकाता शहर के विभिन्न जगहों का भ्रमण कराया गया । जिसमें कोलकाता साइंस सिटी,विक्टोरिया मेमोरियल, मंदार मनी एवं अन्य कई स्थानों में विद्यार्थियों को भ्रमण कराया गया साथ ही वहाँ के ऐतिहासिक चीजों के बारे बच्चों को जानकारी दिया गया इस मौके पर विद्यार्थी काफी खुश हुए। बताया गया कि विद्यार्थी अपने जीवन में आगे बढ़ने के लिए इसको आत्मसात करें, राज्य के साइंटिफिक कलाकृति ऐतिहासिक धरोहर को देखने का मौका बच्चों को मिला । इस मौके पर डीपीएम अलका लकड़ा के अगुवाई में पूरी टीम के साथ जिसमें बीपीओ मनमोहन गोस्वामी, अनिल खलखो, देशबंधु शास्त्री शिक्षक देव दर्शन बड़ाईक, मधुसूदन महतो, सुषमा केरकेट्टा, संगीता कुल्लू, नीरज वर्मा, कनकलाता आदि शिक्षकों ने भाग लिया।

बीडीओ व सीओ ने किया मतदान केंद्रों का निरीक्षण

कोडरमा / मरकच्चो। आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर बीडीओ हुलास महतो व सीओ परमेश्वर कुशवाह ने प्रखंड की विभिन्न पंचायतों में स्थित मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। बीडीओ ने बताया कि सभी बूथों पर बिजली, पानी, शौचालय, आवागमन के लिए सड़क आदि की सुविधा को लेकर बूथों का निरीक्षण किया जा रहा है। लोकसभा चुनाव में वोट डालने आने वाले मतदाताओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसको लेकर पंचायत सचिव व बीएलओ को दिशा-निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि सभी बूथों पर व्यवस्था का आकलन कर सबकुछ दुरुस्त किया जा रहा है। वहीं प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में सभी बीएलओ व सुपरवाइजर के साथ बैठक की गयी। बैठक मे एएसडी वोटर के लिए फॉर्म का वितरण किया गया। वहीं प्रखंड मे बनाये गए 11 नये बूथों के वोटरों को डोर टू डोर जाकर उन्हें नये बूथ की जानकारी देने की निर्देश बीएलओ को दिया गया व प्रारूप 12 की पावती रशीद निर्गत की गयी।

डीसी ने सभी कोषांग के पदाधिकारियों के साथ चुनाव को लेकर की समीक्षा बैठक

सभी तैयारियों को ससमय पूरा करने का दिया निर्देश

नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा उपायुक्त अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता मेंलोक सभा निर्वाचन 2024 की तैयारी समीक्षा हेतु सभी कोषांगों के वरीय पदाधिकारियों तथा नोडल पदाधिकारियों के साथ समाहरणालय सभागार में बैठक की गई।बैठक में उपायुक्त ने सभी कोषांग को चुनाव से संबंधित सभी तैयारियों को समय रहते पूर्ण कर लेने का निर्देश दिया। उन्होंने मतदाता सूची में अंतिम नामांकन तिथि के पश्चात, वोटर स्लिप वितरण, मतदान कर्मियों का रैंडमाइजेशन, पोस्टल बैलेट सुविधा उपलब्ध कराने, ई वी एम स्ट्रांग रूम का व्यवस्थापन, सी सी टी वी, ई वी एम तथा वी वी पेट का समुचित रख रखाव,जी पी एस ट्रैकिंग, मतदान केंद्रों की सुविधाएं, आदर्श आचार संहिता, व्यय मॉनिटरिंग, संलग्न पदाधिकारी, एम सी एम सी, प्रशिक्षण, परिवहन प्लान, रुटचार्ट, कम्युनिकेशन प्लान, शैडो एरिया, वोटर हेल्पलाइन, मतदान दिवस की तैयारी,मतदान कर्मियों के प्रस्थान, मतदान पश्चात वज्र गृह तक पहुंचना, मतगणना स्थल पर अपने दायित्व से संबंधित समीक्षा विस्तृत की गई तथा संबंधित वरीय व नोडल पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया।बैठक में पुलिस अधीक्षक सौरभ कुमार, उप विकास आयुक्त संदीप कुमार दोराईबुरु, आईटीडीए निदेशक सरोज तिर्की, अनुमंडल पदाधिकारी सुमन तिर्की, जिला परिवहन पदाधिकारी ओमप्रकाश यादव, उप निर्वाचन पदाधिकारी पवन कुमार महतो, जिला जन-संपर्क पदाधिकारी पलटू महतो सहित अन्य पदाधिकारी गण उपस्थित थे।

विभिन्न मांगों को लेकर खड़िया समाज ने विधायक को सौंपा ज्ञापन

नियुक्तियों में खड़िया समाज को भी मिले स्थान

नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा अखिल भारतीय खड़िया महाडोकलो के पदाधिकारी एवं सदस्य विधायक भूषण बाड़ा को एक मांगपत्र सौंपा। अपने मांगपत्र में खड़िया समाज के पदाधिकारियों ने कहा कि राज्य सरकार खड़िया भाषा की पढ़ाई कक्षा एक से लेकर स्नातकोत्तर तक हो, सीएन टी के अनुसार पूर्व में थाना की बैधता थी उसे समाप्त करते हुए रांची में भी खड़िया समाज जमीन अपने नाम ले सके वैसी व्यवस्था सरकार द्वारा किए जाएं। यूनिवर्सिटी में भाषाई शिक्षकों के बहाली के लिए नियुक्तियां निकाली गई है उसमें खड़िया भाषा शिक्षक के लिए भी नियुक्ति आमंत्रित किया जाय। मौके पर विधायक ने थाना की बाध्यता को समाप्त कराया जाएगा। ज्ञापन में जमीन की खरीद बिक्री में आवासीय एवं व्यवसाय के लिए सीमा क्रमशः 25 व 30 डिसमिल अप्लाई करने की मांग की। ताकि लोग इसका नाजायज फायदा ना उठा सके। मौके पर समाज के लोगों ने गुमला एवं सिमडेगा जिले के प्राथमिक, मध्य एवं प्लस टू स्कूलों में संस्कृत भाषा की तरह खड़िया भाषा की भी पढ़ाई शुरू कराई जाय। मौके पर विधायक ने भी खड़िया समाज के सभी समस्याओं का समाधान कराने का आश्वासन दिया। साथ ही खड़िया भाषा की पढ़ाई के लिए पहल करने की बात कही।

न्यूज बॉक्स

ईसाइयों ने प्रार्थना सभा कर प्रभु यीशु को किया याद

बरही। गुड फ्राइडे के मौके पर चार माईल स्थित चर्च में अहले सुबह प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया. जहां फादर की अगुवाई में प्रभु यीशु को याद किया गया. साथ ही अपने पापों के प्रायश्चित किया. ईसाइयों ने बताया कि इस दिन को ईसा मसीह के मृत्यु दिवस के रुप में मनाया जाता है. गुड फ्राइडे के दिन प्रभु के अंतिम वाक्यों को प्रार्थना के दौरान व्यथित किया जाता है. गुड फ्राइडे के तीन दिन के बाद ईस्टर का पर्व मनाया जाता हैं. ऐसी मान्यता है कि इस दिन कोई भी नया काम की शुरूआत नही की जानी चाहिए. जमीन पर कुदाल या फावड़ा नही लगे इस करना इस दिन बागवानी और खेती के कार्य भी नहीं किए जाते हैं. ऐतिहासिक पृष्ठभूमि के आधार पर ईसाई धर्म के लोग गुड फ्राइडे इसलिए मनाते हैं, क्योंकि इसी दिन प्रेम व शांति के मसीहा प्रभु यीशु को सूली पर चढ़ाया गया था. जिन्हे धार्मिक कट्टरपंथी ने रोम के शासक से शिकायत करके उन्हें सूली पर चढ़वाने का काम किया था.

बोलबा थाना क्षेत्र के अलिंगुड गांव में अवैध शराब बिक्री के खिलाफ पुलिस ने की छापामारी

बोलबा। बोलबा थाना क्षेत्र के अलिंगुड गाँव में अवैध शराब बिक्री के खिलाफ बोलबा पुलिस ने किया छापामारी 40 किलो महुवा जावा नष्ट किया गया । इस मौके पर बताया गया कि आगामी पर्व त्योहारों को देखते हुए बोलबा पुलिस द्वारा अवैध शराब बिक्री के खिलाफ छापामारी किया गया ।छापामारी के दौरान 40 किलों महुवा जावा नष्ट किया गया थाना प्रभारी विकास कुमार महतो ने बताया कि अवैध शराब बिक्री के खिलाफ लगातार छापामारी अभियान चलाया जायेगा । साथ ही करवाई भी किया जायेगा। इस मौके पर एसआई सोनू पाठक सहित पुलिस जवान मौजूद थे।

हाथी ने विधवा महिला के घर को उजाड़ा प्रशासन से लगाई मदद की गुहार

जलडेगा। प्रखंड में इन दिनों झुंड से बिछड़े एक जंगली हाथी ने तबाही मचा रखा है। मामला कूटूंगीया डुडिंग टोली का है जहाँ जंगली हाथी ने एग्नेसिया कंडूलना, पति स्व इलियास कंडूलना के घर को बीती रात करीब 1 बजे ध्वस्त कर दिया और घर में रखे करीब 1 क्विंटल धान को चट कर गया। जिसके कारण विधवा गरीब महिला की सारी उम्मीद जिला प्रशासन की तरफ लगी हुई है।

बानो हाट बाजार के पास पिकअप वैन पलटा, तीन घायल

बानो। बानो प्रखंड के घाट बाजार के समीप पिकअप वैन पलटने से दो महिला सहित एक व्यक्ति घायल हो गया घटना के संबंध मिली जानकारी के अनुसार बानो की ओर से पिकअप वैन में 9 लोग सवार होकर राउरकेला जा रहे थे इसी क्रम में घाट बाजार के समय पिकअप वैन अनियंत्रित होकर पलट गयी घटना में लीला नायक 55 वर्ष सिल्विना माझी 60 वर्ष और राजू नाग 30 वर्ष घायल हो गया घटना की जानकारी होने पर गिरदा पुलिस घटनास्थल पहुंचकर घायलों को हुरदा स्वास्थ्य केंद्र भर्ती कराया गया जहां घायलों का इलाज किया गया।

मोटर वर्कर एसोसिएशन के बैनर तले बस स्टैंड सिमडेगा में हुई बैठक

सिमडेगा। सिमडेगा बस स्टैंड में शुक्रवार को मोटर वर्कर एसोसिएशन के अध्यक्ष दिलीप तिर्की की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में संगठन द्वारा बस स्टैंड में व्याप्त समस्याओं को बारी-बारी से रखा। सदस्यों ने बताया कि भीषण गर्मी पड़ रही है और ऐसे में बस स्टैंड सिमडेगा में पीने की पानी की व्यवस्था नहीं है बस स्टैंड सिमडेगा में पीने वाली पानी का जो टंकी है, वह पूरी तरह से दूषित है जिसको पीने से व्यक्ति और भी बीमार हो जाएगा ,लेकिन इस मामले में बस स्टैंड पर नगर परिषद द्वारा किसी प्रकार का ध्यान नहीं दिया जा रहा है। इसके अलावा नॉनस्टॉप बसों का ठहराव का स्थान परिवर्तन किया गया है ,जिसकी वजह से आए दिन यात्रियों को बैठने को लेकर बस एजेंट के बीच आपसी नोंकझों का लड़ाई झगड़ा की नौबत आ जाती है, जिसे दूर करने की आवश्यकता है। मौके पर दिलीप ने कहा कि नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी से इस मामले में बात की गई है जहां पर उन्होंने बताया है कि स्थान परिवर्तन वाले मामले में जल्दी आपसी बैठक करते हुए, इसका समाधान किया जाएगा।

जंगली हाथी ने सबन कुल्लू के घर को ध्वस्त किया, रखे अनाज को भी बबार्द कर दिया

नवीन मेल संवाददाता। ठेठईटांगर प्रखंड क्षेत्र में इन दिनों लगातार जंगली हाथियों का आतंक बढ़ता जा रहा है महुआ सीजन होने की वजह से महुआ की सोंधी खुशबू से हाथी और मदमस्त होकर ग्रामीण क्षेत्र के लोगों के घरों को निशाना बना रहे हैं। बीती रात कोनमेंजरा पंचायत अंतर्गत कुड़पानी धुवनबेड़ा गांव निवासी सबन कुल्लू के घर को क्षतिग्रस्त करते हुए घर में रखे धान एवं चावल खा गया साथ ही घर का मालबा गिरने से बर्तन कुर्सी, टेबल इत्यादि समान बर्बाद हो गई। इधर पीड़ित किसान ने इसकी जानकारी कोनमेंजरा मुखिया सुषमा टेटे को दिया। मामले की जानकारी मिलने के बाद मुखिया द्वारा प्रखंड प्रमुख की इसकी सूचना दी। प्रखंड प्रमुख विपिन पंकज मेंस मुखिया के साथ पगडंडी लकड़ी का पुल का सहारा करते हुए पैदल लंबी दूरी तय कर किसान के घर पहुंचे और हाल-चाल जाना। मौके पर उन्होंने कहा कि वन विभाग से मिलने वाली सभी प्रकार की मुआवजा दिलाने का प्रयास किया जाएगा साथी सरकार की ओर से नए आवास भी दिलाई जाएगी जिससे कि किसान को परेशानी बारिश के मौसम में ना हो सके।मौके पर रेने टेटे ,शाहबाज अली जॉनसन कुल्लू समीर टेटे आदि मौजूद थे।

जवाहर नवोदय विद्यालय में दक्षणा चयन परीक्षा का हुआ आयोजन

दक्षणा चयन परीक्षा के माध्यम से जेईई व नीट की परीक्षा के लिए तैयारी का मिलता है मौका

प्रति वर्ष यहां से छात्रों का चयन होता है और वे देश के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थानों में अध्ययन कर जिले का नाम रोशन कर रहे हैं

नवीन मेल संवाददाता। कोलेबिरा जवाहर नवोदय विद्यालय में शुक्रवार को दक्षणा चयन परीक्षा का आयोजन किया गया। इस परीक्षा के लिए विद्यालय के कुल 13 छात्र पंजीकृत थे जबकि 12 छात्रों ने परीक्षा में हिस्सा लिया। दक्षणा चयन परीक्षा के माध्यम से चयनित छात्रों को नवोदय विद्यालय समिति द्वारा जेईई व नीट की परीक्षा के लिए विशेष तैयारी का मौका मिलता है। पूर्व में, इस विद्यालय से शिवम नायक, सिमरन कोंगाड़ी और अभिजीत लकड़ा सहित अनेक छात्रों ने नवोदय दक्षणा चयन परीक्षा में सफलता अर्जित की है। जेएनवी के प्राचार्य प्रशांत कुमार ने बताया कि प्रति वर्ष यहां से दक्षणा के लिए छात्रों का चयन होता है और वे छात्र आज देश के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थानों में अध्ययन कर जिले का नाम रौशन कर रहे हैं। यहां के शिक्षक, छात्रों को परीक्षा की बेहतर तैयारी कराने के लिए पूरी तरह से समर्पित हैं। परीक्षा प्रभारी बिकास चंद्रा ने बताया कि इस विद्यालय के जिन छात्रों का नवोदय दक्षणा चयन परीक्षा में चयन होगा, उन्हें जेएनवी कोट्टयम (केरल) तथा जेएनवी (बंगलुरू, ग्रामीण) में क्रमशः जेईई तथा नीट की तैयारी का मौका मिलेगा। इन शिक्षण संस्थानों में छात्रों को निःशुल्क तैयारी का मौका मिलता है।

स्वागत | **बरही के कांग्रेसियों ने जेपी पटेल से की मुलाकात, दीं शुभकामनाएं**

वर्षों बाद कांग्रेस को मिला है मजबूत उम्मीदवार, फतह तय : अब्दुल मन्नान

जयप्रकाश पटेल भाजपा की दमनकारी और शोषणकारी नीतियों से ऊबकर कांग्रेस से जुड़े

नवीन मेल संवाददाता। बरही पार्टी आलाकमान ने बीजेपी छोड़कर कांग्रेस ज्वाइन करने वाले मांडू विधायक जयप्रकाश पटेल को हजारीबाग लोकसभा से उम्मीदवार बनाया है. जिसे इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ता हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र से सशक्त उम्मीदवार बता रहे है. बरही प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष अब्दुल मन्नान वारसी की अगुवाई में बरही के कांग्रेसियों ने हजारीबाग कांग्रेस कार्यालय में अपने चहेते व लोकप्रिय उम्मीदवार से मुलाकात किया. कांग्रेस सह इंडिया गठबंधन से हजारीबाग संसदीय सीट के लिए उम्मीदवार बनाए जाने पर बुके देकर बधाई देते हुए जीत की शुभकामनाएं दी. मौके पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष शैलेंद्र यादव, जिला उपाध्यक्ष और कांग्रेस धार्मिक न्यास बोर्ड के जयशंकर पाठक भी मौजूद थे. प्रखंड अध्यक्ष ने बताया कि श्री पटेल खानदानी नेता है, जिनके पिता चार बार विधायक व एक बार सांसद रह चुके है. वह स्वयं मांडू विधानसभा के विधायक रहे है. परंतु भाजपा की दमनकारी और शोषणकारी नीतियों से ऊबकर बीजेपी का दामन छोड़कर कांग्रेस से जुड़े. इनकी उम्मीदवारी को घोषणा से विपक्ष हताश है. हमारा गठबंधन हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र से विजयी होगा. वही कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष डॉ अंसारी ने बताया कि श्री पटेल के साथ हजारीबाग संसदीय क्षेत्र की जनता का आशीर्वाद है. बीजेपी के पास कोई एजेंडा नही है. कांग्रेस ही गरीब गुरबों की पार्टी है. पूरे देश में कांग्रेस का समर्थन बढ़ा है. जिलाध्यक्ष श्री यादव ने कहा कि 2024 लोकसभा में हमारी हजारीबाग से फतह होगी, पूरे देश में इंडिया गठबंधन की अप्रत्याशित जीत होगी. कांग्रेस उम्मीदवार जेपी पटेल ने सभी का अभार व्यक्त करते हुए सहयोग और चुनावी रणक्षेत्र में कूद पड़ने की बात कही.

डॉल्फिनो प्रीमियर लीग में 5 अप्रैल से निबंधन

22 अप्रैल से होगा लीग का शुभारंभ, 12 फ्रेंचाइजी लेंगे हिस्सा

नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग जिले के क्रिकेट प्रेमियों के लिए एक खुशखबरी डॉल्फिनों रिजॉर्ट में आयोजित एक प्रेस कांफ्रेंस में शुक्रवार को आयोजकों द्वारा दी गई।डॉल्फिनों रिजॉर्ट सह डॉल्फिनों फ्रेंचाइजी के मुख्य प्रबंधक विकास कुमार ने उपस्थित मीडिया कर्मियों को बताया कि आईपीएल की तर्ज पर डीपीएल क्रिकेट टूर्नामेंट में लगभग 12 फ्रेंचाइजी अपनी अपनी टीमों के साथ इस टूर्नामेंट में किस्मत आजमाएंगे। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों का निबंधन 5 अप्रैल से आरंभ हो जाएगा, साथ ही फ्रेंचाइजी खिलाड़ियों का ऑक्सन डॉल्फिनों रिजॉर्ट में 9 अप्रैल से आरंभ होगा। 22 अप्रैल से मैच शुरू होगा। फ्रेंचाइजी में एमडीएम, फ्लोरेस्टा, पैंथर, आरोग्यम, बुलफाइटर, डॉल्फिनों, एलिगेंट, संत जोन, गैलेक्सी हाई स्कूल शामिल हैं। श्री कुमार ने आगे कहा कि टूनामेंट के मैच छड़वा एवं संजय सिंह स्टेडियम में खेले जायेंगे। कहा कि इस टूर्नामेंट की पुरस्कार राशि लगभग 10 लाख है। मौके पर उपस्थित करण जायसवाल ने टूर्नामेंट के लोगो का अनावरण करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से युवाओं में खेल के प्रति रुझान बढ़ता है।

एक नजर

बर्मामाइंस की रबर फैक्ट्री में लगी भीषण आग

जमशेदपुर। जमशेदपुर के बमार्माइंस थाना अंतर्गत लाल बाबा फाउंड्री स्थित एक रबर की फैक्ट्री में शुक्रवार देर शाम अचानक आग लग गई। आग की लपटें धीरे धीरे तेज हो गई। आग से निकलता धुआं दूर से ही दिखाई दे रहा था। आग लगने के बाद स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना झारखंड अग्निशमन विभाग को दी। हालांकि, खबर लिखे जाने तक दमकल मौके पर नही पहुंची है। आग किन कारणों से लगी इसकी जानकारी अभी नहीं मिल पाई है।

आबकारी विभाग ने किया महुआ शराब भट्ठी को ध्वस्त, संचालक फरार

आदित्यपुर। लोकसभा चुनाव को लेकर आबकारी विभाग ने सख्ती बढ़ा दी है। शुक्रवार को उत्पाद अधीक्षक को मिले गुप्त सूचना के आधार पर विभाग ने आदित्यपुर के आरआईटी थाना क्षेत्र में छिपकर महुआ शराब चुलाई कर रहे अड्डे पर छापेमारी की। संचालक खरकई नदी से सटे भुआ पम्प हाउस और पार्वतीपुर के नदी किनारे अवैध शराब चुलाई वर्षों से कर रहे थे। इसका खुलासा करते हुए भट्ठी को ध्वस्त किया गया है। छापेमारी के दौरान 700 किलोग्राम जावा महुआ को नष्ट किया गया एवं 40 लीटर तैयार महुआ शराब बरामद किया गया है। छापेमारी की खबर लगते ही संचालक फरार हो गया है। आबकारी विभाग द्वारा उत्पाद अधिनियम के तहत फरार अभियोग दर्ज करते हुए कार्रवाई की जा रही है।

तिरुलडीह में हाथी का उत्पात, ध्वस्त किया मकान, खाया अनाज

चांडिल। चांडिल अनुमंडल में कुछ दिनों तक शांत रहने के बाद जंगली हाथी ऐ बार फिर अपनी उपस्थिति दिखाने लगे हैं। वैसे जंगली हाथियों का झुंड क्षेत्र में विचरन कर रहे थे। गुरुवार की रात अकेला घुम रहा जंगली हाथी चांडिल वन क्षेत्र के तिरुलडीह में अपनी दमदार उपस्थिति दर्ज कराया। कुकडू प्रखंड के तिरुलडीह मध्य विद्यालय के समीप सिरकाडीह में जंगली हाथी ने विजय कालिंदी के घर पर हमला बोल दिया। हाथी ने विजय कालिंदी के घर को क्षतिग्रस्त कर घर के अंदर रखे अनाज को अपना निवाला बनाया। इसके साथ ही घर के अन्य सामान को नुकसान पहुंचाया। जंगली हाथी के घर तोड़ने की सूचना मिलते ही लोग दहशत में आ गए। लोगों को डर सताने लगा कि जंगली हाथी एक बार फिर आक्रमक रूख अख्तियार कर रहे हैं। ऐसे में अब शाम ढलने के साथ ही लोगों का घर से निकलना बंद हो जाएगा। जंगली हाथियों का उत्पात एक बार फिर शुरू होने के बाद लोग वन विभाग से सुरक्षा की गुहार लगा रहे हैं।

गिरिडीह में ईसाई धर्मावलंबियों ने गुड फ्राइडे पर की गिरजाघरों में प्रार्थना

सीएनआई चर्च पचंबा में प्रार्थना भवन का बिशप फ्रांसिस हंसदा ने किया शुभारंभ

जिलेभर के विभिन्न गिरजाघरों में की गई प्रार्थना

नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह
गुड फ्राइडे के अवसर पर जिले भर के विभिन्न गिरजाघरों में यीशु मसीह के क्रूस पर हुए बलिदान को याद करते हुए प्रार्थना किया गया। इसी क्रम में सीएन आई चर्च पचंबा में भी ईसाई समुदाय के धर्मावलंबियों ने गिरजाघर में एकत्रित होकर ईसा मसीह को याद करते हुए प्रार्थना किया। और मानवजाति के लिए यीशू के त्याग और बलिदान को समझने और महसूस करने का प्रयास किया।बताते चलें कि आज ही के दिन ईसा मसीह को क्रुस पर चढ़ाया गया था। उसी को स्मरण करते हुए यह आराधना प्रत्येक वर्ष की जाती है। चर्च आराधना का संचालन रेव्ह सन्नी दास एवं पूर्व रेव्ह एफ टी हंसदा द्वारा दिया गया। यीशु मसीह द्वारा क्रुस पर से कही गई अंतिम सात वाणी को विशप फ्रांसिस हंसदा द्वारा विस्तार पूर्वक बताया गया।

यीशु मसीह की क्रूस पर से कही गई अंतिम सात वाणी

पहली वाणी – हे पिता इन्हें क्षमाकर क्योंकि ये नहीं जानते कि ये क्या कर रहे हैं- (मत्ती 27:46)**द्वितीय वाणी–** मैं तुझसे सच कहता हूं कि आज ही तू मेरे साथ स्वर्गलोक में होगा- (लूका 23:46)**तृतीय वाणी –** हे नारी, देख, यह तेरा पुत्र है। तब उस चेले से कहा, यह तेरी माता है - (यूहन्ना 19:25-27)**चौथी वाणी –** एली, एली, लमा शबक्तनी अर्थात हे मेरे परमेश्वर, हे मेरे परमेश्वर, तू ने मुझे क्यों छोड़ दिया?"- (मत्ती 27:45-46)**पांचवीं वाणी –** मैं प्यासा हूं - (यूहन्ना 19:28-29)**छठी वाणी –** पूरा हुआ - (यूहन्ना 19:30)**सातवीं वाणी** -"और यीशु ने बड़े शब्द से पुकार कर कहा; हे पिता, मैं अपनी आत्मा तेरे हाथों में सौंपता हूं: और यह कहकर प्राण छोड़ दिए"- (लूका 23:46)इस गुड फ्राइडे आराधना में स्थानीय लोगों के साथ साथ देश, प्रदेश से आए धर्मावलंबियों ने भी प्रार्थना किए और यीशु मसीह द्वारा क्रूस पर से कहीं अंतिम सात वाणियों को सुनकर ईसा मसीह के उस पीड़ा को महसूस करने का प्रयास किया जो उन्होंने क्रूस पर से पीड़ा सहते हुए कहा। आज की आराधना उपवास की आराधना थी और चर्च समाप्ति के बाद सभी ने शरबत पीकर अपना अपना उपवास तोड़ा। चर्च आराधना के बाद भागलपुर डायसिस के विशप फ्रांसीस हंसदा, सीएनआई चर्च पचम्बा के रेव्ह सन्नी दास, पूर्व रेव्ह एफटी हंसदा द्वारा अतिरिक्त प्रार्थना भवन का शुभारंभ प्रार्थना और जल छिड़काव के द्वारा किया गया। चर्च आराधना में अजय मरांडी, रेव्ह जोय हेम्बरोम, संजीव टुडू, जोनाथन पीटर, सुबीर किस्पोट्टा, जूली मरांडी, ओरबेन सहाय, सिलास मंडल, रंजना जैकब, जोना मरांडी, जोसुआ सहाय, केपी मरांडी, दीपक सेख, सिलास मंडल आदि मौजूद रहे।

एसडीपीओ गिरिडीह ने गांडेय के कई केंद्रों का किया निरीक्षण

नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह
गिरीडीह पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीपीओ) द्वारा शुक्रवार को गांडेय थाना के अंतर्गत विभिन्न विद्यालय का निरीक्षण किया गया। इस दौरान गांडेय थाना क्षेत्र में स्थित संत जॉन ब्रिटो महेशमुंडा, मोरिया उच्च विद्यालय खोरीमहुआ मेदनीसारे में स्थित डिग्री कॉलेज का निरीक्षण किया गया। बता दें कि की जैसे जैसे लोकसभा चुनाव का समय नजदीक आ रहा है वैसे वैसे चुनाव की मुकम्मल व्यवस्था को लेकर प्रशासन की तैयारी तेज हो रही है।

इसी क्रम में गिरिडीह पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी विनोद रवानी ने गांडेय थाना क्षेत्र का दौरा कर सीआरपीएफ कैंप का ठहराव हेतु विभिन्न केंद्र का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान केंद्रों में पेयजल की सुविधा, शौचालय, बिजली व्यवस्था में सुधार करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश प्रखंड पदाधिकारियों को दिया गया। मौके पर उपस्थित प्रखंड विकास पदाधिकारी निशांत अंजुम, अंचलाधिकारी मनोज कुमार, इंस्पेक्टर कमाल खान, गांडेय थाना प्रभारी रघुनाथ सिंह समेत अन्य प्रखंड कर्मी मौजूद थे।

फरार अभियुक्त गिरफ्तार कर चकाई पुलिस को किया गया सुपुर्द

महुआ शराब चुआई मामले में वांछित अभियुक्त था कानीचिहार का रामचंद्र मुर्मू

नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह
झारखण्ड - बिहार के सीमावर्ती इलाके में अवैध महुआ शराब चुआई करने के मामले में लम्बे समय से फरार चल रहे अभियुक्त को तिसरी पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आभियुक्त तिसरी थाना क्षेत्र के बेलवाना पंचायत अंतर्गत कानिचिहार गांव का रहने वाला रामचंद्र मुर्मू पिता बड़कू मुर्मू है।

तिसरी पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्त को चकाई थाना पुलिस को सुपुर्द कर दिया। चकाई पुलिस अभियुक्त रामचंद्र मुर्मू को अपने साथ बिहार ले गई। गिरफ्तार रामचंद्र मुर्मू बिहार के चकाई थाना कांड संख्या 32/2021 के तहत धारा 272/273 भा. द. वि. एवं 30 ए /41/30सी बिहार उत्पाद संसोधन अधिनियम का अभियुक्त है। गिरिडीह के पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शर्मा को फरार चल रहे रामचंद्र के तिसरी थाना इलाके में होने की गुप्त सुचना मिली थी। जिसके आधार पर खोरीमहुआ अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के निर्देश पर तिसरी थानाप्रभारी संजय नायक के नेतृत्व में एएसआई सुदर्शन बीन व आरक्षी मनोज कुमार, मुकेश कुमार अनिल यादव, मिलन मिश्रा समेत छापेमारी टीम का गठन कर थाना इलाके के कानिचिहार स्थिति अभियुक्त के घर से उसे गिरफ्तार किया गया।

मोहम्मद हसनैन ने अपनी पत्नी की गला दबाकर कर दी हत्या

नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह
पचंबा थाना अंतर्गत नरेंद्रपुर गांव में बीते रात मोहम्मद हसनैन ने अपनी पत्नी यासमीन खातून को गला दबाकर हत्या कर दिया। ग्रामीणों ने बताया कि इस बात को लेकर जब ग्रामीणों ने इस बात को सुन कर हसनैन के घर पर इकट्ठा होने लगे और ग्रामीणों को आक्रोश देखकर मोहम्मद हसनैन उनके पिता कलीम अंसारी घर से फरार हो गया। इसकी जानकारी पाचंबा थाना प्रभारी मिला। जनकारी मिलते ही थाना प्रभारी नरेंद्र यादव अपने बल दल के साथ अपराधी की तलाश में लग गए और यह पता कर लिया कि अपराधी मोहम्मद हसनैन और उनके पिता कलीम अंसारी मधुपुर रेलवे स्टेशन पहुंचा है। इस दौरान घटना की जानकारी मिलते ही पचंबा थाना प्रभारी नरेंद्र यादव अपने पुलिस जवानों के साथ मधुपुर सीआरपीएफ का सहयोग लिया और अथात प्रयास से यासमीन खातून की पति मोहम्मद हसनैन और उनके ससुर कलीम अंसारी को गिरफ्तार कर लिया गया। इधर मृतका के भाई मिस्टर अंसारी ने जानकारी देते हुए बताया कि उनकी बहन की परवरिश उनके नाना बसरात मियां के घर में हुआ था, नाना ने ही उसकी बहन यशमीन खातून की शादी नरेंद्रपुर निवासी कलीम अंसारी के बेटे मोहम्मद हसनैन के साथ किया था, भाई का आरोप है की शादी के बाद से ही उसकी बहन को ससुराल में प्रताड़ित किया जाता था जबकि उनकी 26 वर्षीय बहन को शादी के बाद तीन बेटी हुई थी वहीं वह चार माह की गर्भवती थी इस हालत में भी उनके साथ मारपीट किया जाता था, उसने बताया कि गुरुवार को रात अचानक फोन आया और बताया गया उसकी बहन की मौत हो चुकी है।

सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में वार्षिक आचार्य कार्यशाला प्रारंभ

नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह
विद्या भारती योजनानुसार बरगंडा स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में त्रिदिवसीय वार्षिक आचार्य कार्यशाला प्रारंभ हुआ। कार्यशाला का उद्घाटन प्रबंधकारिणी समिति के सचिव डॉ पवन मिश्रा एवं प्रधानाचार्य आनंद कमल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन व सरस्वती वंदना के साथ किया। प्रधानाचार्य आनंद कमल ने कहा कि इस कार्यशाला में विद्या भारती की योजना एवं लक्ष्य के अनुसार गत सत्र की समीक्षा कर नवीन सत्र की योजना बनाई जाएगी। हमें बच्चों के सर्वांगीण विकास की दृष्टि से अपनी कमियों को दूर कर नई योजना बनाकर बच्चों को प्रतियोगिता एवं परीक्षा की दृष्टिकोण से सफल बनाना है।मौके पर डॉ पवन मिश्रा ने बताया कि योजनाबद्ध तरीके से वर्ष भर कार्य करने हेतु यह कार्यशाला आयोजित है।

भैया बहनों के बीच सरल तरीके से ज्ञान का हस्तांतरण करने की कला हम आचार्य की सबसे बड़ी पूंजी है। बच्चे जिज्ञासु होते हैं उनकी जिज्ञासा को शांत करना हमारा दायित्व है।उन्होंने कहा कि विद्यालय प्रबंध समिति आचार्य के सकारात्मक सोच को सदैव प्रोत्साहित करने के लिए आगे रहेगी।हम सब मिलकर विद्यालय को एक नई दिशा,एक नई सोच के साथ आगे बढ़ते हुए नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए संकल्पित हैं। कार्यशाला में अजित मिश्रा, राजीव सिन्हा, राजेंद्र लाल बरनवाल समेत समस्त आचार्य- दीदी उपस्थित थी।

ऑनलाइन बेटिंग एप से साइबर क्राइम को अंजाम देने वाले

किराये के मकान से चला रहा था अपराध का यह खेल



नवीन मेल संवाददाता। मेदिनीनगर
साइबर क्राइम की घटना को अंजाम देने वाले अपराधियों को पलामू पुलिस ने देर रात गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार ऑनलाइन बेटिंग एप से एक ही जगह से इस घटना को संचालित किया जा रहा था। गिरफ्तार अपराधियों के पास से पुलिस ने काफी संख्या में मोबाइल फोन, कंप्यूटर समेत कई इलेक्ट्रॉनिक गैजेट बरामद किए हैं। इसकी एसपी रीष्मा रमेशन ने कार्रवाई की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार अपराधियों से पूछताछ की जा रही है।

सूत्र बताते हैं कि पुलिस को सूचना मिली थी कि सदर थाना क्षेत्र के चियांकी इलाके में एक मकान में कुछ संदिग्ध लोग कई दिनों से रह रहे हैं। इसी सूचना के आधार पर पुलिस ने मौके पर छापेमारी की है। जानकारी के अनुसार पुलिस जैसे ही मौके पर पहुंची, संदिग्ध लोग भागने लगे, लेकिन पुलिस की टीम ने सभी को पकड़ लिया। गिरफ्तार अपराधी झारखंड के रांची, हजारीबाग, धनबाद और बोकारो समेत अलग-अलग जिला के रहने वाले हैं। शुरूआती जांच में यह पता चला है कि गिरफ्तार आरोपी ऑनलाइन बेटिंग एप चलाते थे और लोगों को ठगते थे। पलामू में पहली बार इतनी बड़ी संख्या में साइबर अपराधी पकड़े गए हैं।

माफिया डॉन मुख्तार अंसारी का झारखंड से भी रहा है कनेक्शन

मुख्तार अंसारी के शूटर का सहयोगी परसुडीह से किया गया था गिरफ्तार

शूटर अनुज कन्नौजिया की पत्नी को पुलिस ने पहले लिया था हिरासत में

नवीन मेल संवाददाता। जमशेदपुर
उत्तर प्रदेश के बांदा जेल में माफिया मुख्तार अंसारी की गुरुवार को मौत हो गई। उसके गिरोह की गतिविधि झारखंड के धनबाद और जमशेदपुर में रही थी। मुख्तार अंसारी के शूटर अनुज कन्नौजिया को सिम कार्ड उपलब्ध कराने के मामले में यूपी पुलिस ने जमशेदपुर के बारीगोड़ा में छापामारी कर 15 मार्च, 2023 को गिरफ्तार किया था। अनुज पर था एक लाख का इनाम इससे पहले पुलिस ने अनुज कन्नौजिया की पत्नी रानी को 15 दिन पहले शिवरतन रजक के घर छापामारी कर हिरासत में लिया था। उसे मऊ लेकर पुलिस टीम गई थी। उससे मिली जानकारी के बाद शिवरतन को गिरफ्तार किया गया। अनुज का वह रिश्ते में साला है। बता दें कि अनुज कन्नौजिया पर एक लाख रुपये का इनाम था। उत्तर प्रदेश के मऊ जिले की चिरैयाकोट थाना की पुलिस को जानकारी मिली थी कि बारीगोड़ा से गिरफ्तार आरोपित को अनुज कन्नौजिया रंगदारी के रुपये भेजता था।

न्यूज बॉक्स

कच्चा कोयला लदा पिकअप वैन जब्त



गिरिडीह। पुलिस अधीक्षक के द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर अनुमंडल पुलिस अधिकारी बगोदर सरिया के नेतृत्व छापेमारी टीम का गठन कर छापेमारी दल अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बगोदर सरिया धनंजय कुमार, राजीव कुमार थाना प्रभारी बिरनी, आरक्षी गौतम कुमार चौधरी, अशोक कुमार दास, चौकीदार रामदेव राम ने गुरुवार को सुबह करीब 7:00 बजे सरिया धनवार मुख्य सड़क ग्राम पंदना खुर्द के नजदीक ओचल वाहन चेकिंग लगाकर पिकअप वाहन सं0- इफ02ळ-2796 का जांच किया गया जिसमें करीब 4 टन अवैध कच्चा कोयला को जप्त किया इस संबंध में बिरनी थाना कांड संख्या 68/2024 धारा 175/414/34 भा0 द0 वि0 एवं 30 कॉल माइन्स एक्ट दर्ज कर चालक राजकुमार राय पिता बंधु राय साकिन धुरागडगी थाना जमुआ, पिंटू यादव पिता बुधन यादव सकिन नावाडीह, नागेंद्र कुमार सिंह पिता स्वर्गीय श्याम सुंदर सिंह शकीन खेसकरी थाना सरिया जिला गिरिडीह को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया तथा इस कांड में संयुक्त अन्यायुक्त की गिरफ्तारी हेतु छापेमारी भी की जा रही है।

माउंट एवरेस्ट फतह करेगी 16 साल की काम्या

जमशेदपुर। मुंबई की रहने वाली 16 वर्षीय पर्वतारोही काम्या कार्तिकेयन दुनिया की सबसे ऊंची चोटी माउंट एवरेस्ट फतह करेगी। इस अभियान को पूरा करने में टाटा स्टील एडवेंचर फाउंडेशन काम्या को सहयोग कर रहा है। शुक्रवार को टाटा स्टील एडवेंचर फाउंडेशन ने इस अभियान को हरी झंडी दिखाई। इस अभियान के लिए काम्या 3 अप्रैल को काठमांडू पहुंचेगी और वहीं से 6 अप्रैल को अपने अभियान की शुरूआत करेगी। सात सप्ताह चलने वाले इस अभियान के दौरान कुल 4 कैंप आएंगे। पहला कैंप 6000 मीटर पर, दूसरा 6400 मीटर पर, तीसरा कैंप 7300 मीटर पर और चौथा कैंप 7,950 मीटर की ऊंचाई पर होगा। काम्या के पिता एस कार्तिकेयन भारतीय नौसेना में कमांडर है। 16 वर्षीय काम्या ने साल 2020 में दक्षिण अमेरिका की सबसे ऊंची चोटी माउंट एकॉन्कागुआ फतह करके सभी को चौंका दिया था। उस समय वह महज 12 वर्ष की थीं। ऐसा करने वाली वो दुनिया की सबसे कम उम्र की लड़की बन गई थी। यह चोटी एशिया के बाहर सबसे ऊंची चोटी है. 6962 मीटर की ऊंचाई वाली माउंट एकॉन्कागुआ चोटी पर काम्या ने 1 फरवरी, 2020 को फतह किया और भारत का तिरंगा लहराया था। काम्या को एवरेस्ट एक्सपीडिशन के लिए टाटा स्टील एडवेंचर फाउंडेशन ने लद्दाख एक्सपीडिशन के दौरान सलेक्ट किया था। काम्या महज तीन साल की उम्र से पर्वतारोहण कर रही हैं। काम्या कहती है कि उन्हें अपने पिता से पर्वतारोहण की प्रेरणा मिली है। मुंबई जैसे शहर में अक्सर जाम की स्थिति उत्पन्न होती थी। ऐसे में उनके पिता ज्यादातर पहाड़ों में चढ़के थे। पिता पर्वतारोहण पर जाने के दौरान कई बार महिनों भर बाद वापस लौटते थे। इन्ही सब बातों को लेकर उसने पर्वतारोहण की शुरूआत की। काम्या के लिए इस उम्र में माउंट एवरेस्ट के शिखर पर पहुंचने का पहला प्रयास है, लेकिन यह पहला बड़ा पर्वतारोहण प्रयास नहीं है। काम्या पहले ही दुनिया के 5 महाद्वीपों में सबसे ऊंचे पहाड़ों पर चढ़ चुकी है जिनमें से कई को स्वस्थ और फिट वयस्कों के लिए भी एक चुनौती माना जाता है। उन्होंने कई हिमालयी चोटियों पर भी चढ़ाई की है, जिसमें नौ साल की उम्र में एवरेस्ट बेस कैंप की यात्रा भी शामिल है।

बगैर कागजात के बालू व गिट्टी ले जा रहे चार हाइवा को एसडीओ ने किया जब्त

चांडिल। चांडिल के अनुमंडल पदाधिकारी शुभ्रा रानी ने शुक्रवार को टाटा-रांची राष्ट्रीय राजमार्ग 33 पर औचक छापामारी अभियान चलाकर चार हाईवे को जब्त किया है। इनमें से तीन हाईवा पर बालू लोड है, जबकि एक हाईवा पर गिट्टी लोड है। मिली जानकारी के अनुसार उपायुक्त के निर्देश पर अनुमंडल पदाधिकारी शुभ्रा रानी ने चांडिल थाना क्षेत्र के टाटा-रांची नेशनल हाईवे पर अवैध कारोबार के खिलाफ वाहन जांच की। इनमें एक बालू व एक गिट्टी लदा हाईवा को चांडिल थाना क्षेत्र के नारगाड़ीह के समीप जब्त किया। वहीं दो बालू लदे दो हाईवा को पाटा टोल प्लाजा के सामने जब्त किया गया.इस संबंध में एसडीओ शुभ्रा रानी ने बताया कि उपायुक्त के निर्देश पर अवैध कारोबार के विरुद्ध कार्रवाई की जा रही हैं। अवैध कारोबार में संलिप्त कारोबारियों के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने बताया कि टाटा रांची हाइवे पर जांच के दौरान तीन बालू लदे हाइवा और एक गिट्टी लदे हाइवा को जप्त किया गया है। वाहन चालकों से चालान की मांग की गई। गिट्टी लदे हाईवा का चालान नहीं था जबकि बालू लगे तीनों हाईवे का चलन का समय बीत चुका था। उन्होंने बताया कि चारों हाइवा को जब्त कर लिया गया है और आगे की कारवाई की जा रही हैं। एसडीओ शुभ्रा रानी ने कहा कि चांडिल अनुमंडल क्षेत्र में किसी भी तरह के अवैध कारोबार का संचालन कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

कार्यालय, उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, राँची ।
(कल्याण शाखा)
नामांकन हेतु परीक्षा केन्द्र की सूचना ।

शिक्षण सत्र 2024–25 में कल्याण विभागीय एकलब्य मॉडल, आश्रम एवं आवासीय विद्यालयों में कक्षा 6, 7 एवं 8 में नामांकन हेतु दिनांक 07.03.2024 तक आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये है, जिसका लिखित परीक्षा की तिथि 07.04.2024 को पूर्वाहन 11.00 बजे से अपराहन 2.00 बजे तक निर्धारित की गई है।

उक्त चयन परीक्षा हेतु निम्न विद्यालयों में परीक्षा केन्द्र निर्धारित है :–

क्र0	परीक्षा केन्द्र का नाम	कक्षा	रोल नम्बर
1	जिला स्कूल, शहीद चौक, राँची ।	6	0160001 से 0160450
2	बालकृष्णा +2 उच्च विद्यालय, राँची ।	6	0160451 से 0160850
3	षिवनारायण मारवाड़ी उच्च विद्यालय, अपर बाजार, राँची ।	6	0160851 से 0161160
4	पिछड़ी जाति बालिका आवासीय +2 उच्च विद्यालय, जेल रोड, राँची ।	7	0170001 से 0170320
		8	0180001 से 0180135

11.00 बजे से परीक्षा है। परीक्षार्थी 10.00 बजे तक परीक्षा केन्द्र में रिपोर्टिंग करेंगे।

परियोजना निदेशक,
समेकित जनजाति विकास अभिकरण,
राँची ।

PR 323435 Welfare(23-24)D

ज्यादातर लोग बाहर की दुनिया में इतने लीन हैं कि वे अपने अंदर की दुनिया से बेखबर रहते हैं : वैभव

तालिबान की बिना मान्यता सरकार के तीन साल

माफिया डॉन मुख्तार अंसारी की मृत्यु पर शोक प्रकट करने वालों की भीड़ के बीच खबर है कि अफगानिस्तान में तालिबान के कब्जे के लगभग तीन साल होने वाले हैं, और वहां स्थिति पहले से भी खराब है। जब उन्होंने दूसरी बार सत्ता पर कब्जा किया, तो उन्होंने दुनिया को बताया था कि वे महिलाओं के अधिकारों की रक्षा करेंगे, लेकिन ऐसा किया नहीं। इससे तालिबान सकार पूरी दुनिया के साथ-साथ अपनी जनता में भी भरोसा पैदा नहीं कर पाई है। यही वजह है कि अब तक उसे किसी भी देश ने मान्यता नहीं दी है।तालिबान ने हाल ही में स्टेडियम में एक शख्स को सार्वजनिक रूप से फांसी दी थी। इसका कोई कारण नहीं बताया गया। बाद में इतना जरूर कहा गया कि सरकार ने अपने सर्वोच्च नेता हिब्तुल्ला अखुंदजादा से मंजूरी लेने के बाद ही फांसी दी थी। पिछले तीन साल में सार्वजनिक फांसी की यह चौथी घटना थी। इससे अफगान नागरिकों का तालिबान से विश्वास उठ गया है। उनका मानना है कि तालिबान अपने दुश्मनों का इसी तरह से सफाया कर रहा है।तालिबान ने महिला पत्रकारों को लेकर नया फरमान जारी किया है कि वे बड़े पैमाने पर मीडिया प्लेटफॉर्म पर तब तक न जाएं, जब तक उन्होंने शरीयत के हिसाब से पूरी पोशाक न पहनी हो। उनकी सिर्फ आंखें ही दिखाई दें और बाकी चेहरे का हिस्सा ढका हुआ होना चाहिए। ऐसा नहीं करने पर उन्हें सजा दी जाएगी। अफगान महिलाएं पहले से ही नौकरी करने को लेकर कई पाबंदी झेल रही हैं। महिलाओं की शिक्षा पर तो पाबंदी है ही, उन्हें ब्यूटी पार्लर में भी काम करने की भी इजाजत नहीं है। तालिबान ने बिना पारिवारिक मर्द के महिलाओं की हवाई यात्रा पर भी पाबंदी लगा रखी है। हालांकि तालिबान सरकार ने अपनी जरूरत के मद्देनजर महिलाओं को मेडिकल में दाखिला लेने की इजाजत दे दी है।तालिबान सरकार पत्रकारों को भी स्वतंत्रता से काम करने नहीं दे रही। ऐसे 168 मामले सामने आए हैं, जिनमें पत्रकारों को पीटा गया अथवा गिरफ्तार किया गया है। पत्रकार संगठनों की आलोचना और मांग के बाद तालिबान सरकार ने भरोसा दिलाया है कि जिन पत्रकारों को जेल में डाला गया है, उन्हें जल्दी रिहा कर दिया जाएगा।हाल ही में कांधार में एक आतंकवादी हमले में कई लोग मारे गए और कई जख्मी भी हुए। उस घटना की जिम्मेदारी आईएस ने ली। अफगानिस्तान में इस्लामिक स्टेट के आतंकवादी कम से कम दो से ढाई हजार की संख्या में हैं। उल्लेखनीय है कि अफगान तालिबान और आईएस एक-दूसरे के कट्टर विरोधी हैं। इसके अलावा, हजारों की संख्या में तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के लड़ाके अफगानिस्तान में छिपे हुए हैं, जो समय-समय पर पाकिस्तान में घुसकर आतंकी घटनाओं को अंजाम देते हैं।हाल ही में टीटीपी ने पाकिस्तान में एक सैनिक चौकी पर हमला किया, जिसमें कई सैन्य अफसर व सैनिक मारे गए। इसके दो दिन बाद ही जवाबी कार्रवाई करते हुए पाकिस्तान ने अफगानिस्तान में टीटीपी के गुप्त ठिकानों पर जवाबी हमले किए, जिसमें कई बेकसूर महिलाओं व बच्चों की मौत हो गई। इसके बाद से दोनों देशों में तनाव बढ़ गया है। अमेरिका ने दोनों देशों को संयम बरतने की सलाह दी है।जहां तक भारत की बात है, तो हाल ही में भारत का एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल काबुल में तालिबान के नेताओं से मिला था और बैठक में दोनों देशों के रिश्तों और आर्थिक संबंधों पर बातचीत हुई थी। तय हुआ था कि दोनों देश ईरान के सहयोग से चारबहार बंदरगाह के जरिये व्यापार करेंगे। इस बंदरगाह को पाकिस्तान की ग्वादर बंदरगाह के विकल्प के रूप में देखा जा रहा है। भारत ने अफगानिस्तान को अभी तक मान्यता नहीं दी है।वहां अल्पसंख्यक हिंदू व सिख गिनती के ही रह गए हैं, जो वहां से निकलने की फिराक में हैं। सीएए के अनुसार, वहां 20 लाख से ज्यादा हिंदू और सिख थे, जिनमें से अधिकतर भारत आ चुके हैं और उन्हें नागरिकता दी जा रही है। बहुत से खिलाड़ी, संगीतज्ञ व रंगमंच कलाकार तालिबान के अत्याचारों से तंग आकर देश से पलायन कर गए हैं।जरूरी है कि अब अंतरराष्ट्रीय बिरादरी मानवीय आधार पर इसमें दखल दे और हालात को सुधारने के लिए ठोस कदम उठाए।

इन दिनों

केजरीवाल चले थे देश की राजनीति बदलने, बन गये आरोपी

विजय केसरी

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल चले थे देश की राजनीति की दिशा और दशा बदलने किन्तु आबकारी नीति में गलत तरीके से फेर बदलकर धन जुटाने के एक मामले में मुख्य साजिश कर्ता बन गये हैं। भारत की राजनीति में जिस प्रकार अरविंद केजरीवाल का आगमन हुआ था, लोगों को लगा था कि अरविंद केजरीवाल देश की राजनीति की दिशा और दशा जरूर बदलेंगे। किन्तु किसी को यह उम्मीद नहीं थी कि आने वाले दिनों में उन्हें गलत तरीके से आबकारी नीति बनाकर धन जुटाने के मामले में जेल की हवा खानी पड़ेगी। अरविंद केजरीवाल का देश की राजनीति में अन्ना हजारे के 'जन लोकपाल बिल' आंदोलन के माध्यम से हुआ था। अरविंद केजरीवाल पूर्व आईआरएस अधिकारी रह चुके हैं। उन्होंने आयकर विभाग से अपने पद से इस्तीफा देकर सामाजिक सेवा कर मार्ग अख्तियार किया था। समाज सेवा करते हुए उन्हें प्रतिष्ठित मैग्सेसे पुरस्कार से सम्मानित भी किया गया था। उनका प्रारंभिक जीवन बिल्कुल साफ सुथरा और निर्मल रहा था। वे एक वरिष्ठ समाजसेवी के रूप में भी अपनी पहचान बनाने में सफल रहे थे। देशभर के लोग अरविंद केजरीवाल को एक देशभक्त और सच्चे समाजसेवी के रूप में जानने लगे थे। उन्होंने अन्ना हजारे के जन लोकपाल बिल आंदोलन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया था। देखते ही देखते यह आंदोलन एक राष्ट्रव्यापी आंदोलन का रूप धारण कर लिया था। दिल्ली के जंतर मंतर पर बने मंच से अन्ना हजारे के बाद अरविंद केजरीवाल दूसरे बड़े नेता रहे, जिनका नियमित भाषण होता था। प्रचलित नेताओं के भाषण से अलग हटकर अरविंद केजरीवाल ने सत्य अहिंसा, सत्य मार्ग, असत्य मार्ग का परित्याग, सच्चे मन से देश की सेवा, देशभक्ति, कर्तव्य निष्ठा, कर्तव्य परायणता, अन्याय के खिलाफ एक जुट होकर खड़े होने का आह्वान, भ्रष्टाचार के खिलाफ आखरी सांस तक लड़ने का संकल्प, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, सरदार भगत सिंह, चंद्रशेखर आदि स्वाधीनता सेनानियों के विचारों को आम जन के समक्ष रखा था। अन्ना हजारे एवं अरविंद केजरीवाल की बातों का ऐसा असर हुआ कि जन लोकपाल बिल आंदोलन पूरी मजबूती के साथ एक राष्ट्रव्यापी आंदोलन में तब्दील हो गया। इस आंदोलन से अरविंद केजरीवाल एक राष्ट्रीय नेता के रूप में बनकर सामने आये। अरविंद केजरीवाल के प्रसिद्धि जनप्रियता संपूर्ण देश में फैल गई। सच्चे अर्थों में अरविंद केजरीवाल की पहचान अन्ना हजारे के जन लोकपाल बिल आंदोलन से मुखर होकर सामने आई थी। उनका शुरूआती तेवर और राष्ट्र के प्रति देशभक्ति देखकर देशवासियों को ऐसा लगा था कि वे अन्य नेताओं से भिन्न है। अगर वे सक्रिय राजनीति में आते हैं, तो देश का कायाकल्प जरूर होगा। इस निमित्त उन्होंने जंतर मंतर के मंच से अपनी बातों को बहुत ही दमदार और जोरदार तरीके से प्रस्तुत किया था। इसका परिणाम यह हुआ कि अरविंद केजरीवाल एक राष्ट्रीय नेता के रूप में उभर कर सामने आये। तत्कालीन कांग्रेस पार्टी की मनमोहन सिंह की सरकार अन्ना हजारे की इस जन लोकपाल बिल आंदोलन को दबाने का हर संभव प्रयास की थी। लेकिन देशव्यापी जन समर्थन के आगे मनमोहन सिंह की सरकार

जन लोकपाल बिल बनाने पर अपनी सहमति प्रदान कर दी थी। अन्ना हजारे और अरविंद केजरीवाल के लिए यह एक बड़ी सफलता थी। समय के साथ जन लोकपाल बिल बन गया। अन्ना हजारे को भारतीय राजनीति से जोड़ने के लिए कई राष्ट्रीय पार्टियों ने उनसे सीधा संपर्क किया था। लेकिन अन्ना हजारे एक समाजसेवी के रूप में ही कार्य करने का मार्ग चुना । अन्ना हजारे किसी भी राजनीतिक प्रलोभन के आगे घुटने नहीं टेके बल्कि एक आम सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में देश की सेवा करते चले आ चलते रहें। समाजसेवी अन्ना हजारे देशभर में मिली जन लोकप्रियता को कदापि राजनीति में कैश करने के पक्षधर नहीं थे। वे आज भी इस बात पर कायम है। अन्ना हजारे ने जंतर मंतर मंच से मिली राष्ट्रीय प्रसिद्धि को अपने अन्य सहयोगियों को भी राजनीति में कैश नहीं करने के हिदायत दी थी। उन्होंने अपने तमाम कार्यकर्ताओं को एक समाजसेवी के रूप में कार्य करने का मूल मंत्र दिया था। लेकिन अन्ना हजारे कि इस बात को अरविंद केजरीवाल सहित कार्यकर्ताओं ने नहीं माना। इस बात को लेकर अन्ना हजारे और अरविंद केजरीवाल के बीच दूरियां बढ़ी जो बाद में चलकर यह दूरी और भी बढ़ती चली गई थी। इसी बीच अरविंद केजरीवाल ने आप पार्टी का निर्माण कर लिया। जन लोकपाल बिल आंदोलन से जुड़े अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया, कुमार विश्वास, सत्येंद्र जैन, संजय सिंह सरीखे नेताओं ने आप पार्टी के बैनर पर दिल्ली विधानसभा का चुनाव लड़ने का फैसला ले लिया था। जब यह खबर अन्ना हजारे तक पहुंची थी, तब अन्ना हजारे ने इसका कड़ा विरोध भी किया था। अन्ना हजारे को मनाने के लिए अरविंद केजरीवाल ने कई बार कोशिश भी किया था। लेकिन अन्ना हजारे टस से मस नहीं हुए थे। आप पार्टी का गठन हो जाने के बाद भी अन्ना हजारे ने आप जैसी राजनीतिक पार्टी करने से मना किया था। यहां यह लिखना जरूरी हो जाता है कि अरविंद केजरीवाल जिस जन लोकपाल बिल आंदोलन से उभर कर एक राष्ट्रीय नेता के रूप में सामने आए थे, उन्होंने इस आंदोलन के सबसे बड़े नेता अन्ना हजारे की बातों को भी एक सिरे से खारिज दिया था। अरविंद केजरीवाल ने मिली देशव्यापी लोक जनप्रियता के बल पर आप जैसी राजनीतिक पार्टी गठन कर देश को एक नई राजनीति और देश की राजनीति बदलने देने बात कही थी। दिल्ली की जनता ने बड़ी उम्मीदों के साथ अरविंद केजरीवाल की आप पार्टी को अपना समर्थन दिया था। प्रारंभ में कांग्रेस के समर्थन से आप पार्टी दिल्ली में अपनी सरकार बना ली। अरविंद केजरीवाल बतौर एक मुख्यमंत्री के रूप में महात्मा गांधी,चंद्रशेखर आजाद, भगत सिंह, वल्लभभाई पटेल आदि नेताओं के मार्ग पर चलते रहने के संकल्प को दोहराते रहे थे। उनकी पार्टी धीरे-धीरे कर और भी लोकप्रिय होती चली गई। आप पार्टी दिल्ली में भारी बहुमत के साथ जीतकर आई। पंजाब में भी आप पार्टी की सरकार बनी गई। अब आप पार्टी को राष्ट्रीय पार्टी के रूप में मान्यता मिल गई। अरविंद केजरीवाल की महत्वाकांक्षा यही रुकी नहीं बल्कि आप पार्टी का विस्तार देश के अन्य राज्यों की ओर भी अग्रसर हो गई। अरविंद केजरीवाल जिन मूल्यों, सिद्धांतों और नैतिकता की दुहाई देकर आप पार्टी का गठन किया था। सत्ता में आने के बाद उनके मूल्य,सिद्धांत और नैतिकता सिर्फ कागजों पर ही सिमट कर रह गये थे। वे अन्ना हजारे के आंदोलन में जिन पार्टियों, दलों और नेताओं के खिलाफ अपनी बातों को रखा था। अरविंद केजरीवाल ने आगे चलकर उन्हीं पार्टियों, दलों और नेताओं के साथ गठबंधन कर लिया था। इस बात की आलोचना अन्ना हजारे की बार कर चुके हैं। झूठी जनप्रियता हासिल करने के लिए उन्होंने कई लोक लुभावन योजनाओं को हरी झंडी दिखाई । उन्होंने पानी, बिजली,को गरीबी रेखा के नीचे रहने वाले लोगों के लिए मुफ्त जरूर कर दिया, वहीं दूसरी ओर राज्य के विकास की सारी योजनाएं ठप सी पड़ गई हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री आवास के सौंदर्यीकरण पर करोड़ों रुपया आम का जनता का लगा दिया। जबकि उन्होंने जंतर मंतर मंच से एक नेता को कैसा होना चाहिए ? इस बात पर उन्होंने एक सुंदर सी लकीर खींची थीं, लेकिन मुख्यमंत्री बनने के बाद वे खुद उसे लकीर पर चल नहीं पाये। यह उनके चरित्र के दोहरेपन को दर्शाता है। उन्होंने आप पार्टी को राष्ट्रीय स्तर पर विस्तार करने के लिए कुछ ऐसे मार्ग को ढूंढा जो भ्रष्ट राजनीति की ओर ही जाता है। अरविंद केजरीवाल दिल्ली के मुख्यमंत्री पद पर आसीन है। उनका यह पद एक संवैधानिक पद है। प्रवर्तन निदेशालय भारत सरकार की एक संस्था है। इस संस्था ने अरविंद केजरीवाल को नौ बार अपनी बात रखने के लिए अपने कार्यालय बुलाया। लेकिन वे एक बार भी ईडी दफ्तर नहीं गये। अर्थात जंतर मंतर के मंच से उन्होंने जिस साफ सुथरी राजनीति की बात की थी। राजनीति बदलने की बात की थी। नैतिकता और सुचिता लाने की बात की थी। ऐसे तमाम उत्कृष्ट मुद्दों पर न चलकर उन्होंने वही रास्ता ढूंढा जो भ्रष्ट राजनीति की ओर ले जाती है। उनके दो-दो मंत्री जेल जा चुके हैं। एक राज्यसभा सदस्य जेल जा चुके हैं। स्वयं अरविंद केजरीवाल जेल में बंद है। चारों आप पार्टी के नेताओं पर दिल्ली शराब नीति में फेर बदलकर गलत तरीके से धन कमाने का मामला दर्ज है। अरविंद केजरीवाल का राजनीतिक ढीठपन का आलम यह है कि भ्रष्टाचार के इतने गंभीर आरोप में जेल में बंद होने के बावजूद अभी तक मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा नहीं दिया है। देश की आजादी के बाद यह पहला अवसर है कि किसी राज्य के मुख्यमंत्री भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप में जेल में बंद रहकर सरकारी आदेश जारी कर रहे हैं। देश की जनता उनसे यह जानना चाह रही है कि भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप में जेल में बंद रहकर सरकार चला कर कौन सी सुचिता और नैतिकता को प्रतिष्ठित कर रहे हैं ? **(कथाकार /स्तंभकार) पंच मंदिर चौक, हजारीबाग - 825 301। (ये लेखक के अपने निजी विचार है।)**

आपकी बात

लीजिए, फिर देखिये नये वायदों का तिलिस्म

राकेश दुबे

यह युग नये सामंतों का है, वे चाहे इस दल में रहे या उस दल में उनके बदलने की कोई उम्मीद नहीं है। देश के करोड़ों छोटे-बड़े नौजवानों ने एक लंबी लड़ाई लड़ कर भारत से सामंतवाद को नेस्तनाबूद कर दिया यह इतिहास में दर्ज है। उसके बदले जो व्यवस्था यहाँ आई उसने नए रजवाड़े और नए सामंत पैदा कर दिए है? वे भी और ये भी नाम जनता के राज का लेते हैं और पहले तो उम्र भर अपनी कुर्सी नहीं छोड़ते, फिर वंशगत परम्परा में उनके वारिसों को सत्ता सौंपते थे। अब भी यही हो रहा है,आने वाले सब वारिसों की वोटों की वसीयत मिले इसके लिए कुछ भी करने में कोई गुरेज नहीं हैं। जैसे -जैसे वोट डालने के दिन नजदीक आते हैं, तो जनता जनार्दन के टूटे सपनों के रूप खण्डहरों की मरम्मत में सारे दल जुटे दिखाई दे रहे है। आजादी के इतने सालों के बाद नई वैचारिक चेतना उभरती उससे पहले ही यह खतरा दिख रहा है कि कभी भी लोग सिर उठाएंगे तो जीने की राह मांगेंगे। पेट भरने का जरिया मांगेंगे। अव्यवस्था से खोई हुई जानों का हिसाब मांगेंगे। इसलिए इससे क्या बेहतर नहीं कि ये सिर उसी प्रकार झुके रहें, और अपनी जान और माल की खैर खैरियत हमसे मांगते रहें। आप पूछ सकते हैं, कौनसी जान और कौनसा माल? क्या वह जान जो संक्रमित होकर इसलिए दम तोड़ गई, कि उसके फेफड़ों को चालू रखने के लिए प्राण वायु के सिलेंडर नहीं थे। किस माल की हिफाजत करने की बात कहते हैं आप? आज जनता को नई वायवीय घोषणाओं की बैसाखियों के साथ खड़ा करके उपलब्धियों का एक नया सब्जबाग बना कर पेश कर दिया जाता है। इस जमाने का कोई भरोसा नहीं है, जाने कब करवट बदल ले। जाने किस दांव अपना हाथ बदल अपनी हार को जीत में बदल दे। वैसे भी जीत का लड्डू हमेशा ही ऊपर वालों के हाथ रहता है। जब भी मतदान का समय आया मौसम बना, और आपने युगों से लम्बित अच्छे दिनों का सपना साकार होने का एक ट्रेलर हमें दिखा दिया और पूरी फिल्म दिखाने का सपना भविष्य के कंधों पर लाद दिया।

(भोपाल)

राजनीति

चुनाव में भाषा का संयम एवं वचनों की मर्यादा जरूरी

ललित गर्ग

लोकसभा चुनावों जैसे-जैसे नजदीक आते जा रहे हैं, कई नेताओं की जुबान फिसलती जा रही है, वे राजनीति से इतर नेताओं की निजी जिंदगियों में तांक-झांक वाले, धार्मिक भावनाओं को भड़काने वाले ऐसे बोल बोल रहे हैं, जो न सिर्फ. आपत्तिजनक हैं, बल्कि राष्ट्र-तोड़क है। चुनावी रैलियों में जनता के सामने अपने प्रतिद्वंद्वी को नीचा दिखाने के मकसद से ये नेता मर्यादा, शालीनता और नैतिकता की रेखाएं पार करते नजर आए हैं। गलत का विरोध खुलकर हो, राष्ट्र-निर्माण के लिये अपनी बात कही जाये, अपने चुनावी मुद्दों को भी प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया जाये, लेकिन गलत, उच्छृंखल एवं अनुशासनहीन बयानों की राजनीति से बचना चाहिए। बड़ा सवाल है कि एक ऊजार्वान एवं दुनिया के

राहुल गांधी की 'शक्ति के खिलाफ लड़ाई' संबंधी टिप्पणी 'शक्ति से जुड़े धार्मिक मूल्यों का अपमान करने और कुछ धार्मिक समुदाय' के तुष्टीकरण के लिए धर्मों के बीच शत्रुता पैदा करने के 'दुर्भावनापूर्ण इरादे' को दर्शाती है।

सबसे बड़े लोकतंत्र में क्या वाकई अमर्यादित भाषा का इस्तेमाल औचित्यपूर्ण है। एक तरफ गर्मी चुभन का अहसास करा रही है, तो दूसरी तरफ राजनीतिक हलकों में भाषायी अभद्रता एवं उच्छृंखलता घाव पर नमक छिड़क रही है। नेताओं को यह बात समझनी चाहिए कि सही तरीके से बोले गये शब्दों में लोगों को जोड़ने की ताकत होती है, जबकि गलत भाषा एवं बोल का इस्तेमाल राजनीतिक धरातल को कमजोर करता है। नेताओं के बयान शालीनता एवं मर्यादा की सारी सीमाएं लांघ रही है। राहुल गांधी की 'शक्ति के खिलाफ लड़ाई' संबंधी टिप्पणी 'शक्ति से जुड़े धार्मिक मूल्यों का अपमान करने और कुछ धार्मिक समुदाय' के तुष्टीकरण के लिए धर्मों के बीच शत्रुता पैदा करने के 'दुर्भावनापूर्ण इरादे' को दर्शाती है। प्रारंभ में लालू प्रसाद यादव का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर परिवार विषयक आरोप भाजपा के लिये रामबाण औषधि बना है। कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनेत ने कंगना रनौत को लेकर किए पोस्ट में एक्ट्रेस की फोटो के साथ भद्दा कमेंट महिला-शक्ति का अपमान बना है। ईवीएम के बारे में राहुल गांधी की टिप्पणी के लिए निर्वाचन आयोग से उनके खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की जा रही है और कहा जा रहा है कि तथ्यों के सत्यापन के बिना इस तरह का 'दुष्प्रचार और गलत सूचना' राष्ट्रीय अखंडता एवं लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए नुकसानदायक है।

बोधिवृक्ष

बोधगया : बुद्ध की ज्ञान प्राप्ति का स्थल

इस पवित्र बौद्ध केंद्र का ऐतिहासिक और पुरातात्विक रिकॉर्ड कम से कम तीसरी शताब्दी ईसा पूर्व का है प्राचीन बोधगया के केंद्र में महाबोधि मंदिर परिसर है, जो 2,000 से अधिक वर्षों से स्थापित मंदिरों, स्मारकों और मूर्तिकला छवियों से भरा हुआ है।

बुद्ध की महान जागृति

सिद्धार्थ गौतम मध्य आयु में बोधगया पहुंचे, जहां उन्होंने उम्र बढ़ने, बीमारी, मृत्यु और तपस्या के 'चार दृश्यों' को देखकर एक राजकुमार के रूप में अपना जीवन त्याग दिया था। यह चौथी दृष्टि थी जिसने उन्हें अत्यधिक तपस्या और ध्यान का अभ्यास शुरू करने के लिए प्रोत्साहित किया। कुछ समय तक ऐसा करने के बाद उनका इस चरम मार्ग से मोहभंग हो गया और उन्होंने अपने तपस्वी साथियों को उत्तर भारत में भटकते हुए छोड़ दिया, जब तक कि वह फल्गु नदी के तट पर बोधि वृक्ष (पीपल का पेड़ या फिक्स रिलिजियोसा) पर नहीं पहुंच गए। [1] लंबे समय तक ध्यान शुरू करने के लिए इस पेड़ के नीचे बैठकर, भावी बुद्ध को एक स्थानीय कुलीन महिला के नौकर ने देखा, जिसने यह सोचकर कि वह एक पेड़ की आत्मा थी, उसे चावल और दूध का एक कटोरा दिया।

(क्रमशः)

फेसबुक वॉल से



अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-article.rnmail@gmail.com

इस बार मतदान 'इसलिए' महत्वपूर्ण है

पंकज जगन्नाथ जयसवाल

2024 के आम चुनाव की घंटी बज चुकी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दस साल के शासन और खंडित विपक्ष की चर्चा पूरे देश में हो रही है। लगभग सभी संचार व अन्य माध्यम मोदी के लिए प्रचंड बहुमत का अनुमान लगा रहे हैं, वह भी तब जब उनके शासन के खिलाफ दो कार्यकालों से विपक्ष का झूठा विमर्श स्थापित कर विरोध चल रहा है। जब यह सब चल रहा है, तो भारतीय नागरिकों की सामान्य मानसिकता, विशेष रूप से कस्बों और शहरों में रहने वाले लोग यह मानने लगे हैं कि चूंकि प्रधानमंत्री मोदी चुनाव जीत ही रहे हैं, इसलिए हमें लाइन में खड़े होकर एक खास दिन वोट क्यों देना चाहिए, जबकि हम इसके बजाय परिवार और दोस्तों के साथ पिकनिक पर जा सकते हैं। कई लोगों का मानना है कि मतदान न करने से कोई फर्क नहीं पड़ता (मेरे एक वोट से क्या फर्क पड़ेगा)। यही कारण है कि शहरों और महानगरीय क्षेत्रों में मतदान का प्रतिशत कम है। जो कोई भी भारत को सामाजिक, आर्थिक और आध्यात्मिक विकास के सभी पहलुओं में एक महान राष्ट्र के रूप में देखना चाहता है, उसे व्यापक दृष्टिकोण पर विचार करना चाहिए। हर वोट देश को मजबूत बनाने और आंतरिक और बाहरी दोनों दुश्मनों से लड़ने में मदद करता है। हमने अपने महान राष्ट्र में बहुत उथल-पुथल देखी है, और हम ऐसी मानसिकता के शिकार हुए हैं जिसे कोई नहीं चाहता। पिछले कुछ दशको में विकसित हुई 'औपनिवेशिक मानसिकता' ने वंशवादी राजनीतिक दलों को लाभ पहुंचाया है, वे कभी नहीं चाहेंगे कि ऐसी मानसिकता बदले, जिसने उन्हें इस राष्ट्र को लूटने और कमजोर करने में मदद की है। जब भी देश प्रेमी ईवीएम बटन दबाता है, तो यह दुश्मन के दिमाग में एक शॉकवेव भेजता है। हमने पिछले दो कार्यकालों में देखा है कि अगर हम चुनाव में जाते हैं और भारी बहुमत से सरकार चुनते हैं, तो देश सही दिशा में आगे बढ़ना शुरू कर देता है, हर क्षेत्र में प्रगति हो रही है। हम जो कुछ भी अब हैं, वह हमारे पूर्वजों और परिवारों की कई पीढ़ियों के प्रयासों का परिणाम है। वैसे ही, इस विशाल देश में 24 करोड़ से अधिक परिवार हैं, जिनमें विभिन्न संस्कृतियां, राजनीतिक विचारधारा और सभी स्तरों पर अलग प्रशासन हैं। इसलिए, जबकि हम जमीनी स्तर पर विकास के प्रमाण देख सकते हैं, महत्वपूर्ण बदलाव लाने में कम से कम एक दशक और लगेगा। आंतरिक और बाह्य सुरक्षा को मजबूत करना, अंतरराष्ट्रीय मंच पर अनेक अवसरों पर सम्मान और नेतृत्व की भूमिका, आर्थिक चक्र में सकारात्मक बदलाव, आत्मनिर्भर भारत के एक हिस्से के रूप में 'स्व' आधारित अनेक नीतियां और क्रियान्वयन, औपनिवेशिक मानसिकता को हटाकर 'स्व' आधारित मानसिकता का विकास, और राष्ट्र के विकास और सुरक्षा के लिए सनातन धर्म के महत्व को मान्यता देना, ऐसी सरकार को वापस चुनकर देना होगा।

टेक वर्ल्ड

फेसबुक और इंस्टाग्राम पर नहीं इस्तेमाल कर सकेंगे 'शहीद' शब्द

Facebook-instagram पर नहीं इस्तेमाल कर सकेंगे 'शहीद' शब्द, जानें क्या है पूरा मामला

ये बोर्ड मेटा द्वारा वित्त पोषित है। बोर्ड ने इस बात पर जोर दिया है कि कंपनी को शहीद वाले पोस्ट हटाने चाहिए। खासतौर से वो पोस्ट जो हिंसा के संकेत से संबंधित है। अगर वे अन्य सामुदायिक दिशानिर्देशों का उल्लंघन करते है। मेटा की सामग्री मॉडरेशन नीतियों की लंबे समय से आलोचना के बीच ये कदम उठाया गया है। फेसबुक और इंस्टाग्राम पर मालिकाना हक मेटा कंपनी रखती है। मगर अब इन दोनों प्लेटफॉर्म पर यूजर्स को खास काम करना होगा। अब यूजर्स इन प्लेटफॉर्म पर शहीद शब्द का उपयोग नहीं कर सकेंगे। एक रिपोर्ट के मुताबिक शहीद शब्द को आमतौर पर martyr के तौर पर किया जाता है।



इस शब्द को मेटा के प्लेटफॉर्म से किसी अन्य शब्द या फ्रेज से अधिक बार हटाया गया है। साल भर की गहन समीक्षा के बाद, बोर्ड ने निष्कर्ष निकाला कि मेटा का दृष्टिकोण अत्यधिक व्यापक था, जिससे अनगिनत उपयोगकर्ताओं के भाषण को अनावश्यक रूप से दबा दिया गया। बोर्ड ने इस बात पर जोर दिया है कि कंपनी को शहीद वाले पोस्ट हटाने चाहिए। खासतौर से वो पोस्ट जो हिंसा के संकेत से संबंधित है। अगर वे अन्य सामुदायिक दिशानिर्देशों का उल्लंघन करते है। मेटा की सामग्री मॉडरेशन नीतियों की लंबे समय से आलोचना के बीच ये कदम उठाया गया है। आलोचकों ने नेटा पर इजराइल हमास संघर्ष के दौरान फिलिस्तीनियों के प्रति सहानुभूति रखने वाली सामग्री को दबाने का आरोप लगाया है।

(क्रमशः)

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

एक नजर

तीन युवक 296 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार

सिलीगुड़ी। सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) ने गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए एक ही रात में तीन युवकों ने 296 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों के नाम सुराई हांसदा (33), भैया मुर्मू (22) और जितेश शेरपा (28) हैं। गिरफ्तार आरोपियों में दो खोरीबाड़ी के चरना जोत का निवासी है जबकि जितेश शेरपा नेपाल का रहने वाला है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, गुरुवार देर रात एसएसबी की 41वीं बटालियन के जवानों ने भारत-नेपाल सीमावर्ती खैरमनी जोत स्थित खोरीबाड़ी में अभियान चलाकर दो संदिग्धों को पकड़ा।

स्कूली छात्रा के साथ छेड़छाड़, एक हिरासत में

सिलीगुड़ी। स्कूली छात्रा के साथ छेड़छाड़ के आरोप में सिलीगुड़ी थाने की पुलिस एक आरोपित को हिरासत में लिया है। गिरफ्तार आरोपित का नाम मोहम्मद इब्राहिम है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, गुरुवार को एक छात्रा स्कूल से घर लौट रही थी। तभी संतोषी नगर इलाके में स्कूटी में सवार एक युवक ने छात्रा के साथ छेड़खानी करने की कोशिश की। जिससे छात्रा डर गई और रोने लगी। जिससे युवक भाग निकला। इसके बाद युवक के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज कराई। इसके बाद पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया।

दो युवक गिरफ्तार पिस्टल व चाकू बरामद

हरिद्वार। किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में घूम रहे दो युवकों को ज्वालापुर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके पास से 1 पिस्टल और 1 चाकू बरामद किया है। पुलिस के मुताबिक लोकसभा चुनाव को देखते हुए पुलिस ने अपनी गश्त बढ़ा दी। इसी कड़ी में चेकिंग अभियान के दौरान बीती देर रात ज्वालापुर पुलिस की रात्रि गश्त टीम ने अलग-अलग क्षेत्रों से दो युवकों को अवैध हथियारों के साथ गिरफ्तार किया है। पकड़े गए युवकों के पास से 1 पिस्टल व 1 चाकू बरामद किया गया है। पूछताछ में युवकों ने अपने नाम कैफ आलम व अविनाश बताए।

राष्ट्रधर्म के पूर्व संपादक आनंद मिश्र 'अभय' का निधन

लखनऊ। राष्ट्रधर्म पत्रिका के पूर्व संपादक आनन्द मिश्र 'अभय' का गुरुवार-शुक्रवार की दरमियानी रात बाराबंकी में निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार शुक्रवार को बाराबंकी में ही किया जाएगा। आनन्द मिश्र अभय लगभग 18 वर्षों तक राष्ट्रधर्म के संपादक रहे। राष्ट्रधर्म के निदेशक सर्वेश चन्द्र द्विवेदी ने हिन्दुस्थान समाचार को बताया कि राष्ट्रधर्म के संपादक बनने से पहले आनन्द मिश्र सरकारी सेवा में थे। राज्य शासन में विभिन्न जिम्मेदारियां निभाते हुए 31 दिसंबर 1989 को सेवानिवृत्त हुए।

भारत की आध्यात्मिक चेतना के अग्रदूत स्वामी स्मरणानंद का निधन एक व्यक्तिगत क्षति है : पीएम

एजेंसी। नई दिल्ली ।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को रामकृष्ण मिशन एवं मठ के अध्यक्ष स्वामी स्मरणानंद महाराज को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि भारत की आध्यात्मिक चेतना के प्रखर व्यक्तित्व स्वामी स्मरणानंद का समाधिस्थ होना व्यक्तिगत क्षति जैसा है। प्रधानमंत्री ने अपने एक भावपूर्ण लेख में कहा कि लोकसभा चुनाव के महापर्व की भागदौड़ के बीच एक ऐसी खबर आई, जिसने मन-मस्तिष्क में कुछ पल के लिए एक ठहराव सा ला दिया। कुछ वर्ष पहले स्वामी आत्मास्थानंद का महाप्रयाण और अब स्वामी स्मरणानंद का अनंत यात्रा पर प्रस्थान कितने ही लोगों को शोक संतप्त कर गया है। मेरा मन भी करोड़ों भक्तों, संत जनों

और रामकृष्ण मठ एवं मिशन के अनुयायियों सा ही दुखी है। उल्लेखनीय है कि स्वामी स्मरणानंद का मंगलवार रात 95 वर्ष की आयु में निधन हो गया। प्रधानमंत्री ने इस महीने की शुरूआत में अपनी कोलकाता यात्रा को भी याद किया, जहां उन्होंने स्वामी स्मरणानंद से मुलाकात की थी। प्रधानमंत्री ने लिखा कि स्वामी आत्मास्थानंद की तरह ही स्वामी स्मरणानंद ने अपना पूरा जीवन आचार्य रामकृष्ण परमहंस, माता शारदा और स्वामी विवेकानंद के विचारों के वैश्विक प्रसार को समर्पित किया। ये लेख लिखते समय मेरे मन में उनसे हुई मुलाकातें, उनसे हुईं बातें, वो स्मृतियां जीवंत हो रहीं हैं।

प्रधानमंत्री ने लिखा कि रामकृष्ण मिशन और बेलूर मठ के साथ उनका आत्मीय संबंध रहा है। उन्होंने लिखा कि स्वामी आत्मास्थानंद जी एवं स्वामी स्मरणानन्द जी का जीवन रामकृष्ण मिशन के सिद्धांत ह्यआत्मनो मोक्षार्थं जगद्धिताय च का अमिट उदाहरण है।

उन्होंने लिखा कि भारत की विकास यात्रा के अनेक बिंदुओं पर हमारी मातृभूमि को स्वामी आत्मास्थानंद और स्वामी स्मरणानंद जैसे अनेक संत महात्माओं का आशीर्वाद मिला है, जिन्होंने हमें सामाजिक परिवर्तन की नई चेतना दी है।

पूर्वी चंपारण में हैवान पति ने पत्नी और 3 बेटियों की गला काटकर की हत्या

एजेंसी। बिहार।

पूर्वी चंपारण। बिहार के पूर्वी चंपारण जिले में ह्रदय विदारक घटना सामने आई है। जहां एक वहशी पति ने पत्नी समेत 3 बच्चों की गला काटकर हत्या कर दी। घटना पहाड़पुर थाना क्षेत्र के बावरिया गांव की है। बताया जा रहा है कि बीती रात उसने सोते वक्त पत्नी और 3 बच्चों की गला काटकर हत्या को अंजाम देने के बाद आरोपित इदु मियां घर छोड़ फरार है।

मृतकों में इद्दु की पत्नी अफरीना खातून (40), अबरुन खातून(13), तबरुन खातून(11) व शहजादी खातून(9) शामिल हैं। चारो की बेरहमी से गला काट हत्या की गई है। घटना के कारणो का अब तक खुलासा नहीं हो सका है।

मृतका आरोपित की दूसरी पत्नी थी। पहली पत्नी की मौत हो चुकी है। पहली पत्नी से दो पुत्र हैं जो बाहर काम करते हैं जबकि दूसरी पत्नी मृतका अफरीना से पांच बच्चियां थी। इनमें एक की शादी हो चुकी है। ग्रामीणों के अनुसार इद्दु साइको है। पांच बच्चियो में एक को पूर्व में यूपी में चलती ट्रेन से फेंक कर मार डाला था। इस मामले में वह जेल भी जा चुका है। कुछ माह पूर्व ही वह जेल से छुटने के बाद घर आया था।

दुसरी पत्नी मृतका अफरीना का मायका पश्चिम चंपारण जिले के जगदीशपुर का झखरा गांव में है। घटना के बाद अरेराज डीएसपी रंजन कुमार व कई थाना की पुलिस एफएसएल टीम व श्वान दस्ता के साथ मामले की छानबीन में जुटी हैं। ग्रामीणो के अनुसार गुरुवार की देर रात किसी बात को लेकर इद्दु और उसकी पत्नी के बीच विवाद हुआ था।

लोस चुनाव में विस्थापित कश्मीरियों को मिलेगी मतदान की विशेष सुविधा

एजेंसी। शिमला।

भारत निर्वाचन आयोग ऐसे विस्थापित कश्मीरी लोगों को लोकसभा चुनाव में मताधिकार के लिए विशेष सुविधा देगी, जिनके पास संघ राज्य क्षेत्र जम्मू व कश्मीर के राहत एवं पुनर्वास आयुक्त का प्राधिकृत प्रमाण पत्र होगा। यह जानकारी शुक्रवार को जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त शिमला अनुपम कश्यप ने दी।

उन्होंने बताया कि ऐसे विस्थापित कश्मीरी नागरिक एफ्ट-ठी३ के माध्यम से फॉर्म-ट या फॉर्म 12-उ भरकर विस्थापित प्रमाण पत्र सहित जहां भी निवास कर रहें हैं वहां सम्बंधित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी या सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को दे सकते हैं। केवल परिवार का मुखिया भी समस्त पात्र परिवार के अन्य सदस्यों का पंजीकरण फॉर्म-ट या फॉर्म 12-उ भरकर दे सकते हैं। उन्होंने बताया कि इसके अतिरिक्त उक्त मतदाताओं के पास यह सुविधा भी उपलब्ध रहेगी कि वह अपने मताधिकार का प्रयोग आयोग के

स्थापित विशेष मतदान केन्द्रों पर, जो दिल्ली, उधमपुर तथा जम्मू में आयोग स्थापित करेगा, वहां भी फॉर्म-ट पर मतदान की सुविधा का लाभ उठा सकेंगे या फार्म 12-उ के माध्यम से पोस्टल बैलेट की सुविधा का भी लाभ उठा सकते हैं।

इसका प्रारूप भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाईट के माध्यम से डाउनलोड कर सकते हैं। उन्होंने समस्त विस्थापित कश्मीरी नागरिकों से अनुरोध करते हुए कहा कि वह उक्त प्रयोजनार्थ अपना मोबाइल नंबर भी उपलब्ध करवायें ताकि उक्त नम्बर को उनके मतदाता पंजीकरण के साथ जोड़ा जा सके।जिला निर्वाचन अधिकारी ने समस्त विस्थापित कश्मीरी नागरिकों से अनुरोध किया कि वह इस सुविधा के तहत फॉर्म-ट और फॉर्म-12उ को समय रहते, जहां निवास कर रहें हों, वहां सम्बधित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के पास जमा करवा दें ताकि वह अपने मताधिकार का प्रयोग कर सके।

बिहार में महागठबंधन में सीटें तय राजद को 26 और कांग्रेस को नौ

एजेंसी। पटना।

बिहार में महागठबंधन में सीटों का बंटवारा हो गया है। राजद सुप्रीमो लालू यादव और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अखिलेश सिंह ने बस्ती में शुक्रवार को सीटों के बंटवारे की घोषणा की। इसके मुताबिक राजद 26, कांग्रेस 09, सीपीआईएमएल 03, सीपीआई एक और सीपीआई (एम) एक सीट पर चुनाव लड़ेगी। राष्ट्रीय जनता दल के खाते में जो सीटें आई है, उनमें अररिया, बांका,बक्सर, गया, गोपालगंज, हाजीपुर, जहानाबाद, जमुई, झंझारपुर, मधेपुरा, महाराजगंज, नवादा, पाटलिपुत्र, उजियारपुर, सारण, पूर्णिया, शिवहर, सीतामढ़ी, पूर्वी चंपारण, सिवान, वैशाली, दरभंगा, मधुबनी, मुंगेर, वाल्मीकिनगर और औरंगाबाद लोकसभा सीट है।

कांग्रेस जिन नौ सीटों पर लोकसभा का चुनाव लड़ेगी उनमें कटिहार, किशनगंज, पटना साहिब, सासाराम, भागलपुर, बेतिया,

मुजफ्फरपुर, सुपौल और समस्तीपुर लोकसभा सीट हैं। सीपीआईएमएल जिन तीन सीटों पर चुनाव लड़ेगी उनमें काराकाट, आरा, नालंदा संसदीय सीट है जबकि सीपीआई बेगूसराय और सीपीआई (एम) खगड़िया से चुनाव लड़ेगी। लोकसभा चुनाव को लेकर जारी डेट के हिसाब से बात करें तो पहले चरण के चुनाव में सिर्फ राजद के कैंडिडेट होंगे और इन्होंने नामांकन भी करवा लिया है।

पहले चरण की सभी सीटें यानी औरंगाबाद, गया, नवादा और जमुई (एससी) राजद के खाते में गई हैं। दूसरे फेज में राजद के सिर्फ दो कैंडिडेट होंगे। बाकी तीन कैंडिडेट कांग्रेस के होंगे। इस चरण में किशनगंज, कटिहार और भागलपुर कांग्रेस जबकि पूर्णिया और बांका संसदीय सीट राजद के खाते में गई हैं। इसी तरह तीसरे चरण में झंझारपुर, सुपौल, अररिया और मधेपुरा लोकसभा सीट पर राजद जबकि खगड़िया सीट पर सीपीएम के कैंडिडेट मैदान में होंगे।

चौथे चरण में मुंगेर, उजियारपुर और दरभंगा सीट पर राजद, समस्तीपुर (एससी) सीट पर कांग्रेस, बेगूसराय सीट पर सीपीआई के प्रत्याशी मैदान में होंगे। इसके बाद पांचवें चरण में सीतामढ़ी, मधुबनी, सारण और हाजीपुर (एससी) सीट पर राजद जबकि मुजफ्फरपुर सीट पर कांग्रेस के कैंडिडेट होंगे। छठे चरण के वाल्मीकि नगर, शिवहर, पूर्वी चंपारण, वैशाली, गोपालगंज (एससी), सीवान सीट पर राजद जबकि पश्चिम चंपारण और महाराजगंज सीट पर कांग्रेस के उम्मीदवार मैदान में होंगे। सातवें और अंतिम चरण में नालंदा, आरा और काराकट सीट पर सीपीआई माले, पटना साहिब और सासाराम (एससी) सीट पर कांग्रेस, पाटिलपुत्र, बक्सर और जहानाबाद सीट पर राजद के कैंडिडेट मैदान में होंगे।

हरक सिंह रावत को ईडी ने 2 को पूछताछ के लिए किया तलब

देहरादून। कांग्रेस नेता व पूर्व मंत्री हरक सिंह रावत और उनकी पुत्रवधु अनुकृति गुसाईं की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। ईडी ने दोनों को पूछताछ के लिए तलब किया है। ईडी ने हरक सिंह को दो अप्रैल को, जबकि अनुकृति गुसाईं को तीन अप्रैल को ईडी दफ्तर में पूछताछ के लिए तलब किया है। कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के तहत पाखरो टाइगर सफारी निर्माण में अवैध लेन-देन का आरोप है। वहीं, ईडी द्वारा पूछताछ के लिए तलब किए जाने पर कांग्रेस का कहना है कि हरक सिंह रावत सहित विपक्षी नेताओं को भाजपा सरकार की ओर से परेशान किया जा रहा है। कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष संगठन मथुरा दत्त जोशी ने हरक सिंह रावत को ईडी दफ्तर तलब किए जाने पर सवाल उठाते हुए भाजपा सरकार पर निशाना साधा है।

डीआरजी जवान पर हमला करने वाला नक्सली धराया

एजेंसी। बीजापुर।

जिला मुख्यालय में डीआरजी के जवान दीपक दुर्गम पर नक्सलियों के स्मॉल एक्शन टीम ने 24 मार्च को फाईरिंग कर जानलेवा हमल किया था। पुलिस ने हमला करने वाले मास्टरमाइंड नक्सली संतोष पोटाम उम्र 18 वर्ष को शहर के एक छात्रावास से गुरुवार शाम गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार नक्सली संतोष पोटाम ने नक्सलियों के शहरी नेटवर्क का भी खुलासा किया है। जिसे आज शुक्रवार को कार्रवाई उपरांत रिमांड पर भेजा गया।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार नक्सलियों ने शहर में अपना नेटवर्क बना रखा था। गिरफ्तार नक्सली छात्रावास में घटना के बाद से छिपा हुआ था। डीआरजी जवान संतोष दुर्गम को गोली मारने से पहले नक्सली पोटाम ने वारदात वाली जगह की अच्छे से रेकी की थी। गिरफ्तार नक्सली संतोष पोटाम की बहन भी नक्सली संगठन से जुड़ी है। नक्सली पोटाम ने बहन के साथ मिलकर जवान के आने-जाने की गतिविधियों पर नजर रखी थी, और उसकी जानकारी भी नक्सलियों से साझा की थी। पुलिस के मुताबिक दुर्गम पर जानलेवा हमले के लिए संतोष पोटाम ने ही स्मॉल एक्शन टीम को सूचना पहुंचाई थी।

एलआईसी कार्यालय भी 30 और 31 को रहेंगे खुले

मुंबई/नई दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र की बीम कंपनी भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के कार्यालय 30 और 31 मार्च को खुले रहेंगे। एलआईसी ने शुक्रवार को जारी बयान में कहा कि करदाताओं को चालू वित्त वर्ष 2023-24 की समाप्ति से पहले कर बचाने की प्रक्रिया पूरी करने की सुविधा देने के लिए 30 और 31 मार्च को अपने कार्यालय खुले रखेगा। बीमा कंपनी एलआईसी का यह कदम बैंकों की उस घोषणा के बाद आया है, जिसमें उनकी शाखाएं शनिवार और रविवार को खुली रहने की जानकारी दी गई थी। उल्लेखनीय है कि रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने बैंकों को 30 मार्च तथा 31 मार्च, 2024 को सामान्य कामकाजी घंटों तक सरकारी लेन-देन के लिए अपनी नामित शाखाएं खुली रखने का निर्देश दिया है।

ईडी ने 'खिचड़ी' घोटाले में अमोल कीर्तिकर को भेजा दूसरा समन

एजेंसी। मुंबई।

ईडी ने खिचड़ी घोटाले में शिवसेना (यूबीटी) के नेता अमोल कीर्तिकर को दूसरा समन जारी करके 8 अप्रैल को पेश होने का आदेश दिया है। उन्हें लोकसभा चुनाव में मुंबई उत्तर-पश्चिम निर्वाचन क्षेत्र से उम्मीदवार घोषित किया गया है। इससे पहले इसी मामले में कीर्तिकर को ईडी ने बुधवार को समन जारी किया था लेकिन वे ईडी के समक्ष पेश नहीं हुए थे। यह घोटाला कोरोना महामारी के दौरान प्रवासी

श्रमिकों को खिचड़ी वितरित करने के ठेके देने में अनियमितता से संबंधित है। सितंबर, 2023 में मुंबई पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने 6.37 करोड़ रुपये के इसी घोटाले को लेकर संजय राउत के करीबी सुजीत पाटकर और कई अन्य लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी। अन्य आरोपितों में सुनील उर्फ बाला कदम, सह्याद्री रिफ्रेशमेंट के राजीव सालुंखे, फोर्स वन मल्टी सर्विस के साझेदार और कर्मचारी, स्नेहा कैटरर्स के साझेदार, तत्कालीन सहायक नगर आयुक्त (योजना) और अज्ञात बीएमसी अधिकारी हैं।

कालिम्पोंग प्रशासन ने राष्ट्रीय राजमार्ग 10 को फिर से बंद करने का लिया फैसला

एजेंसी। सिलीगुड़ी।

कालिम्पोंग जिला प्रशासन ने राष्ट्रीय राजमार्ग-10 (एनएच 10) को फिर से बंद करने का निर्णय लिया है। शनिवार सुबह छह बजे से सोमवार सुबह छह बजे तक नेशनल हाईवे बंद रहेगा।

कालिम्पोंग जिलाधिकारी ने इस संबंध में निर्देश जारी किया है। दो दिनों तक सिलीगुड़ी लावा-गोरुबथान-सेवक के माध्यम से सिक्किम और कलिम्पोंग से जुड़ा रहेगा। उल्लेखनीय है कि लिखु भीर में बुधवार को भूस्खलन हुआ था। हालांकि दोपहर के बाद रास्ता खोल दिया गया था।

बिहार : चुनाव को लेकर बिछी बिसात सहनी-पारस को नहीं मिला 'ठिकाना'

एजेंसी। पटना।

लोकसभा चुनाव को लेकर बिहार में मैदान तैयार हो गया है। एनडीए ने तो अपने खिलाड़ियों की घोषणा करते हुए फिल्डिंग भी सजा दी है। शुक्रवार को महागठबंधन ने भी सीट बंटवारा कर मुकाबले के लिए कमर कस ली है।दोनों गठबन्धनों ने अपने सहयोगी भी तय कर लिए, लेकिन अब तक पूर्व मंत्री मुकेश सहनी की पार्टी विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) और राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी (रालोजपा) को ठिकाना नहीं मिला है।

एनडीए गठबन्धन में भाजपा, जदयू, लोजपा (रामविलास), हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा (हम)

और राष्ट्रीय लोक मोर्चा हैं, जबकि महागठबंधन में राजद, कांग्रेस और वामपंथी दल हैं। वीआईपी के नेता मुकेश सहनी ने निषादों के आरक्षण की मांग को लेकर गठबन्धन करने की बात कही थी। उन्होंने गठबन्धन के तहत चुनाव लड़ने की बात भी की थी, लेकिन दोनों गठबंधनों ने उन्हें नकार दिया।

सूत्रों के मुताबिक, एनडीए और महागठबंधन के साथ वीआईपी के नेताओं से गठबन्धन की बात होती रही, लेकिन उनकी 'नाव ' अब तक अधर में है।यही स्थिति पूर्व केंद्रीय मंत्री पशुपति कुमार पारस की पार्टी रालोजपा की है। वर्ष 2019 में हुए लोकसभा चुनाव में लोजपा छह सीटों पर चुनाव लड़ी थी और सभी सीटों पर उसके प्रत्याशी को जीत मिली थी। लोजपा के संस्थापक रामविलास पासवान के निधन के बाद लोजपा दो धड़ों में बंट गई। एक धड़े का नेतृत्व पशुपति पारस करने लगे तो दूसरा धड़े का नेतृत्व चिराग पासवान के हाथों में चला गया।लोकसभा चुनाव 2024 के सीट बंटवारे में चिराग पासवान वाली लोजपा को पांच सीटें मिल गई, लेकिन पशुपति पारस को एक सीट भी नहीं मिली।

आज का राशिफल

मेष : व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। घर में शुभ समाचारों का संचार होगा।

वृष : यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। बुजुर्गों का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे।

मिथुन : कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे।

कर्क : राजकीय कार्यों से लाभ। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी।

सिंह : व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी।

कन्या : मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा।

तुला : यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी।

वृश्चिक : मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ।

धनु : आय के योग बनेंगे। संतान की उन्नति के योग हैं। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। आत्मचिंतन करे। पुराने मित्र से मिलन होगा। स्वविवेक से कार्य करें।

मकर : अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। नये व्यावसायिक अनुबन्ध होंगे। '

कुंभ : जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे।

मीन : लाभ में आशातीत वृद्धि तय है, मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी।

मियामी ओपन के फाइनल में पहुंची रोहन बोपन्ना-मैथ्यू एडबेन की जोड़ी

एजेंसी। मियामी

भारत के रोहन बोपन्ना और ऑस्ट्रेलिया के मैथ्यू एडबेन की पुरुष युगल जोड़ी चल रहे मियामी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंच गई। बोपन्ना और एडबेन की जोड़ी ने सेमीफाइनल में स्पेन के मार्सेल ग्रेनोलर्स और उनके

अर्जेंटीना के साथी होरासियो जेबालोस पर 6-1 और 6-4 से जीत दर्ज की। बोपन्ना और एबडेन ने पहले क्षण से ही खेल पर दबदबा बना लिया। पहले सेट में भारत-ऑस्ट्रेलियाई जोड़ी ने 6-1 से जीत हासिल की। दूसरे सेट में, विरोधियों ने वापसी करने की कोशिश की लेकिन बोपन्ना और उनके साथी ने धैर्य बनाए रखा और 6-4 से जीत पक्की कर ली। भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) ने एक्स पर लिखा,मियामी ओपन फाइनल में भव्य प्रवेश! दिग्गज और टॉप स्कीम एथलीट बोपन्ना और उनके ऑस्ट्रेलियाई युगल जोड़ीदार एबडेन ने स्पेन के एम. ग्रेनोलर्स और अर्जेंटीना के एच. जेबालोस को 6-1, 6-4 से हराकर सीजन के अपने तीसरे फाइनल में प्रवेश किया। इन-फॉर्म खिलाड़ी की शीर्ष पर वापसी। शाबाश! समापन समारोह के लिए बधाई और शुभकामनाएं।

पंजाब के खिलाफ लखनऊ को करना होगा ऑलराउंड प्रयास

एजेंसी। लखनऊ

केएल राहुल की अगुआई वाली लखनऊ सुपर जायंट्स की टीम जब शनिवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के दूसरे मैच में पंजाब किंग्स से भिड़ेगी तो उसकी निगाहें हर विभाग में बेहतर प्रदर्शन करने पर लगी होगी। लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) को चंडीगढ़ में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ पहले मैच में 20 रन से हार का सामना करना पड़ा था। इस मैच में क्रुणाल पांड्या को छोड़कर लखनऊ के सभी गेंदबाजों ने रन लुटाए थे और वे प्रभावित नहीं कर सके। मार्क वुड और डेविड विली की अनुपस्थिति में एलएसजी के तेज गेंदबाज कमजोर दिखे जिसमें मोहसिन खान, नवीन उल हक और यश ठाकुर से जिम्मेदारी उठाने की उम्मीद थी। आगामी टी20 विश्व कप टीम में जगह बनाने की मुहिम में जुटे रवि बिश्नोई टीम के आईपीएल में शुरूआती मैच में साधारण दिखे। कप्तान राहुल ने भी टी20 विश्व कप को ध्यान में रखते हुए विकेटकीपर बल्लेबाज की भूमिका निभाने का फैसला किया और वापसी वाले मैच में 58 रन की पारी खेली जिससे वह अगले मैच में इससे और बेहतर करना चाहेंगे। साथ ही वह उम्मीद करेंगे कि उनकी सलामी जोड़ीदार क्विंटन डिकॉक पंजाब किंग्स के खिलाफ अपनी सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में वापसी करे। टीम को देवदत्त पडीक्कल, आयुष बडोनी, दीपक हुड्डा और क्रुणाल से भी निचले क्रम में अच्छे प्रदर्शन की आस होगी। एलएसजी की सफलता आस्ट्रेलियाई आल राउंडर मार्कस स्टोइनिस की फॉर्म पर भी निर्भर होगी जो पिछले साल 408 रन बनाकर टीम के लिए सर्वाधिक रन जुटाने वाले खिलाड़ी रहे थे।

वहीं पंजाब किंग्स ने अभी तक दो में एक में जीत हासिल की जबकि एक में उसे हार मिली। शिखर धवन की अगुआई वाली टीम को पावरप्ले में रन गति में तेजी लाने की जरूरत है और ऐसा तभी होगा जब पहले दो मैच में विफल रहने वाले जॉनी बेयरस्टो धमाकेदार बल्लेबाजी करें। सिर्फ आईपीएल में खेलने वाले धवन को भी आगे अपने स्ट्राइक रेट में तेजी लाने की जरूरत है। उन्होंने खुद ही स्वीकार किया था कि रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ बल्लेबाजी धीमी रही थी। प्रभसिमरन सिंह अच्छी शुरूआत को बड़े स्कोर में नहीं बदल पाए हैं। ऑलराउंडर सैम करन ने दोनों मैच में बल्ले से अपना कौशल दिखाया है लेकिन वह गेंदबाजी में ऐसा कमाल नहीं कर पाये हैं। उप कप्तान जितेश शर्मा भी टी20 विश्व कप के लिए टीम में जगह बनाने की कोशिश में जुटे हैं लेकिन राष्ट्रीय चयनकताओं को लुभाने के लिए उन्हें भी अच्छा प्रदर्शन दिखाना होगा। तेज गेंदबाजी विभाग में कागिसो रबाडा को करन, अर्शदीप सिंह और हर्षल पटेल से और अधिक सहयोग की उम्मीद होगी। बायें हाथ के स्पिनर हरप्रीत बरार प्रभावी रहे जबकि लेग स्पिनर राहुल चाहर को अच्छी गेंदबाजी करनी होगी।

लखनऊ सुपर जाइंट्स : केएल राहुल (कप्तान), क्विंटन डी कॉक, देवदत्त पडिक्कल, निकोलस पूरन, दीपक हुडा, क्रुणाल पंड्या, मार्कस स्टोइनिस, रवि बिश्नोई, नवीन-उल-हक, मोहसिन खान, यश ठाकुर।

पंजाब किंग्स : शिखर धवन (कप्तान), प्रभसिमरन सिंह, सिकंदर रजा, लियाम लिविंगस्टोन, सैम कुरेन, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), शशांक सिंह, हरप्रीत बराड़, कैगिसो रबाडा, हर्षल पटेल, राहुल चाहर।

पृथ्वी शॉ को प्लेइंग 11 में नहीं चुनने पर टॉम मूडी और वसीम जाफर हुए हैरान

एजेंसी। नई दिल्ली

पूर्व ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर टॉम मूडी ने कहा कि विकेटकीपर-बल्लेबाज पृथ्वी शॉ को दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) की प्लेइंग इलेवन से बाहर करने का 'कोई मतलब नहीं है' और सुझाव दिया कि डीसी को आगामी मैचों के लिए 24 वर्षीय का चयन करना चाहिए। मूडी ने बताया कि जबकि शॉ हाल के सीजन में अप्रभावी रहे हैं, उनके अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट अनुभव को देखते हुए रिकी भुई के स्थान पर उन्हें चुनना अधिक प्रशंसनीय विकल्प है।

मूडी ने कहा, 'इसका कोई मतलब नहीं है क्योंकि आपके पास डगआउट में एक भारतीय अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी (पृथ्वी शॉ) है। हां, उसने आईपीएल में वैसा प्रदर्शन नहीं किया जैसा हम सभी को उम्मीद थी कि वह करेगा, लेकिन उम्मीद है कि वह रन बनाएगा। वह डगआउट से रन नहीं बना पाएगा।' शॉ को इस सीजन में दिल्ली के पहले दो मैचों के लिए बाहर कर दिया गया था। घरेलू क्रिकेट स्टार रिकी भुई ने अपने मौकों का फायदा नहीं उठाया और पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) और राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के खिलाफ क्रमशः 3 और 0 रन बनाए।

वसीम जाफर ने इस बात पर आश्चर्य व्यक्त किया कि आईपीएल 2024 मिनी-नीलामी के लिए रखने के बावजूद दिल्ली ने शॉ को नहीं खिलाया। डीसी के शुरूआती दो मुकाबलों में इस आक्रामक सलामी बल्लेबाज को बाहर किए जाने के

जवाब में वसीम जाफर ने कहा, 'अब जब उन्होंने उसे पकड़ लिया है और उसे नीलामी में नहीं जाने दिया है, तो मुझे आश्चर्य है कि वे उसे नहीं खिला रहे हैं। वह ज्यादातर समय मुंबई के लिए खेला है। आप कल्पना करेंगे कि वह फिट है। मैं आश्चर्यचकित हूं। उसे दंडित करना और फिर गेम हारना आगे बढ़ने का तरीका नहीं है।'

खबरें व्यापार जगत की

जीईएम पर खरीदारी चार लाख करोड़ रुपये के पार

रांची/नई दिल्ली। देश के विभिन्न मंत्रालयों और विभागों की अधिक खरीद गतिविधियों से सरकारी ऑनलाइन मंच गवर्नमेंट ई मार्केटप्लेस (जीईएम) ने चालू वित्त वर्ष 2023-24 में अपने सकल व्यापारिक मूल्य (जीएमवी) को दोगुना करते हुए अब तक चार लाख करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर लिया है। जेईएम से प्राप्त सेवाओं में 205 फीसदी की वृद्धि है। इसमें 21 लाख विक्रेता और सेवा प्रदाता शामिल हुए हैं। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने शुक्रवार को जारी बयान में कहा कि चालू वित्त वर्ष 2023-24 में अभी तक सरकारी मंच जीईएम के जरिए वस्तुओं तथा सेवाओं की खरीद चार लाख करोड़ रुपये के पार पहुंच गई है। केंद्र सरकार के सभी मंत्रालयों तथा विभागों द्वारा वस्तुओं एवं सेवाओं की ऑनलाइन खरीद के लिए सरकारी ई-मार्केट (जीईएम) मंच की शुरूआत 9 अगस्त, 2016 को की गई थी। जीईएम के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) पीके सिंह ने बताया कि 28 मार्च, 2024 तक खरीद 4 लाख करोड़ रुपये को पार कर गई, जो ऐतिहासिक है। उन्होंने कहा कि वित्त वर्ष 2021-22 में खरीद मूल्य 1.06 लाख करोड़ रुपये था, जो पिछले वित्त वर्ष 2022-23 में दो लाख करोड़ रुपये को पार कर गया। सिंह ने कहा कि मंच से सेवाओं की खरीद वित्त वर्ष 2022-23 में 66 हजार करोड़ रुपये से बढ़कर चालू वित्त वर्ष 2023-24 में अभी तक 2.05 लाख करोड़ रुपये हो गई है। उन्होंने कहा कि चालू वित्त वर्ष में 28 मार्च तक मंच से 1.95 लाख करोड़ रुपये की वस्तुएं खरीदी गईं। उल्लेखनीय है कि दुनियाभर में सरकारी ऑनलाइन खरीद मंचों की सूची में दक्षिण कोरिया का केओएनईपीएस शीर्ष पर है। इसके बाद दूसरे नंबर में सिंगापुर का जीईबीआईजेड और फिर तीसरे स्थान पर भारत का जीईएम है।

केंद्र ने एक अप्रैल से गेहूं स्टॉक की अनिवार्य घोषणा करने का दिया आदेश

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने शुक्रवार को एक अप्रैल से गेहूं की स्टॉक स्थिति की अनिवार्य घोषणा का आदेश जारी किया है। सरकार ने यह कदम जमाखोरी और सट्टेबाजी रोकने के लिए उठाया है। सभी श्रेणियों की संस्थाओं की ओर से चावल के स्टॉक की घोषणा पहले ही की जा चुकी है। उपभोक्ता,

खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मामलों के मंत्रालय ने जारी एक आदेश में कहा कि राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के सभी व्यापारियों, थोक विक्रेताओं, खुदरा विक्रेताओं, बड़ी श्रृंखला के खुदरा विक्रेताओं और प्रोसेसरों को एक अप्रैल से प्रभावी सरकारी पोर्टल पर गेहूं की अपनी स्टॉक की स्थिति घोषित करनी होगी। वर्तमान में गेहूं की स्टॉक सीमा जारी करने की तिथि 31 मार्च को समाप्त हो रही है। इसके उपरांत हर शुक्रवार को गेहूं और चावल के स्टॉक का खुलासा करना होगा।

डेविड वार्नर ने दी 'पुष्पा' को बधाई

मुंबई। ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर डेविड वार्नर निश्चित रूप से स्टार अल्लू अर्जुन के बहुत बड़े प्रशंसक हैं, जिन्हें उन्होंने सोशल मीडिया पर अपने नवीनतम पोस्ट में एक किंवदंती के रूप में संदर्भित किया है। वार्नर ने शुक्रवार को इंस्टाग्राम पर दुबई के मैडम तुसाद में अपने मोम के पुतले के बगल में अल्लू अर्जुन की तस्वीर साझा की। तस्वीर को साझा करते हुए, ऑस्ट्रेलियाई स्टार ने फोटो को कैप्शन दियाः यह किंवदंती कितनी अच्छी है अल्लूअर्जुनऑनलाइन बधाई पुष्पा। यह पहली बार नहीं है कि ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज वॉर्नर ने अल्लू अर्जुन के प्रति अपना प्यार दिखाया है।

झारखंड के उज्ज्वल को वुशु में कांस्य

नवीन मेल संवाददाता। रांची

जम्मू के जम्मू यूनिवर्सिटी में चल रही 23वीं सब जूनियर नेशनल वुशु चैंपियनशिप के तीसरे दिन झारखंड के खिलाड़ी उज्ज्वल पाल ने ताऊलू प्रतिस्पर्धा में कांस्य पदक जीता। झारखंड के कई अन्य खिलाड़ी भी पदकों की होड़ में शामिल हैं। ज्ञात हो कि इस प्रतियोगिता में झारखंड के 31 खिलाड़ी और अधिकारी भाग ले रहे हैं। यह प्रतियोगिता 26 मार्च से शुरू हुई है और 31 मार्च तक चलेगी। इस प्रतियोगिता में भारत के विभिन्न इकाइयों के खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। इसकी जानकारी देते हुए झारखंड वुशु एसोसिएशन के महासचिव शैलेंद्र दुबे ने बताया कि इसके साथ ही जम्मू में आयोजित खेलो इंडिया नेशनल सब जूनियर और जूनियर प्रतियोगिता में झारखंड के सात खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। दुबे ने बताया कि इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों के किट, यात्रा टिकट और दैनिक भत्ते का भुगतान खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग द्वारा किया जाएगा।

उज्ज्वल पाल की इस सफलता पर झारखंड वुशु एसोसिएशन के प्रेसिडेंट प्रदीप वर्मा, चंचल भट्टाचार्य, मिथलेश साहू, डॉ अंशु साहू, शशिकांत पांडे, रजी अहमद, डॉ कविता सिंह, उदय साहू, वाहिद अली, शैलेंद्र कुमार, शैलेंद्र दुबे, रत्नेश कुमार, दीपक गोप, डॉ मुकुंद मेहता, अभय कुमार सिंह, प्रियदर्शी अमर, पंकज कुमार, सुनील सूर्यांत, आशीष गोप आदि ने शुभकामनाएं दी हैं।

कनाडा के खिलाफ टी-20 श्रृंखला के लिए कोरी एंडरसन यूएसए की टीम में

एजेंसी। स्टन

न्यूजीलैंड के पूर्व तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर कोरी एंडरसन को कनाडा के खिलाफ 7 अप्रैल से होने वाली पांच मैचों की टी20 सीरीज के लिए यूएसए की 15 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया है। एंडरसन के अलावा, हरमीत सिंह, मिलिंद कुमार, एंड्रीज गॉस, शैडली वान शल्कविक और नितीश कुमार यूएसए टीम में अन्य नए चेहरे हैं। एंडरसन आखिरी बार 2018 में न्यूजीलैंड के लिए खेले थे, और अब मेजर लीग क्रिकेट (एमएलसी) की घोषणा के दौरान देश में प्रवास के बाद यूएसए के लिए खेलने के लिए पात्र हैं। यूएसए जाने के बाद से, एंडरसन ने मेजर लीग क्रिकेट (एमएलसी) के लिए विकासात्मक लीग माइनर लीग क्रिकेट (एमआईएलसी) में 28 पारियों में 146 की स्ट्राइक रेट से 900 रन बनाए हैं, जिसका उद्घाटन संस्करण पिछले साल आयोजित किया गया था। भारत के पूर्व अंडर-19 बाएं हाथ के स्पिनर हरमीत ने 2022 में एमआईएलसी ट्रॉफी में सिएटल थंडरबोल्ट्स की कप्तानी की और 2023 एमएलसी में सिएटल ओर्कास द्वारा चुना गया। आरसीबी के पूर्व बल्लेबाज मिलिंद, जो घरेलू क्रिकेट में दिल्ली और सिक्किम के लिए खेलते थे, अच्छे घरेलू प्रदर्शन के बाद टीम में जगह बना पाने में सफल रहे। गौस और वान शल्कविक, जो दक्षिण अफ्रीका से संयुक्त राज्य अमेरिका चले गए, को घरेलू सर्किट में लगातार अच्छा प्रदर्शन करने के लिए पुरस्कृत किया गया है।

हमें मध्य ओवर की बल्लेबाजी को दुरुस्त करने की जरूरत : जेम्स होप्स

जयपुर। जेएसडब्ल्यू और जीएमआर की सह-स्वामित्व वाली फ्रेंचाइजी दिल्ली कैपिटल्स को गुरुवार को जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ आईपीएल 2024 में 12 रनों से हार का सामना करना पड़ा। दिल्ली की लीग में यह लगातार दूसरी हार थी। राजस्थान ने मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में 5 विकेट पर 185 रन बनाया, जवाब में दिल्ली कैपिटल्स की टीम 5 विकेट पर 173 रन ही बना सकी। टीम के प्रदर्शन पर दिल्ली कैपिटल्स के बॉलिंग कोच जेम्स होप्स ने कहा, मैं गेंदबाजों के बारे में ज्यादा बुरा नहीं कहूंगा। उन्होंने बस अमल करने की कोशिश की। गेंद के साथ पहला हाफ अच्छा रहा, यह पहली बार है कि नॉर्टजे पिछले कुछ समय में इस स्तर पर हैं। वह काफी समय तक खेल से बाहर रहे, लेकिन यदि आप सभी आंकड़ों पर नजर डालें तो वह खेल के प्रमुख डेथ बॉलरों में से एक हैं।

नीरज चोपड़ा 10 मई को दोहा डायमंड लीग से करेंगे सत्र का आगाज

एजेंसी। नई दिल्ली

मौजूदा ओलंपिक और विश्व चैंपियन भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा 10 मई को दिग्गज खिलाड़ियों के बीच प्रतिष्ठित डायमंड लीग सीरीज के दोहा चरण में अपने सत्र की शुरूआत करेंगे। छब्बीस साल के चोपड़ा ने पिछले सत्र का समापन चीन के हांगझोउ में एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक के साथ किया था। इस साल उनका लक्ष्य पेरिस में अपने ओलंपिक स्वर्ण का बचाव करने का होगा। चोपड़ा के अलावा भारतीय खिलाड़ी किशोर जेना भी कतर की राजधानी में होने वाले डायमंड लीग चरण में पदार्पण करेंगे। जेना 2023 बुडापेस्ट विश्व चैंपियनशिप में पांचवें स्थान पर रहे और उन्होंने हांगझोउ में 87.54 मीटर के व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ के साथ रजत पदक जीता था। चोपड़ा का मुकाबला चेक गणराज्य के जैकब वडलेज्च और ग्रेनेडा के पूर्व विश्व चैंपियन एंडरसन पीटर्स जैसे प्रतिद्वंद्वियों से होगा। वडलेज्च तोक्यो ओलंपिक में रजत और 2023 विश्व चैंपियनशिप में कांस्य जीता था।

चोपड़ा ने कहा कि इस साल, मेरा व्यक्तिगत लक्ष्य अपने ओलंपिक खिताब की रक्षा करना है, लेकिन 90 मीटर की बाधा को पार करना भी मेरे लिए बहुत मायने रखेगा। दोहा चरण में अच्छी परिस्थितियों और शानदार माहौल के बीच सत्र को बेहतरीन तरीके से शुरू करने का अच्छा मौका होगा। चोपड़ा का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 89.94 मीटर है। उन्होंने कहा कि मैं दुनिया भर में और कतर में भारतीयों से मिलने वाले गर्मजोशी भरे समर्थन से हमेशा अभिभूत रहता हूं। मैं भाग्यशाली महसूस करता हूं कि इतने सारे लोग मेरा समर्थन करने आते है। मुझे उम्मीद है कि मैं अच्छे प्रदर्शन के साथ उनके विश्वास का बदला चुका सकूंगा। दोहा मीट 2024 डायमंड लीग सीरीज का तीसरा चरण है। डायमंड लीग 4 अलग-अलग महाद्वीपों में कुल 15 चरण में आयोजित होता है। इसका आगाज 20 अप्रैल को जियामेन से हुआ जबकि ब्रुसेल्स (13-14 सितंबर) में इसके आखिरी चरण का आयोजन होगा। जियामेन और

प्लेयर ऑफ द ईयर पुरस्कार के लिए नामित होने पर सम्मानित महसूस कर रही हूं : दीपिका कुमारी

एजेंसी। नई दिल्ली

पिछले वर्ष के दौरान, भारतीय फॉरवर्ड दीपिका कुमारी टीम के आक्रमण के शक्तिशाली हथियारों में से एक के रूप में उभरी हैं। भारतीय महिला हॉकी टीम की पेनल्टी कॉर्नर विशेषज्ञ हाल ही में संपन्न 14वीं हॉकी इंडिया सीनियर महिला राष्ट्रीय चैम्पियनशिप के दौरान 15 गोल के साथ सर्वोच्च गोल स्कोरर थीं। इसके अलावा, उनके प्रदर्शन के लिए, 21 वर्षीय दीपिका को प्रतिष्ठित हॉकी इंडिया असुंता लाकड़ा प्लेयर ऑफ द ईयर पुरस्कार के लिए भी नामित किया गया है।

दीपिका ने हॉकी इंडिया द्वारा जारी एक आधिकारिक बयान में कहा, ईमानदारी से कहूं तो, मुझे इस पुरस्कार के लिए नामांकित होने की उम्मीद नहीं थी। लेकिन मैं इस पुरस्कार के लिए नामांकित होने से सम्मानित महसूस कर रही हूं। मैं इस बारे में नहीं सोच रही हूं कि मैं पुरस्कार जीतूंगी या नहीं, लेकिन सिर्फ नामांकित होने का उत्साह एक एड्रेनालाईन भीड़ की तरह है। जब मैंने शुरूआत की, तो मैं अच्छा प्रदर्शन नहीं कर रही थी, लेकिन जूनियर एशिया कप और सीनियर महिला टीम के साथ कई दौरों में खेलने के बाद, मैं अपने प्रदर्शन में प्रतिदिन सुधार करती रही।" उन्होंने कहा, मेरा परिवार इस बात से खुश है कि मुझे इस पुरस्कार के लिए नामित किया गया है। उनके लिए मेरा नामित होना बहुत मायने रखता है।

पुणे के पिंपरी में मेजर ध्यानचंद हॉकी स्टेडियम में 14वीं हॉकी इंडिया सीनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप के फाइनल में हॉकी हरियाणा ने हॉकी महाराष्ट्र को शूट आउट में 3-0 (1-1) से हराया। निर्धारित समय में हॉकी हरियाणा के लिए दीपिका (26') ने एकमात्र गोल किया। नवनीत कौर, उषा और सोनिका ने शूटआउट में स्कोर किया और उनकी कप्तान सविता ने लगातार तीन बचाव करके टीम को खिताब दिलाया। 14वीं हॉकी इंडिया सीनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप में अपने अनुभव को लेकर दीपिका ने कहा, मुझे घरेलू टूर्नामेंट में खेले हुए काफी समय हो गया है। पिछली बार मैंने 2020 में सीनियर नेशनल में खेला था। इस टूर्नामेंट में खेलना विशेष था क्योंकि कई वरिष्ठ खिलाड़ियों ने भी हिस्सा लिया था। जिस स्तर की हॉकी खेली गई वह उग्र और तीव्र थी। विभिन्न खिलाड़ियों के खिलाफ खेलने से आपको यह समझने में मदद मिलती है कि आपको कहां सुधार करने की जरूरत है।

टी-20 श्रृंखला के लिए आयरलैंड का दौरा करेगा पाकिस्तान

एजेंसी। लाहौर

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने शुक्रवार को पाकिस्तान के आयरलैंड दौरे के कार्यक्रम की घोषणा की। पाकिस्तान आयरलैंड दौरे पर तीन मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला खेलेगी। तीनों मैच क्रमशः 10, 12 और 14 मई को डबलिन के कैसल एवेन्यू में खेले जाएंगे। यह श्रृंखला संयुक्त राज्य अमेरिका और वेस्ट इंडीज में टी20 विश्व कप के लिए पाकिस्तान की 12 मैचों की तैयारी का हिस्सा है। पाकिस्तान के आयरलैंड रवाना होने से पहले, न्यूजीलैंड पांच टी20 मैच खेलने के लिए अप्रैल में पाकिस्तान पहुंचेगा, अंतिम मैच 27 अप्रैल को होगा। इसके बाद, पाकिस्तान इंग्लैंड के चार टी-20 मैचों के दौरे पर जाएगा, जो 22 मई से शुरू होगा। पाकिस्तान की आयरलैंड की आखिरी यात्रा 2018 में मेजबान टीम के उद्घाटन टेस्ट मैच के दौरान हुई थी। यह आखिरी बार भी था जब दोनों टीमें विभिन्न प्रारूपों में भिड़ी थीं। पाकिस्तान को जुलाई 2020 में डबलिन में दो टी20 मैचों में आयरलैंड से खेलना था, हालांकि, उन्हें कोविड-19 महामारी के कारण स्थगित कर दिया गया था। इस बीच, आयरलैंड इस महीने की शुरूआत में संयुक्त अरब अमीरात में अफगानिस्तान के खिलाफ एकदिवसीय और टी20ई श्रृंखला हारने के बाद पाकिस्तान के खिलाफ टी20 खेलेगा।

एक नजर

पुलिस ने जीएलए कॉलेज फील्ड से अज्ञात नवजात को किया बरामद

मेदिनीनगर। शहर थाना क्षेत्र के जीएलए कॉलेज फील्ड के झाड़ी से शुक्रवार की सुबह एक नवजात बच्चा को टिओपी 2 थाना की पुलिस ने बरामद किया है। बताया जाता है की शुक्रवार की सुबह जीएलए कॉलेज रोड के स्थानीय निवासी मनु राम को अपने घर के पास झाड़ी में एक नवजात बच्चा मिला।नवजात बच्चे की स्थिति काफी गंभीर थी। इसके बाद मनु राम के द्वारा नवजात बच्चा मिलने की जानकारी पुलिस को दी गई। जानकारी मिलते ही टिओपी 2 टाइगर मोबाइल के जवान सुबिन्द कुमार वहा पहुंचकर बच्चों को अपने कब्जे में लेकर इसकी जानकारी सीडब्लूसी को दिया। जानकारी मिलने पर सीडब्लूसी के अधिकारी वहां पहुंचकर बच्चों को इलाज के लिए मेदनीनगर सदर अस्पताल में भर्ती कराया है। सदर अस्पताल में सीडब्लूसी के कर्मचारियों के देखरेख में बच्चे का इलाज चल रहा है।वही पुलिस अज्ञात नवजात बच्चे के परिजनों का पता लगाने में जुट गई है।

रामनवमी त्योहार धूमधाम से मनाने को लेकर हुई बैठक

मेदिनीनगर। शहर के शास्त्रीनगर(भट्ठी मुहल्ला) स्थित सप्तमातर देवी मंदिर मे आम हिन्दू जनमानस के द्वारा 25 रामनवमी संस्थाओं की सहमति एवं सर्वसहमति से रामनवमी जेनरल अध्यक्ष पंकज जायसवाल जी को चुना गया , जेनरल कमिटी के एक मात्र सदस्य के द्वारा संघों की सहमति लिए बिना तानाशाही पूर्वक तरिके से श्री दुर्गा जौहरी जी को अध्यक्ष चुना जिसका घोर आक्रोश पूर्ण तरीके से विरोध हुआ, सभी संस्थाओं ने सामुहिक रूप से सप्तमातर देवी मंदिर मे बैठक रखी जिस मे सभी पत्रकार बंधुओं को बुलाया गया और अपना पक्ष और संघों तथा समितियों का पक्ष रखा कि आगामी जब भी चुनाव हो तो लोकतान्त्रिक तरीके से चुनाव हो। वर्तमान मे हमारे अध्यक्ष पंकज जायसवाल रहेंगे। हम सब अपना रामनवमी महापर्व 2024 खराब होने नहीं देंगे क्यों की इस वर्ष हमारे राम लला 497 वर्षो बाद पुनः विरजमान हुए है दुर्गा जौहरी पर आरोप है वो एक असफल नेतृत्व कर्ता रहें है उनका हिन्दू समुदाय के प्रति नकारात्मक रवैया रहता है, कई संस्थाओं ने उन पर आरोप भी लगाए है कि उनके पूर्व के कार्यकाल के नेतृत्व मे भी सभी सस्था वाले को काफी बाधा आयी थी। अगर इस समस्या का हल नहीं निकलता है तो हम सब मजबूर हो जायंगे की रामनवमी जेनरल के ऐसे लोगों का बहिष्कार करेंगे जो राम जी और हमारे समितियों के विरोध में कार्य करते हैं और तानाशाहीपूर्ण निर्णय लेने का कार्य करते हैं।

पलामू टाइगर रिजर्व में 24 जिलों से प्रशिक्षण के लिए 29 लोग पहुंचे

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। पलामू टाइगर रिजर्व में इस समय झारखंड राज्य के 24 जिलों से 29 लोग प्रशिक्षण के लिए आए हुए हैं। ये प्रशिक्षण 28 मार्च से शुरू हो चुका है आज इस प्रशिक्षण का दूसरा दिन हैं। यह तीन दिवसीय प्रशिक्षण 30 मार्च को समाप्त होगा इस प्रशिक्षण में झारखंड राज्य के जो 29 लोग 24 जिलों से आए हैं वह नेचर गाइड बनने का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। पलामू टाइगर रिजर्व के उत्तरी मंडल के उपनिदेशक पीके जैना ने प्रेस को बताया कि यह 29 लोग सीधे-साधे हैं ग्रामीण परिवेश के हैं लेकिन इनमें लालसा है नेचर गाइड बनने का। ये 29 लोग कुछ दिनों के लिए रांची जिले के महिलॉन्ग में स्थित वन प्रशिक्षण विद्यालय में

रह चुके हैं। जहां इन्होंने किताबी ज्ञान प्राप्त किया। अब यह पलामू टाइगर रिजर्व में प्रैक्टिकल ज्ञान प्राप्त कर रहे हैं एक अच्छा और सफल नेचर गाइड बनने का।

पलामू टाइगर रिजर्व के उत्तरी प्रमंडल के उपनिदेशक पीके जैना ने बताया के इन 29 लोगों में से कुछ बिल्कुल सीधे-साधे हैं पढ़े लिखे नहीं है कुछ एक मैट्रिक पास है और कुछ छठी और सातवें पास है। लेकिन इनके पास एक बड़ा ज्ञान है और वह है इन 29 लोगों का जमीन से जुदा होना। यह जंगल के बारे में जानते हैं, जानवरों के बारे में, जंगल के भोजन के बारे में, जंगल में पानी की उपलब्धता के बारे में चिंता करते हैं।

पीके जैना ने बताया इस तीन दिवसीय प्रशिक्षण में इन्हें बताया गया कि तेंदुआ हो या बाघ उसे उसके पद चिन्ह से समझा जाता है। एक तेंदुआ का पद चिन्ह दूसरे तेंदुआ के पद चिन्ह से नहीं मिलता है। वैसे ही एक बाघ का पद चिन्ह दूसरे बाघ से नहीं मिलता। उन्हें जंगल की आग क्यों कैसे लगती है और कैसे बुझानी चाहिए यह भी बताया । श्री पीके जैना ने बताया की चूके यह झारखंड राज्य के 24 जिलों के हैं इसलिए इन्हें यहां के वृक्षों की भी जानकारी दी गई और उन्होंने आश्चर्य और खुशी व्यक्त करते हुए बताया कि यह 29 लोगो को वृक्षों का बहुत अच्छा ज्ञान था।

बालिका गृह से बच्ची हुई फरार छानबीन में जुटी पुलिस

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। पलामू बालिका गृह से एक बच्ची फरार हो गई है। फरार होने वाली बच्ची हुसैनाबाद की रहने वाली है। पूरे मामले में बालिका गृह के संचालन करने वाले प्रबंधन ने पुलिस को जानकारी दी है जिसके बाद पुलिस पूरे मामले में छानबीन कर रही है. घटना गुरुवार की शाम चार बजे के बाद की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार कुछ दिनों पहले बच्ची को प्रेम प्रसंग के मामले में बालिका गृह में रखा गया था। दरअसल, प्रेम प्रसंग के मामले में पुलिस ने बच्ची को रिकवर किया था, रिकवर होने के बाद बच्ची परिजनों के साथ घर नहीं जाना चाह रही थी।

पुलिस ने पूरे मामले की जानकारी बाल कल्याण समिति को दी थी, इसके बाद बच्ची को बालिका गृह में रखा गया था। बच्ची के पिता नहीं है। गुरुवार को

बालिका किसी कारण से छत पर चढ़ी थी और पाइप के सहारे फरार हो गई। घटना की जानकारी मिलने के बाद बालिका गृह प्रबंधन ने बच्ची को खोजने का प्रयास किया, लेकिन बच्ची को बरामद नहीं किया जा सका है। पूरे मामले में प्रबंधन में मेदिनीनगर टाउन थाना को सूचना दी है। जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी प्रकाश कुमार ने बताया कि बच्ची फरार हुई है मामले में छानबीन की जा रही है। मेदिनीनगर टाउन थाना प्रभारी देवव्रत पोद्दार ने बताया कि पुलिस बच्ची को खोजने का प्रयास कर रही है और पूरे मामले में सनहा दर्ज किया गया है।

निजी क्लिनिकों के गोरखधंधे में सहयोग कर रहीं स्वास्थ्य सहायिकाएं

नवीन मेल संवाददाता

लावालौंग (चतरा)। लावालौंग प्रखंड क्षेत्र में गर्भवती महिलाओं को बेहतर स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराने के लिए सरकार और विभाग के द्वारा स्वास्थ्य सहियाओं को तैनात किया गया है। ताकि सुरक्षित व संस्थागत प्रसव कराया जा सके। परंतु कई सहियाएं चंद रूपयों के लोभ में निजी क्लीनिक संचालकों के गोरखधंधे में खुलकर साथ दे रही हैं। जो ना केवल विभाग की छवि को धूमिल कर रही हैं बल्कि जच्चा-बच्चा के जीवन के साथ खिलवाड़ भी कर रही हैं।

ऐसा ही एक ताजा मामला लावालौंग थाना क्षेत्र में सामने आया है। जहां कमिशनखोरी के लोभ में बान्दू गांव की सहिया सरिता देवी गांव की ही एक गर्भवती महिला सुदामा देवी को लेकर लावालौंग में अवैध तरीके से संचालित मुन्ना कुमार के क्लीनिक में पहुंच गई।

जहां सुदामा का प्रसव समय से पूर्व आठवें महीने में ही करवा दिया गया। नतीजा यह हुआ कि बेहद कमजोर बच्चे का जन्म हुआ। उसकी स्थिति इतनी नाजुक हो गई की आनन फानन में उसे बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग ले जाना पड़ा। जहां बच्चे की हालत नाजुक बनी हुई है और वहां बच्चे की मां को बुलाया जा रहा था। इस बीच सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बच्चे की मां सुदामा देवी को क्लीनिक के संचालक मुन्ना कुमार यह कह कर रोक लिया कि जब तक मेरा पूरा पेमेंट नहीं हो जाता है तब तक मैं बच्चे की मां को अपने क्लीनिक से नहीं जाने दूंगा। हालांकि बाद में पुलिस में मामला दर्ज करने की बात पर मुन्ना नें बच्चे की मां को अपने क्लीनिक से डिस्चार्ज कर दिया।

इस बावत सहीया सरिता देवी से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि होली का दिन होने के कारण लावालौंग अस्पताल में कोई भी नहीं था। जिसके कारण मैं महिला को मुन्ना के पास लेकर गई। वहीं पूछे जाने पर मुन्ना कुमार नें मीडिया कर्मियों के साथ भी अभद्र व्यवहार करते हुए कहा कि मैं किसी को अपने क्लीनिक में नहीं बुलाता हूं।

उत्तर कोयल मुख्य नहर पर पुलिया जर्जर, दुर्घटना होने की आशंका बढ़ी

हुसैनाबाद। पलामू जिले के हैदरनगर प्रखंड से गुजर कर अन्य राज्य जाने वाली सड़क पर पुरानी पुलिया जर्जर हो गई है। सड़क हैदरनगर से पंसा पलामू गढ़वा के अलावे छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश को जोड़ती है। वर्तमान में पुरानी पुलिया पर बड़ी- बड़ी हाइवा भी चल रही है। जिससे पुलिया कभी भी टूट सकती है और बड़ा दुर्घटना हो सकता है। इस सड़क मार्ग में कोसियारा के समीप उत्तर कोयल नदी से निकलने वाली उतर कोयल मुख्य नहर पर पूर्व से बनी पुलिया काफी जर्जर हो गया है। ग्रामीणों ने बताया कि नहर पर पूर्व से पुलिया निर्माण था, किंतु अब उक्त स्थान पर पुर्ननिर्माण नहीं किया जा रहा है । उक्त स्थान से आधा किलोमीटर की दूरी पर बलडीहरी गांव के सामने पुलिया का निर्माण किया गया है। ग्रामीणों ने बताया कि पुलिया पुनरनिर्माण होने से उसकी दूरी आधा किलोमिटर की दूरी कम हो जाएगी।

पुलिस ने 5.65 ग्राम हेरोइन के साथ दो युवकों को किया गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। शहर थाना की पुलिस ने नशीले पदार्थ की खरीद विक्री कर रहे दो युवकों को गिरफ्तार कर शुक्रवार को जेल भेज दिया है। इस संबंध में शहर थाना प्रभारी देवव्रत पोद्दार ने बताया कि लोक सभा चुनाव के अवसर पर विधि व्यवस्था तथा अपराधियों के विरूद्ध आसूचना संकलन हेतु थाना के अन्य पुलिस पदाधिकारी एवं बल के साथ गश्ती के दौरान गुप्त सूचना मिली कि बीएन कॉलेज मैदान में सुनसान स्थान पर रोहित नामक युवक अपने एक दोस्त के साथ मिलकर हैरोईन खरीद बिक्री कर रहा है। गुप्त सूचना के आधार पर वरीय पदाधिकारी को अवगत कराते हुए वरीय पदाधिकारी के निदेर्शानुसार अंचलाधिकारी, सदर मेदिनीनगर के नेतृत्व में टीम का गठन करते हुए हमीदगंज बीएन कॉलेज मैदान

के पास पहुंचा। पुलिस जब वहा पहुंची तो पुलिस को देख दोनों व्यक्ति वहा से भागने का प्रयास करने लगे। यह देख साथ मौजुद पुलिस पदाधिकारी एवं सशस्त्र बल के सहयोग से घेराबंदी करते हुए दोनों व्यक्तियो को पकड़ा गया। दोनों व्यक्तियों से भागने का कारण पुछने पर दोनों के द्वारा कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिये गए। इसके बाद पुलिस के द्वारा उन दोनों की तलाशी ली गई।

तलाशी के दौरान दोनों व्यक्तियों के पास से अलग अलग करीब 5.65 ग्राम हेरोईन की पुड़िया बरामद की गई। बरामद मादक पदार्थ के संबंध में उपरोक्त दोनों व्यक्तियों द्वारा कोई वैधानिक कागजात प्रस्तुत नहीं किये जाने के पश्चात बरामद मादक पदार्थ को जप्त किया गया। गिरफर व्यक्तियो में रोहित रंजन उम्र 35 वर्ष पिता राविलास राम, सा० अघोर आश्रम हरिजन कॉलोनी और आलोक कुमार गुप्ता उम्र 18 वर्ष पिता अजय प्रसाद गुप्ता, सा० सोनपुरवा रामबान तलाब के पास, थाना व जिला गढ़वा का नाम शामिल है। मादक पदार्थ खरीदने और बेचने के आरोप में दोनों व्यक्तियों को गिरफ्तार कर शुक्रवार को जेल भेज दिया गया है।

अपराधियों ने किसान को मारी गोली, स्थिति गंभीर

मामले की छानबीन में जुटी पुलिस

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। पलामू जिले में बीते एक सप्ताह में अंदर अपराध की कई वारदातें हो चुकी है। गुरुवार की रात पांकी थाना क्षेत्र में अपराधियों ने एक और बड़ी घटना को अंजाम दिया है। जानकारी के अनुशार पांकी थाना क्षेत्र के हरैया गांव के कांदू टोला में अपराधियों ने किसान कैलू साव को गोली मारकर घायल कर दिया गया है। जिसके बाद उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। फिलहाल पुलिस इस मामले की छानबीन कर रही है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि किसान कैलू साव अपनी पत्नी के संग घर के बाहर सोया हुआ था। उसी वक्त कुछ लोग दिवार फांदकर उनके घर आए और उनकी गर्दन पर गोली मार चलते बने। गोली की आवाज सुनकर उनकी पत्नी ने आसपास के लोगों

को आवाज दी। इसके बाद आस पास के लोग घटनास्थल पर जमा हुए और आनन फानन में उसे पांकी के समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने उनकी गंभीर देखते हुए एमएमसीएच में रेफर कर दिया। पत्नी का कहना है कि गोली उनके कंधे को छूकर गयी है। घटना की जानकारी मिलने के बाद प्रशिक्षु डीएसपी गौरव गोस्वामी और पांकी थाना प्रभारी उत्तम तिवारी घटनास्थल पर पहुंचे और आसपास के लोगों से मामले की जानकारी ली। पुलिस ने कहा है कि पीड़ित परिजनों का बयान दर्ज कर लिया गया है। मामले की छानबीन जारी है। जल्द ही अपराधी पुलिस की गिरफ्त में होंगे।

भू माफिया-पुलिस गठजोड़ से गरीबों को उजाड़ने का हो रहा प्रयास : रुचिर

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। आज भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी के जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रूचिर कुमार तिवारी एआइएसएफ के जिला सचिव मृत्युंजय तिवारी ने बारालोटा क्षेत्र के हनुमान नगर का दौरा किया एवं जनसंपर्क अभियान किया तथा लोगों की जन समस्याओं से अवगत हुआ इसी क्रम में यह पाया कि बारालोटा निवासी दलित परिवार अनिल राम वगैरह के सैकड़ो परिवार और उनके वंशज वर्षों से रहते आ रहे हैं।

1955 में पलामू आयुक्त के द्वारा भूदान कमेटी के माध्यम से मिला जमीन पर घर मकान बनाकर दर्जनों लोग रह रहे हैं जिसमें अरहर का फसल भी वर्तमान समय में लगा हुआ उसी जमीन को स्थानीय भू माफिया पुलिस प्रशासन को मेल में लेकर गरीब दलितों को

उजाड़ने का प्रयास कर रही है उनके इस मंसूबे को भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी कभी पूरा नहीं होने देगी। साथ ही साथ पलामू पुलिस से उन्होंने अपील किया कि जमीन के मामले को पलामू पुलिस हल्के में न लें और भूमाफियाओं पर तुरंत कार्रवाई करें अन्यथा पुलिस के लापरवाही के चलते बड़ी घटना घट जाती है। जो आए दिन पलामू में काफी बढ़ गई है भू माफिया गरीब दलितों की जमीन को एग्रीमेंट के माध्यम से धड़ल्ले से पुलिस एवं अंचलाधिकारी को मेल में लेकर कब्जा कराकर एग्रीमेंट करके बेच रहे हैं जिसमें गरीब उजड़ने को विवश हो जा रहे हैं और बाद में हत्या तक हो जा रही है। जिला सचिव श्री तिवारी ने कहा कि किसी भी कीमत पर गरीबों दलितों को उनके घर एवं जमीन से बेदखल नहीं होने दिया जाएगा।

पलामू में बढ़ रहा है अपराधियों का मनोबल : कौशल किशोर

मेदिनीनगर। आम आदमी पार्टी के नेता कौशल किशोर बच्चन ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है की पलामू जिले में अपराधियों द्वारा गोली चलाना आम बात हो चुका है।अपराधियों का मनोबल इतना बढ़ गया है कि दिनदहाड़े गोली चला दे रहे हैं पलामू प्रशासन मुक दर्शक बनकर देख रही है पलामू विधायक जनप्रतिनिधि मौन बैठे हैं ना ही उन्हें जनता की सुरक्षा का ख्याल है,ना ही नियम कानून का किसान से लेकर मुखिया तक को लोग गोली मार दे रहे हैं अपराधियों के मंसूबा इतनी बढ़ गई है कि वह घर में घुसकर लोगों को दिन दहाड़े गोली मार दे रहे हैं महीनों दिन के भीतर दर्जनों ऐसी घटनाएं पलामू के हृदयस्थली मेदिनी नगर वह पांकी प्रखंड में में घट चुकी है पूरे जिले के लोग खौफ में जीने को मजबूर हैं हत्या और चोरी की घटना पलामू में आम बात हो गई है एक ही प्रखंड एक ही पंचायत में लगातार चोरी की घटना हो रही

है प्रशासन का रवैया सही नहीं इस तरह की घटना का लगातार घटित होना प्रशासनिक कार्यशैली पर सवाल पैदा करता है सरकार शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए पुलिस प्रशासन की व्यवस्था की है पुलिस प्रशासन हर गतिविधि में फेल नजर आ रहे हैं विद्यालयों से लेकर आम घरों में भी लगातार चोरी की घटनाएं खबरों में छपती रही है ना ही प्रशासन की गतिविधि तेज हुई और ना आपराधिक मामला कम हुआ दिन-ब-दिन अपराधिक घटनाये बढ़ते जा रही है कम होने का नाम नहीं पलामू में प्रशासन का खौफ कम होता नजर आ रहा है।

एमके डीएवी में झारखंड जोन आई के शिक्षकों की क्षमता संवर्धन कार्यशाला का हुआ शुभारंभ

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। एम.के डी.ए.वी पब्लिक स्कूल डालटनगंज में डी.ए.वी.सी.ए.ई के तत्वाधान में त्रिदिवसीय क्षमता संवर्धन कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। यह कार्यक्रम 29 मार्च से प्रारंभ होकर 31 मार्च 2024 को समाप्त होगा । इस कार्यक्रम में डी.ए.वी पब्लिक स्कूल झारखंड क्षेत्र आई के अंतर्गत 6 जिलों के कुल आठ विद्यालयों के शिक्षक प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे, जिसमें डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल गुमला, सिमडेगा, लोहरदगा, लातेहार गढ़वा,भवनाथपुर एवं मेदिनी नगर के शिक्षक भाग लेंगे। कार्यक्रम का शुभारंभ डी.ए.वी की परंपरा अनुसार अतिथियों को वेद मंत्रोच्चार के साथ तिलक लगाकर एवं पुष्प गुच्छ देकर स्वागत के साथ

हुआ। तत्पश्चात मुख्य अतिथि एवं समस्त विद्यालयों के आगंतुक प्राचार्यों ने गायत्री मंत्र कर के साथ दीप प्रज्वलित किया। डी.ए.वी. गान का समूह गायन भी हुआ।

इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नगर के सम्मानित व्यवसायी एम.के.डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल डालटेनगंज के स्थानीय प्रबंध समिति के उपाध्यक्ष सह भूमि प्रदाता श्री सतवीर सिंह राजा थे। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि विद्यादान सर्वोत्तम दान है । आप सभी इस पुनीत कार्य में लगे हैं, किंतु आज बदलते समय के साथ अनेक चुनौतियां भी खड़ी हैं जिन्हें पार करने हेतु इस तरह के प्रशिक्षण कार्यक्रम अत्यंत आवश्यक हैं । मैं आप सभी को शुभकामना देता हूं।

डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल झारखंड क्षेत्र आई के सहायक क्षेत्रीय अधिकारी सह एम.के.डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल डालटेनगंज के प्राचार्य डॉक्टर जी.एन.खान ने आगंतुक अतिथियों एवं प्रशिक्षणार्थियों का स्वागत किया । उन्होंने अपने उद्बोधन की शुरूआत उपनिषद के मंत्र ''असतो मां सद्गमय.....'' से किया। उन्होंने बताया कि बदलते समय में पाठ्यक्रम एवं शिक्षण तकनीकि में तेजी से बदलाव हो रहा है। ऐसे में सी.बी.एस.ई. ने 50 घंटे के शिक्षक - प्रशिक्षण को अनिवार्य किया है। डी.ए.वी सी.ए.ई.एक इकलौती गैर सरकारी संस्था है, जिसे सी.बी.एस.ई ने इस हेतू अधिकृत किया है।

मेदिनी राय मेडिकल कॉलेज में अध्ययन के लिए 'बॉडी' का टोटा

मेदिनीनगर। मेदिनी राय मेडिकल कॉलेज में ''बॉडी'' का टोटा पड़ा है। इस समय इस मेडिकल कॉलेज में केवल दो ही ''बॉडी'' है। यह ''बॉडी'' मेडिकल के छात्र छात्राएं अपनी मेडिकल के पढ़ाई के चीर फाड़ को करते और समझते हैं।यह विभाग शरीर संरचना विभाग कहलाता है लेकिन आम जनों में इसे एनाटॉमी विभाग कहा जाता है। मेदिनी राय मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर कर्मेंद्र प्रसाद ने प्रेस को बताया के इस समय इस मेडिकल कॉलेज में केवल दो ''बॉडी'' है। एक''बॉडी'' को बचाकर रखा गया है उस पर अभी छात्र छात्राएं चीरफाड़ नहीं सीख रहे हैं। यह बॉडी बचाकर रखी गई है 2024 यानी इसी साल मेडिकल कॉलेज में प्रथम वर्ष में नाम लिखने वाले छात्र-छात्राओं के लिए सुरक्षित है। जो एक और बॉडी है उस पर 100 लड़के लड़कियां सर्जरी या चिरफाड का काम अपने शिक्षक की मौजूदगी में किया कर रहे हैं।

पेज एक के शेष

खरगे से मिले ...

मायने निकल रहे हैं। रांची में रामटहल चौधरी के एक करीबी ने बताया कि रांची लोकसभा सीट पर अंतिम बात होनी है। लेकिन खरगे से उनके दानों मुलाकात के दौरान रांची सीट से कांग्रेस के पूर्व सांसद सुबोधकांत सहाय जानबुझकर इन मुलाकातों के दौरान मौजूद रहे ताकि इस विषय पर कोई बात नहीं हो सके। वहीं कांग्रेस सूत्रों का दावा है कि रामटहल के पार्टी में आने के बाद भी सुबोधकांत सहाय ही कांग्रेस की पहली पसंद हैं। हां राहुल गांधी की सोच अभी स्पष्ट नहीं है लेकिन वह इन दोनों नाम से संतुष्ट नजर नहीं आ रहे हैं। वहीं प्रदेश कांग्रेस के एक पूर्व अध्यक्ष ने नाम नहीं छापने के शर्त पर कहा कि पार्टी इन दोनों दावों से इतर किसी ऊर्जावान नौजवान पर दांव खेल सकती है। ताकि पार्टी को लंबे समय के लिए राजधानी में एक नया चेहरा मिल सके।

भाजपा तमिलनाडु में...

सरकार की सभी योजनाओं पर अपनी योजनाओं के स्टीकर भी चिपकाते हैं, इसलिए भाजपा के सभी कार्यकताओं का कर्तव्य बनता है कि वे जनता को योजनाओं और उनके लाभों के बारे में जागरूक करें। इससे तमिलनाडु के लोगों में विश्वास पैदा होगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि कार्यकर्ताओं से जुड़ा कार्यक्रम उन्हें आनंद से भर देता है। उन्होंने स्वयं एक कार्यकर्ता के रूप में लंबे समय तक काम किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा की तमिलनाडु टीम के सभी सदस्य लंबे समय से शानदार काम कर रहे हैं। 'मेरा बूथ, सबसे मजबूत' का ये प्रोग्राम एक-दूसरे से कनेक्ट करने का और एक-दूसरे से सीखने का कार्यक्रम है।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

एक नजर

सीरिया में इजरायली हवाई हमले में 36 सैन्यकर्मियों की मौत

दमिश्क। सीरिया के उत्तरी शहर अलेप्पो में शुक्रवार तड़के सैन्य ठिकानों को निशाना बनाकर किए गए इजरायली हवाई हमलों में छत्तीस सीरियाई सैन्यकर्मी मारे गए। सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स के अनुसार, इजरायल ने अलेप्पो अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के पास जिब्रिन क्षेत्र में हिजबुल्लाह के गोदाम पर हमला किया। ब्रिटेन स्थित निगरानी समूह ने कहा कि हमले लगभग तीन घंटे तक उत्तरी अलेप्पो के ग्रामीण इलाकों में हुए। इजरायली हवाई हमलों के कारण सीरियाई सैन्य कर्मियों की सबसे अधिक मौतें हुईं।

ईडी ने अमोल कीर्तिकर को 8 अप्रैल को पूछताछ के लिए बुलाया

मुंबई। ईडी ने मुंबई उत्तर-पश्चिम लोकसभा सीट से पार्टी के उम्मीदवार शिव सेना (यूबीटी) नेता अमोल जी. कीर्तिकर को 8 अप्रैल को पूछताछ के लिए नया समन जारी किया है। ईडी ने उन्हें मुंबई पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) द्वारा उजागर 'खिचड़ी घोटाले' में कथित धन-शोधन मामले की जांच के लिए बुलाया है। 27 मार्च को जारी पहले समन के बाद, 52 वर्षीय कीर्तिकर ने अल्प सूचना और कुछ पूर्व प्रतिबद्धताओं का हवाला देते हुए समय मांगा था।

मेडागास्कर में चक्रवात 'गैमेन' से 14 की मौत

एंटानानारिवो। मेडागास्कर में चक्रवात 'गैमेन' के कारण 14 लोगों की मौत हो गई और तीन घायल हो गए। वहीं, तीन लोग अभी भी लापता हैं। इसकी जानकारी मेडागास्कर के मौसम अधिकारियों ने दी। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के हवाले से गुरुवार को मेडागास्कर के राष्ट्रीय जोखिम और आपदा प्रबंधन कार्यालय ने कहा कि गैमेन ने बुधवार सुबह मेडागास्कर के उत्तरी सिरे पर दस्तक दी।

अमेरिकी सेना ने कहा, हैथी के चार ड्रोनों को मार गिराया

सना। अमेरिकी सेना ने यमन में हौथी समूह द्वारा लॉन्च किए गए चार ड्रोनों को मार गिराया है। इसकी जानकारी खुद अमेरिकी सेना ने दी। यूएस सेंट्रल कमांड ने एक बयान में कहा, इन ड्रोनों से लाल सागर में एक अमेरिकी-ब्रिटिश गठबंधन जहाज और एक अमेरिकी युद्धपोत को निशाना बनाया गया था। यह अमेरिकी नौसैनिक जहाजों पर हमलों का दूसरा दिन है। गठबंधन ने बुधवार को लाल सागर में अमेरिकी युद्धपोत को निशाना बनाने वाले चार ड्रोनों को रोका और मार गिराया।

एआईएसएफ समर्थकों पर हमले के बाद संदेशखाली में तनाव

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में बरमजुर इलाके में शुक्रवार को ऑल इंडिया सेक्युलर फ्रंट (एआईएसएफ) के कार्यकर्ताओं ने पार्टी का झंडा फहराने की कोशिश की, जिसके बाद उन पर हमला किया गया। इस घटना से इलाके में तनाव फैल गया है। एआईएसएफ कार्यकर्ताओं पर हमला करने का आरोपी स्थानीय तृणमूल कांग्रेस का निलंबित नेता शेख शाहजहां है। इलाके में तृणमूल नेता को 'छोटा शेख शाहजहां' के नाम से जाना जाता है। वह सत्ताधारी पार्टी का एक प्रभावशाली कार्यकर्ता भी है। उस पर 5 जनवरी को संदेशखली में ईडी और सीएपीएफ टीमों पर हमला करने का भी आरोप है। अब राज्य के राजनीतिक हलकों में शाहजहां की गिरफ्तारी के बावजूद संदेशखाली में जारी आतंक को लेकर सवाल उठ रहे हैं।

मोदी ने बिल गेट्स को दिए अच्छी जीवन शैली के मंत्र

मेरा शरीर कम आराम करने का आदी हो गया है : पीएम मोदी

एजेंसी। नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने माइक्रोसॉफ्ट के सह-संस्थापक बिल गेट्स के साथ बातचीत में न केवल एआई, जलवायु परिवर्तन, स्वास्थ्य सेवा और डिजिटल समावेशन पर चर्चा की, बल्कि उन्हें व्यस्त समय में आंतरिक शांति पाते हुए स्वस्थ रहने के बारे में कुछ उपयोगी सुझाव भी दिए। जब अरबपति ने पीएम मोदी से पूछा कि लगभग चौबीस घंटे काम करने के बावजूद वह इतनी ऊर्जा का स्तर कैसे बनाए रखते हैं, तो प्रधानमंत्री ने जवाब दिया, मुझे अपने शिक्षकों द्वारा सिखाई गई आध्यात्मिक अभ्यास से आंतरिक शांति मिलती है जो मुझे ऊजार्वान बनाती है। यह ऊर्जा शारीरिक शक्ति से नहीं बल्कि मेरे समर्पण और काम करने की भावना से उत्पन्न होती है। प्रधानमंत्री ने कहा, मेरा शरीर कम आराम करने का आदी हो गया है। मैं कम घंटे सोता हूं, देर रात तक काम करता हूं, फिर भी जल्दी उठता हूं, तरोताजा महसूस करता हूं। यह आंशिक रूप से हिमालय में बिताए समय से आया है, जहां मैंने सुबह-सुबह नहाना शुरू किया था। परिणामस्वरूप, मुझे आराम करने के लिए पारंपरिक तरीकों की आवश्यकता नहीं है।

बाजरे को बढ़ावा देना आगे बढ़ने का एक बड़ा तरीका

जब गेट्स ने पीएम मोदी से पूछा कि बाजरा वैश्विक स्तर पर शाकाहारी भोजन को देखने के तरीके को कैसे बदल रहा है। तो प्रधानमंत्री ने कहा कि बाजरा को बढ़ावा देना आगे बढ़ने का एक बड़ा तरीका हो सकता है, क्योंकि इसे अपनाने से कई स्वास्थ्य लाभ हो सकते हैं।

पीएम मोदी ने कहा, मैंने बाजरा उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि देखी है। कई प्रतिष्ठित कंपनियां अब बाजरा-आधारित उत्पादों की पेशकश कर रही हैं, इसके मूल्य को बढ़ा रही हैं और इसे ट्रेंडी बना रही हैं। यहां तक कि पांच सितारा होटलों ने भी विशेष बाजरा मेनू पेश किए हैं। और यह आजीविका में सुधार कर रहा है।

प्रधानमंत्री ने आगे बताया, बाजरा एक सुपरफूड है। मैंने संयुक्त राष्ट्र के साथ 2023 को बाजरा वर्ष के रूप में मनाया। बाजरा के बहुत फायदेमंद हैं। यह बंजर भूमि में उगता है। इसे न्यूनतम पानी की आवश्यकता होती है और किसी भी उर्वरक की आवश्यकता नहीं होती है।

पोस्टमार्टम के बाद माफिया मुख्तार अंसारी का शव गाजीपुर भेजा गया

पूरे यूपी में धारा 144 लागू, 26 वाहनों का काफिला पुलिस सुरक्षा में गाजीपुर के लिए निकला

बेटे अब्बास अंसारी के पेरोल की अर्जी को हाईकोर्ट ने सुनने से मना कर दिया

एजेंसी। बांदा

माफिया मुख्तार अंसारी का पोस्टमॉर्टम पूरा होने के बाद शुक्रवार को उसका शव लेकर काफिला गाजीपुर के लिए रवाना हो गया है। शव को लाने की तैयारियां पहले से ही शुरू हो गई थीं। उनका बेटा उमर इस दौरान मौजूद रहा। अब्बास की पत्नी निखत भी पोस्टमॉर्टम हाउस पहुंची हैं। बताया जा रहा है कि नमाज के बाद शव शनिवार को सुपुर्द-ए-खाक होगा। परिवार को शव मिलने के बाद 26 वाहनों का काफिला पुलिस सुरक्षा में गाजीपुर के लिए निकल गया है। बांदा, चित्रकूट और वाराणसी होते हुए मुख्तार का शव गाजीपुर पहुंचेगा। जेल में बंद दूसरे बेटे अब्बास अंसारी की तरफ से पेरोल की अर्जी को हाईकोर्ट ने सुनने से मना कर दिया है। ज्ञात हो कि उत्तर प्रदेश की बांदा जेल में बंद माफिया मुख्तार अंसारी की गुरुवार देर रात मौत हो गई थी। परिजनों की ओर से दी गई सूचना के अनुसार, परिवार का गाजीपुर जिले के काली बाग में पारिवारिक कब्रिस्तान है। वहीं पर मुख्तार को सुपुर्द-ए-खाक करने की तैयारी की जा रही है। जिले में भारी सुरक्षा-व्यवस्था भी की गई है। प्रशासन की ओर से पूरे उत्तर प्रदेश में धारा 144 लागू कर दी गई है। इसके अवाला बड़ी संख्या में लोगों के एकत्रित होने पर भी अंकुश लगा दिया गया है। बांदा, मऊ, गाजीपुर और वाराणसी जिले में बड़ी संख्या में सुरक्षाबलों को तैनात कर दिया गया है।

मुख्तार अंसारी की मौत की मजिस्ट्रियल जांच के आदेश

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार ने मुख्तार अंसारी की हत्या के मामले में मजिस्ट्रियल जांच के आदेश दिए हैं। उत्तर प्रदेश सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि तीन सदस्यीय समिति मौत की जांच करेगी। मुख्तार अंसारी के बेटे उमर अंसारी ने दावा किया है कि उनके पिता को जेल में स्लो प्वाइजन दिया गया। इसी तरह का दावा मुख्तार अंसारी के भाई और गाजीपुर के सांसद अफजल अंसारी ने भी किया है, लेकिन अधिकारियों ने इन आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया है। बता दें कि बीते दिनों मुख्तार अंसारी ने बाराबंकी कोर्ट में एक अप्लिकेशन दाखिल किया था। जिसमें उसने आरोप लगाया था कि उसे जेल में खाने में विषैला पदार्थ मिलाकर दिया जा रहा है। अंसारी ने दावा किया कि 19 मार्च को खाना खाने के बाद उनकी नसों और अंगों में दर्द होने लगा।

अंसारी की मौत के बाद एक पीड़िता का बयान

'बहुत सकून मिला'

मऊ। माफिया मुख्तार अंसारी का अपराध की दुनिया से कितना पुराना रिश्ता रहा है, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि उसके खिलाफ एक या दो नहीं, बल्कि 65 मुकदमे दर्ज थे, जिसमें 18 हत्या के थे। अब मुख्तार अंसारी की मौत के बाद हत्या के एक मामले में मृतक मन्ना सिंह की पत्नी मंजू सिंह ने कहा है कि मुख्तार अंसारी की मौत से उनको बहुत सकून मिला है। मुख्तार अंसारी के खिलाफ लखनऊ, गाजीपुर, चंदौली, वाराणसी, सोनभद्र, मऊ, आगरा, बाराबंकी, आजमगढ़ के अलावा नई दिल्ली और पंजाब में भी मुकदमा दर्ज थे। मऊ जनपद के शहर के नरइबान्ध स्थित यूनियन बैंक के पास 29 अगस्त 2009 को ठेकेदार अजय प्रकाश उर्फ मन्ना सिंह पर तीन बाइक पर सवार 6 बदमाशों ने गोलियां बरसाई, जिसमें ठेकेदार मन्ना सिंह की मौत हो गई। ठेकेदार का चालक साबिर व इनका साथी राजेश राय को भी गोली लगी थी, जिन्हें वाराणसी में भर्ती कराया गया था। इस मामले में मन्ना सिंह के भाई हरिंदर सिंह ने मऊ सदर से तब के विधायक मुख्तार अंसारी, हनुमान पांडे, कल्लू सिंह और उमेश सिंह के खिलाफ मामला दर्ज किया था।

विपक्षी दलों को मिले आयकर के नोटिस

कांग्रेस को सीताराम केसरी के कार्यकाल 1993-94 के 53 करोड़ देने की नोटिस

कांग्रेस को कुल 1823 करोड़ जमा कराने की नोटिस, जिसका 2019 का चुनाव खर्च था 800 करोड़

टीएमसी को 11 नोटिस

अजय माकन की मांग भाजपा पर भी 4,600 करोड़ रुपये की पेनाल्टी लगे

दिल्ली उच्च न्यायालय ने कार्रवाई को चुनौती देने वाली कांग्रेस की याचिकाएं की खारिज

-ब्यूरो। नई दिल्ली

कांग्रेस पार्टी के कोषाध्यक्ष अजय माकन ने संवाददाता सम्मेलन में आरोप लगाया कि कांग्रेस पार्टी के 14 लाख रुपये पर आयकर नियमों के उल्लंघन के ऊपर आयकर विभाग ने 135 करोड़ रुपये छीन लिए। जबकि 2017-18 में भाजपा ने 1,297 लोगों से चंदा लिया, चंदे की सूची में उन लोगों का कोई पता नहीं लिखा है, केवल नाम लिखा गया है। जबकि नियम है कि चंदा देने वाले का नाम और पता, दोनों होने जरूरी हैं। इस तरह की राशि 42 करोड़ रुपये है। कांग्रेस कोषाध्यक्ष अजय माकन ने आरोप लगाया कि सात वर्ष में भाजपा को मिले चंदे के हिसाब-किताब में कई उल्लंघन एवं अनियमितताएं हैं और लगभग 4,600 करोड़ रुपये की भाजपा पर भी पेनल्टी बनती है।

आयकर विभाग ने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस को 1700 करोड़ रुपये का डिमांड नोटिस जारी किया है। ताजा डिमांड नोटिस आकलन वर्ष 2017-18 से 2020-21 के लिए जारी किया गया है और इसमें जुर्माना और ब्याज शामिल है। भाजपा कह रही है कि कांग्रेस ने डोनेशन लेने के नियमों का उल्लंघन किया है। जबकि कांग्रेस पार्टी का आरोप है कि चुनाव के मौके पर उसके (कांग्रेस) बैंक खाते फ्रीज किए जा रहे हैं। मोदी सरकार का यह कदम देश की स्वस्थ लोकतांत्रिक प्रक्रिया को बाधित करने का प्रयास है। बीते गुरुवार को दिल्ली उच्च न्यायालय ने कांग्रेस के खिलाफ चार साल के लिए पुनर्मूल्यांकन की कार्यवाही के आयकर विभाग के आदेश को चुनौती देने वाली कांग्रेस पार्टी की याचिका खारिज कर दी थी। दिल्ली उच्च न्यायालय ने अलग-अलग आकलन वर्षों से संबंधित चार याचिकाएं खारिज कर दीं। ये याचिकाएं मूल्यांकन वर्ष 2017-18, 2018-19, 2019-20 और 2020-21 से संबंधित थीं। इससे पहले 22 मार्च को, अदालत ने 2014-15, 2015-16 और 2016-17 के आकलन वर्षों के लिए आयकर विभाग द्वारा शुरू की गई पुनः मूल्यांकन कार्यवाही को चुनौती देने वाली कांग्रेस द्वारा दायर याचिकाओं को खारिज कर दिया था। अदालत ने कांग्रेस पार्टी को अपनी शिकायतों के साथ नए सिरे से आईटीएटी में जाने की स्वतंत्रता दी है। देश की सबसे पुरानी पार्टी ने हाल ही में आयकर वसूली के खिलाफ आईटीएटी का दरवाजा खटखटाया था, और उनके बैंक खातों की वसूली और फ्रीज करने की आयकर विभाग की कार्यवाही पर रोक लगाने की भी मांग की थी।

एनआईए ने 8वें आरोपी के खिलाफ सप्लीमेंट्री चार्जशीट दायर की

नई दिल्ली। एनआईए ने शुक्रवार को युवाओं को कट्टरपंथी बनाने और प्रतिबंधित संगठन, सीपीआई को समर्थन देने से संबंधित साजिश मामले में आठवें आरोपी के खिलाफ विशाखापट्टनम की एक विशेष अदालत में सप्लीमेंट्री चार्जशीट दायर की। आरोपी की पहचान रामक्कागिरी चंद्र के रूप में हुई है। एजेंसी ने आरोपी पर अपनी पहली सप्लीमेंट्री चार्जशीट में आईपीसी, गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम और शस्त्र अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत आरोप लगाए हैं। एनआईए के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, "आरोपी सीपीआई के प्रमुख संगठन प्रगतिशील कार्मिक समाख्या (पीकेएस) की राज्य समिति का सदस्य था।" अधिकारी ने कहा, रामक्कागिरी चंद्र के पास सीपीआई द्वारा उपलब्ध कराई गई एक पिस्तौल और गोला-बारूद मिला। अधिकारियों के अनुसार, एनआईए की जांच से पता चला कि चंद्र ने प्रतिबंधित संगठन की गतिविधियों को आगे बढ़ाने के लिए सीपीआई के अंडरग्राउंड लीडर्स के साथ साजिश रची थी। अधिकारी ने कहा, सीपीआई कैडरों द्वारा रची गई बड़ी साजिश के तहत, चंद्र ने आंध्र प्रदेश के कुटीगल्ला गांव में मारे गए माओवादी नेता एस.ए रऊफ की एक प्रतिमा भी बनवाई थी।

बांग्लादेशी किशोर को न्यूयॉर्क पुलिस ने गोली मारी, मौत

न्यूयॉर्क। पुलिस ने मानसिक संकट से जूझ रहे एक बांग्लादेशी किशोर की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस के अनुसार किशोर ने उन पर कैंची से हमला किया था और उसके पास अपनी रक्षा के लिए उसे गोली मारने के अलावा कोई अन्य विकल्प नहीं था। न्यूयॉर्क पुलिस गश्ती प्रमुख जॉन चेल ने एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि बुधवार दोपहर 19 वर्षीय विन रोजारियो ने आपातकालीन पुलिस लाइन को एक कॉल किया। चेल ने बताया कि पुलिस जब रोजारियो के घर पहुंची, तो उसने उन पर कैंची से हमला कर दिया।

पाक विदेश कार्यालय ने भारत के साथ व्यापार फिर से शुरू करने के विदेश मंत्री के प्रस्ताव का किया समर्थन

एजेंसी। इस्लामाबाद

भारत के साथ व्यापार फिर से शुरू करने को लेकर पाकिस्तान से लगातार आवाजें उठ रही हैं। एक हफ्ते के अंदर पहले पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार और अब पाकिस्तान विदेश कार्यालय ने भारत के साथ व्यापार फिर से शुरू करने के प्रस्ताव पर बात की है। डॉन की रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान विदेश कार्यालय की प्रवक्ता मुमताज जहरा बलूच ने कहा कि विदेश कार्यालय भारत के साथ व्यापार फिर से शुरू करने के प्रस्ताव की समीक्षा कर रहा है।

भारत के साथ व्यापार पर प्रतिबंधों की समीक्षा में रुचि व्यक्त करने वाले व्यापारिक समुदाय के बारे में डार के एक बयान को याद करते हुए, प्रवक्ता ने कहा, ऐसे प्रस्तावों की जांच विदेश मंत्रालय सहित पाकिस्तान सरकार द्वारा समय-समय पर की जाती रहती है।

प्रवक्ता ने कहा कि अभी तक इस मुद्दे पर पाकिस्तान के रुख में कोई बदलाव नहीं आया है। 24 मार्च को, डार ने कहा था कि भारत के साथ व्यापार पर विचार किया जाएगा। उन्होंने इस संबंध में व्यापारिक समुदाय की मांग का भी जिक्र किया था। पिछले साल दिसंबर में, पाकिस्तान के पूर्व पीएम और पीएमएल-एन सुप्रीमो नवाज शरीफ ने पड़ोसियों के साथ पाकिस्तान के संबंधों को बेहतर बनाने की जरूरत पर जोर देते हुए कहा था, हमें भारत और अफगानिस्तान के साथ भी अपने संबंधों को बेहतर करना होगा।

जम्मू-कश्मीर में खाई में गिरी कैब, 10 की मौत

जम्मू। जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक कैब खाई में गिर गई। इसके चलते दस लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि शुक्रवार तड़के यात्रियों से भरी एक कैब रामबन जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग पर बैटरी चश्मा के पास चालक के वाहन से नियंत्रण खोने के चलते गहरी खाई में गिर गई। अधिकारियों ने कहा, "दुर्घटनास्थल से 10 शव बरामद किए गए हैं। दुर्घटना की सूचना मिलने के बाद तुरंत पुलिस, एसडीआरएफ और त्वरित प्रतिक्रिया टीम (क्यूआरटी) की टीमों को मौके पर भेजा गया।"

खत्म हुआ मोजाम्बिक व तंजानिया की नौसेनाओं के साथ भारत का अभ्यास

तीनों नौसेनाओं को क्षेत्र में समुद्री सुरक्षा को मजबूत करने के लिए मौके मिले

एजेंसी। नई दिल्ली

मोजाम्बिक और तंजानिया की नौसेनाओं के साथ भारत का समुद्री अभ्यास आईएमटी ट्रिलैट खत्म हो गया है। नाकाला, मोजाम्बिक में एक सप्ताह तक चले इस अभ्यास ने तीनों देशों के बीच समुद्री सहयोग और अंतरसंचालनीयता को बढ़ाने के महत्व को रेखांकित किया। भारतीय युद्धपोत आईएनएस तीर और सुजाता ने संयुक्त अभ्यास, प्रशिक्षण सत्रों और सहयोगात्मक गतिविधियों में हिस्सा लिया। अभ्यास के दौरान तीनों नौसेनाओं

को क्षेत्र में समुद्री सुरक्षा को मजबूत करने और क्षमताओं को बढ़ाने के लिए मौके मिले। मोजाम्बिक के नाकाला बंदरगाह पर सप्ताह भर चलने वाला यह अभ्यास भारत, मोजाम्बिक और तंजानिया की नौसेनाओं के बीच 21 मार्च को शुरू हुआ था। आईएमटी ट्रिलैट अभ्यास का बंदरगाह चरण 21 से 24 मार्च तक चला, जिसमें जांजीबार में आईएनएस तीर पर और आईएनएस सुजाता पर मापुटो में गहन प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए गए। इन गतिविधियों में विजिट, बोर्ड, खोज और जब्ती, क्षति नियंत्रण और अग्निशमन अभ्यास, संचार प्रक्रियाओं और सीपीआर प्रदर्शन और हताहत निकासी के साथ चिकित्सा व्याख्यान पर महत्वपूर्ण प्रशिक्षण शामिल थे। इसके बाद समुद्री चरण 24 मार्च को शुरू हुआ, जिसमें आईएनएस तीर और आईएनएस सुजाता ने क्रमशः तंजानिया और मोजाम्बिक नौसेनाओं से समुद्री सवारों को शामिल किया। मोजाम्बिक नौसेना के जहाज नामातिली और तंजानिया के नौसैनिक जहाज फतुंडु के साथ क्षेत्रीय नौसेनाओं के साथ महत्वपूर्ण तालमेल और निरंतर प्रयासों का प्रदर्शन किया। समुद्री चरण में रात्रि युद्धाभ्यास भी शामिल थे। समुद्री सवारों को पुल की निगरानी, क्षति नियंत्रण और अग्निशमन का प्रशिक्षण दिया गया।

लोस चुनाव से पहले बीएसएफ ने बंगाल में 7 किलो सोना किया जब्त

कोलकाता। बीएसएफ के दक्षिण बंगाल फ्रंटियर ने लोकसभा चुनाव से पहले एक बड़े अभियान में तीन महिला तस्करों से सात किलोग्राम सोना जब्त किया। साथ ही जवानों ने खेप के डीलर को भी पकड़ने में कामयाबी हासिल की। बीएसएफ के एक अधिकारी ने कहा कि सोने की कीमत लगभग 4.70 करोड़ रुपये है। इसे बांग्लादेश से भारत में तस्करी कर लाया गया था। आरोपियों को सोने सहित राजस्व खुफिया निदेशालय के अधिकारियों को सौंप दिया गया है। अधिकारी ने कहा, "पश्चिम बंगाल के नादिया जिले में गेदे सीमा चौकी पर तैनात 32 बीएन के बीएसएफ कर्मियों को खुफिया शाखा से गेदे-सियालदह लोकल ट्रेन द्वारा सोने की तस्करी के बारे में सूचना मिली थी। सादे कपड़ों में तैनात जवानों ने जैसे ही महिलाओं को इंतजार कर रहे एक व्यक्ति को कुछ पैकेज सौंपते हुए देखा, तभी उन्होंने उन्हें पकड़ लिया।

धमकी देने वाली कॉल के संबंध में दूरसंचार विभाग ने जारी की एडवाइजरी

एजेंसी। नई दिल्ली

दूरसंचार विभाग ने शुक्रवार को लोगों को मोबाइल नंबर बंद करने की धमकी देने वाली कॉल के बारे में एक एडवाइजरी जारी की। नागरिकों को दूरसंचार विभाग के नाम पर कॉल करने वाले धमकी दे रहे हैं कि उनके सभी मोबाइल नंबर काट दिए जाएंगे या उनके मोबाइल नंबरों का किसी गैरकानूनी गतिविधियों में दुरुपयोग किया जा रहा है। दूरसंचार विभाग ने विदेशी मूल के मोबाइल नंबरों (जैसे +92) से अपने आप को सरकारी अधिकारी बताकर लोगों से ठगी करने वाले व्हाट्सएप कॉल के बारे में भी एक एडवाइजरी जारी की है। दूरसंचार विभाग ने कहा, साइबर अपराधी ऐसी कॉल के माध्यम से साइबर अपराध, वित्तीय धोखाधड़ी को अंजाम देने के लिए व्यक्तिगत जानकारी चुराने की कोशिश करते हैं।" दूरसंचार विभाग ने कहा कि वह अपनी ओर से किसी को भी ऐसी कॉल करने के लिए अधिकृत नहीं करता है। विभाग ने लोगों को ऐसी कॉल प्राप्त होने पर कोई भी जानकारी साझा नहीं करने की सलाह दी है। सरकार ने नागरिकों को संचार साथी पोर्टल 'चक्षु-रिपोर्ट सस्पेक्टेड फ्रॉड कम्युनिकेशंस' सुविधा पर इस तरह की धोखाधड़ी की रिपोर्ट करने को कहा है। इसके अलावा नागरिक संचार साथी पोर्टल 'अपने मोबाइल कनेक्शन जानें' सुविधा पर अपने नाम पर मोबाइल कनेक्शन की जांच कर सकते हैं और किसी भी मोबाइल कनेक्शन की रिपोर्ट कर सकते हैं।